केंद्रीय हिंदी निदेशालय : इतिहास के दर्पण में

डा० नरेंद्र व्यास

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार

1986

प्राक्कथन

कुछ नामों में ऐसी चुम्बकीय शक्ति होती है कि उनका उच्चारण सुनते ही सम्पूर्ण ध्यान-शक्ति और एकाग्रता उन्हीं के प्रति समर्पित हो जाती है। 'केंद्रीय हिंदी निदेशालय' के प्रति मेरे अंतर्मन में कुछ ऐसा ही ममत्व और स्नेहिल भाव है। जब भी इसका नाम मन के किसी कोने में अंकुरित हो जाता है तो आज से 27 वर्ष पूर्व की स्मृतियाँ हृदय-पटल पर चलचित्र की भाँति उभरने लगती हैं। यद्यपि 1959 में निदेशालय के पूर्व रूप शिक्षा मंत्रालय के हिंदी प्रभाग में मेरी नियुक्ति संबंधी सभी प्रशासनिक औपचारिकताएँ पूर्ण हो चुकी थीं, किन्तु वर्ष 1960 का पदार्पण होते ही राजधानी की शीतल वायु के सान्निध्य में आने के साथ-साथ मेरा इस कार्यालय से संबंध स्थापित हुआ। 5 जनवरी, 1960 का वह दिन मेरे लिए एक अविस्मरणीय दिन बन गया जब कि मातृभाषा के साथ-साथ राजभाषा हिंदी की सेवा की मधुर कल्पना न केवल भावना का विषय बनी बल्कि जीविका का साधन भी बन गई। दोनों का संयोग एक बहुत बड़ी महत्वाकांक्षा की पूर्ति का संकेत चिह्न सा प्रतीत हुआ। यद्यपि उस समय निदेशालय के जिस कार्य के लिए मेरा चयन किया गया था उसकी परिधि के अन्तर्गत विधि के क्षेत्र में हिंदी के बहुआयामी विकास की परिकल्पना समाहित थी, किन्तु बाद में विधिक क्षेत्र में हिंदी के विकास का उत्तरदायित्व तत्कालीन राजभाषा (विधायी) आयोग को सौंप दिए जाने के कारण यह विषय केंद्रीय हिंदी निदेशालय के कार्यक्षेत्र से बाहर चला गया। अब निदेशालय का उत्तरदायित्व विधि को छोड़कर अन्य सभी विषयों/क्षेत्रों में राजभाषा हिंदी का विकास, प्रचार और प्रसार करना था। यह एक ऐसा क्षेत्र था जिसकी संभावनाएँ अत्यंत व्यापक ही नहीं असीम भी कही जा सकती हैं। भारतीय संविधान द्वारा हिंदी को जहां सर्व प्रभुता सम्पन्न भारतीय गणराज्य की राजभाषा होने का गौरवपूर्ण पद प्रदान किया गया था, वहीं राष्ट्रव्यापी सर्वआयामी कार्यकलापों के निष्पादन का माध्यम बनाने का उत्तरदायित्व भी सौंपा गया था। स्वाभाविक था कि नए उत्तरदायित्वों के वहन के लिए हिंदी को सर्वप्रकारेण सभी क्षेत्रों में समृद्ध किया जाए ताकि वह अपनी महत्ता नए संदर्भों में प्रतिपादित और प्रतिष्ठापित कर सके। इन्हीं आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति करने और भारतीय वाङ्मय की समृद्ध साहित्यिक संपदा से बहुमूल्य रत्नों को प्राप्त कर हिंदी को लाभान्वित और विकसित करने के उद्देश्य से पहली मार्च, 1960 को केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना की गई।

सभी सुविज्ञ पाठक इस तथ्य से भली-भाँति परिचित हैं कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार जहाँ हिंदी को राजभाषा का पद दिया गया है वहीं उसे भारत की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का सशक्त और सक्षम माध्यम बनाने के उद्देश्य से संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 351 में कई अनुदेश भी दिए हैं। यही अनुच्छेद (351) राजभाषा हिंदी के भावी भव्य भवन की आधारशिला है।

यहां इस तथ्य पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है कि संविधान के अनुच्छेद 344 के अनुसार हिंदी के तत्कालीन विकास और प्रसार की स्थिति का मूल्यांकन करके संघ के शासकीय प्रयोजनों के संदर्भ में हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए सुझाव देने के उद्देश्य से 1955 में राजभाषा आयोग बनाया गया था। उसने 1956 में अपने विस्तृत प्रतिवेदन में जो सिफारिशें की थीं उस पर 1957 में बनी संसदीय समिति ने गहराई से विचार किया और समस्याओं का मंथन कर 1959 में अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। जब उसके वास्तविक कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रपति के आदेश की प्रतीक्षा की जा रही थी, सम्भवतः उस समय शिक्षा मंत्रालय को यह ज्ञात था कि संसदीय समिति ने 1959 में जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है उसके अनुपालन के लिए उसे गम्भीर उत्तरदायित्व संभालना ही होगा और हिंदी के विकास के लिए उसे व्यापक व्यवस्था करनी होगी। अतः 27 अप्रैल, 1960 को प्रसारित होने वाले आदेश की प्रतीक्षा किए बिना उसने हिंदी को राष्ट्र की सम्पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी प्रकार से एक समर्थ एवं सक्षम भाषा बनाने के उद्देश्य से 1 मार्च, 1960 को ही केंद्रीय हिंदी निदेशालय नामक महत्वपूर्ण कार्यालय की स्थापना कर दी। तब से लेकर पिछली लगभग चौथाई शताब्दी में राजकीय क्षेत्र में हिंदी का जो विकास हुआ है और उसे जो मर्यादा तथा सम्मान मिला है उसका बहुत कुछ श्रेय प्रत्यक्ष या परोक्षा रूप में इस निदेशालय को दिया जास कता है। यह सत्य है कि पिछले 25-26 वर्षों में इसके कार्यकलापों में परिवर्तन, संशोधन, संवर्धन और अपकर्तन हुआ है फिर भी यह कार्यालय दृढ़ संकल्प, उत्साह और मनोनिवेश के साथ अपना कार्य करता रहा है। इन्हीं कार्यकलापों को ऐतिहासिक, वस्तुपरक और संख्यात्मक दृष्टिकोण से परखने, परिभाषितक रने और परिगणित करने का कार्य इस विवरणिका में किया गया है। सचमुच इसके दर्पण में हम निदेशालय के कार्यों का स्पष्ट चित्र देख सकते हैं और कम से कम उन कामों का तो अवश्य ही जो इस समय निदेशालय में किए जा रहे हैं। यह भी सत्य है कि बहुत से महत्वपूर्ण कार्य कुछ विशेष कारणों से अन्य संगठनों को सौंप दिए गए हैं फिर भी उन संगठनों को प्रारम्भिक गति और दिशा प्रदान करने, भारत में भाषाई एकता का संवर्धन करने और सभी भारतीय भाषाओं के सहज सहयोग से हिंदी से अपेक्षित भावी आंकाक्षाओं की पूर्ति करने का प्रमुख उत्तरदायित्व इस कार्यालय पर है। इस विवरणिका में आपको इन कार्यकलापों की एक झांकी देखने को मिल सकेगी—ऐसा मेरा विश्वास है।

नई दिल्ली
15-8-86

(राजमणि तिवारी)
निदेशक

आत्मालाप

जब केंद्रीय हिंदी निदेशालय की रजत-जयंती मनाने का निश्चय हुआ और उसके लिए संचालन समिति गठित हुई तो उसकी बैठकों में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते समय अन्य बातों के साथ-साथ इस विषय पर भी विचार हुआ कि क्यों न इस अवसर पर निदेशालय की ऐतिहासिक विवरणिका प्रकाशित की जाए। निदेशालय की स्थापना हुए तब पच्चीस वर्ष से ऊपर हो चुके थे।

कार्य-आवंटन के समय इसे तैयार करने का भार मुझ पर डाला गया। संयोग से मैं वर्तमान पदधारियों में निदेशालय का सबसे 'पुरातन पुरुष' (केवल अभिधार्थ में) हूँ। निदेशालय की स्थापना मार्च' 60 में हुई थी। इससे पहले यही काम तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय के हिंदी प्रभाग में होता था। इसी कार्य क्षेत्र से जुड़े रहते हुए मेरी सेवा-अवधि अब तक लगभग तीस वर्ष की हो गई है। इस तरह मैं हिंदी के विकास के लिए निदेशालय से संबंधित प्रायः प्रत्येक कार्य-योजना का निरंतर और नियमित साक्षी रहा हूँ। कदाचित् मेरे इसी प्रबल पक्ष के कारण मुझे यह काम सौंपा गया था।

स्वभाव से मैं पाठक अधिक हूँ, लेखक कम। लिखते समय भी प्रत्येक शब्द को पूरी तरह परख-तौलकर टाँकने की मेरी आदत रही है। अपनी इसी आदत की वजह से मेरे लेखन की मात्रा काल की तुला पर बहुत कम बैठती है। मुझे यह भी स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है कि मैं सहज और उर्वर (प्रोलिफिक अर्थ में) लेखक नहीं हूँ; अधिकतर दबाव में आकर ही लिखता हूँ। इसीलिए जब निदेशालय के कार्यकलाप के इतिहास लेखन का कार्य-भार मुझ पर आ पड़ा तो पहले तो मैंने सामग्री-संकलन का कार्य अत्यंत शैथिल्य से शुरू किया; पर ज्यों-ज्यों निश्चित तिथि पास आती गई और काम की माँग बढ़ती रही, तो 'मरता क्या न करता' के अनुसार कर्त्तव्य-बोध के दबाव वश मैं इसमें अग्रसर और लिप्त हो गया और एक समय तो ऐसा आया कि यथार्थ में खाना-पीना भूल, रात-दिन एक करके इस काम को पूरा कर ही लिया। संतोष है कि अब यह प्रकाशित होकर मूल्यांकन के लिए आपके हाथों में है।

एक ऊहापोह निरंतर बना रहा है। जो कुछ लिखा जाना है, वह केवल इतिवृत्तात्मक हो या उसका साथ-साथ मूल्यांकन भी किया जाए? मैं लगभग आरंभ से ही इस संस्था का अंग रहा हूँ अतः इसका विवरण तो दे सकता हूँ पर इतिहास कैसे लिखूँ? मूल्यांकन के लिए जो तटस्थ दृष्टि चाहिए, उसका वर्तमान परिस्थितियों में मुझमें अभाव माना जा सकता है? मूल्यांकन का प्रयत्न भी करूँ तो सफल हो पाऊँगा या नहीं या फिर हर हालत में मेरा मूल्यांकन अविश्वसनीय ही बना रहेगा? मूल्यांकन के अभाव में मात्र घटनाओं का विवरण या प्रवृत्तियों का आकलन इतिहास कैसे बन पाएगा? यही

मानसिक द्वंद्व लेखन और नामकरण दोनों ही स्थितियों में लगभग स्थायी भाव-सा बना रहा है। पुस्तक का अधिकांश विवरण प्रधान है, इसलिए वस्तुगत सत्य के अधिक निकट है, पर यत्रतत्र आपको व्यक्ति-सापेक्ष दृष्टिकोण भी देखने को मिलेगा। जो भी हो, संतोष इस बात का है कि इतिवृत्तात्मकता के इस ठोस धरातल के नीचे इतिहास की मूल चेतना के रूप में हिंदी के विकास की अंतर्धारा विलुप्त नहीं हो पाई है।

पुस्तक तीन खंडों में विभक्त है। पहले खंड में दो अध्याय हैं जिनमें से एक में निदेशालय की संगठनात्मक तथा प्रशासनिक व्यवस्था का सांगोपांग विवरण उपलब्ध है तो दूसरे में इसके कार्यकलाप का समय-समय पर जो आधिकारिक मूल्यांकन होता रहा है, उसका वर्णन है। निदेशालय में हिंदी विकास की अनेक महत्त्वपूर्ण कोश और अनुसंधान योजनाएँ चलीं या चल रही हैं, उन सबका लेखा-जोखा अध्याय-3 और 4 में दिया गया है। पाँचवें अध्याय में आवधिक प्रकाशनों के साथ-साथ साहित्यिक और साहित्येतर सामयिक प्रकाशनों का विवरण मिलेगा। हिंदी के विकास के साथ-साथ उसका हिंदीतर भाषी प्रदेशों में समुचित प्रचार-प्रसार करना भी निदेशालय के कर्त्तव्यों में आता है। छठे अध्याय में विस्तार कार्यक्रमों और पुस्तकों तथा पत्रिकाओं की निःशुल्क वितरण योजना का परिचय दिया गया है। हिंदीतर भाषी भारतीयों और विदेशियों को पत्राचार के माध्यम से हिंदी पढ़ाना निदेशालय की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इसका विस्तार से विवेचन अध्याय-7 में किया गया है। आठवाँ और नवाँ अध्याय क्रमशः बिक्री-प्रबंध और पुस्तकालय से संबंधित हैं। हिंदी के विकास के साथ-साथ सिंधी भाषा के विकास का काम भी निदेशालय को सौंपा गया है। इसका विवरण अध्याय-10 में मिलेगा। पुस्तक के अंत में 12 परिशिष्ट जोड़े गए हैं जिनमें निदेशालय के पदधारियों की 31 दिसंबर 85 की वास्तविक स्थिति के साथ-साथ अनेक प्रकार की उपयोगी जानकारियाँ संकलित की गई हैं।

किसी समय शब्दावली निर्माण और असांविधिक सरकारी साहित्य के अनुवाद का कार्य तथा उर्दू भाषा के विकास की योजनाएँ भी निदेशालय के अधीन थीं। अब इसके लिए अलग-अलग कार्यालय उपलब्ध हैं। अतः तत्संबंधी कार्यों का अलग से उल्लेख न कर प्रासंगिक चर्चा से ही संतोष कर लिया गया है। निदेशालय की ही भगिनि संस्था 'वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग' है। उसके कार्यों की विस्तार से जानकारी में लिए उसकी 'स्मारिका' को देखा जा सकता है।

इस पुस्तक में जो विवरण प्रस्तुत किया गया है उसकी कालावधि 31 मार्च 86 तक की है।

सामग्री-संकलन में प्रायः सभी अनुभागों ने संगत जानकारियाँ उपलब्ध करवाई हैं। परिशिष्ट-गत विस्तार कार्यक्रम संबंधी विवरणों की रिक्तियों की पूर्ति में श्री भारतेश मिश्र से तथा प्रकाशकों के सहयोग वाली सूची को अद्यतन करने में श्रीमती देशकुमारी और डा० नरेशकुमार से उपयोगी सहायता प्राप्त हुई है। पुस्तक की पूरी पांडुलिपि श्रीमती इंदु मैंदीरत्ता ने टाइप की है। निदेशालय के कलाकार श्री मनोहरलाल ओबेराय ने पुस्तक का आवरण पृष्ठ तथा सभी चार्ट तैयार किए हैं। पुस्तक के रूपबंध

को निश्चित करने में भी इन्होंने उपयोगी सुझाव दिए हैं। ये सभी उल्लिखित व्यक्ति सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। निदेशक श्री राजमणि तिवारी ने अपनी व्यस्तता के बावजूद धैर्य-पूर्वक पूरी पांडुलिपि का अवलोकन किया और कई उपयोगी सुझाव दिए, इसके लिए मैं उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

निदेशालय की रजत जयंती के अवसर पर इसका प्रकाशन और विमोचन हो रहा है। आशा है यह पुस्तक निदेशालय के कार्यक्रमों की अब तक की पूरी जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध कराने और भावी अनुसंधित्सुओं के लिए आधार-सामग्री प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगी।

स्वतंत्रता दिवस **नरेंद्र व्यास**

15 अगस्त 1986

विषय सूची

खंड एक

अध्याय—1 संगठनात्मक तथा प्रशासनिक व्यवस्था (पृष्ठ 1—16)*

अध्याय—2 निरीक्षण और मूल्यांकन (पृष्ठ 17—25)

*पूरी विषय सूची में शीर्षकों के आगे बंधनी में दी गई संख्या पृष्ठ सूचक है।

खंड दो

अध्याय—4 विविध अनुसंधान योजनाएँ (पृष्ठ 46—51)

अध्याय—5 प्रकाशन योजना (पृ॰ठ 52—61)

खंड—तीन

अध्याय—6 हिंदी के प्रचार-प्रसार की योजनाएँ (पृष्ठ 62—75)

अध्याय—7 **हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम** **(पृष्ठ 77—104)**

अध्याय—8 **बिक्री और बिक्री-वर्धन** **(105—106)**

अध्याय—9 **हिंदी पुस्तकालय** **(107—108)**

अध्याय—10 **सिंधी भाषा का विकास** **(109—112)**

परिशिष्ट

अध्याय 1

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

की

संगठनात्मक तथा प्रशासनिक व्यवस्था

1.1 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

"संगच्छध्वं संवदध्वं संवो मनांसि जानताम्" (ऋग्वेद मं 10/सू 191/2)—प्राचीन ऋषियों का यह उद्घोष सदा से भारतीय भाषाओं की जीवनी शक्ति रहा है । इन्हीं भाषाओं में से एक हिंदी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जुड़कर राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त किया । इसके माध्यम से समय-समय पर मानवीय शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई जाती रही । इस भाषा ने सबको साथ लेकर, मिलजुलकर प्रगति करने की भावना सबके मन में जगाई । आज हिंदी विश्व-बंधुत्व की भावना फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है ।

स्वाधीनता से पूर्व सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पुरोधा और राष्ट्रीय आंदोलन के अग्रदूत अनेक भारतीय मनीषियों और चिंतकों ने भारत जैसे बहुभाषी राष्ट्र के लिए एक राष्ट्रभाषा की आवश्यकता पर निरंतर बल दिया । राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने तो यहाँ तक कहा कि राष्ट्रभाषा के अभाव में देश गूँगा है । इसीलिए उन्होंने देश की स्वतंत्रता तथा उसके उत्थान के लिए जो अनेक रचनात्मक काम हाथ में लिए, उनमें से एक काम हिंदी के प्रचार-प्रसार का काम था ।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान-निर्माण की प्रक्रिया के दौरान यही भावना संविधान निर्माताओं के मन को आंदोलित करती रही । लंबे विचार-विमर्श और चिंतन के बाद 14 सितम्बर, 1949 को यह निश्चय किया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को राजभाषा बनाया जाए । संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रसार-वृद्धि और संवर्द्धन के लिए भी उनके मन में एक सुनिश्चित परिकल्पना थी ।

1.2 सांविधानिक व्यवस्था

संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 राष्ट्रीय भाषा नीति से संबंधित हैं । अनुच्छेद 343 (1) में व्यवस्था की गई है कि देवनागरी में लिखी जाने वाली हिंदी भारतीय संघ की राजभाषा होगी । अनुच्छेद 345, 346 और 347 में केंद्र तथा राज्यों के बीच संपर्क की भाषा और राज्यों के बीच परस्पर व्यवहार की भाषा के बारे में व्यवस्था दी गई है । अनुच्छेद 351

में हिंदी के प्रचार और प्रसार के दायित्व तथा विकास का दिशा-संकेत देते हुए कहा गया है कि "हिंदी भाषा की प्रसार-वृद्धि करना, इसका इस तरह विकास करना कि यह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके, तथा इसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्तानी और आठवीं अनुसूची में उल्लिखित अन्य भारतीय भाषाओं के रूप, शैली और पदावली को आत्मसात् करते हुए तथा जहाँ आवश्यक अथवा वांछनीय हो वहाँ उसके शब्द-भंडार के लिए मुख्यत: संस्कृत से तथा गौणत: अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए इसकी समृद्धि सुनिश्चित करना संघ का कर्त्तव्य होगा।"

1.3 हिंदी अनुभाग

संविधान प्रदत्त दायित्व का निर्वाह करने के लिए सबसे पहले इस बात की आवश्यकता महसूस की गई कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के लिए समान पारिभाषिक शब्दावली का विकास किया जाए। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय ने 1950 में भाषाविज्ञानियों और विज्ञान-वेत्ताओं के एक पारिभाषिक शब्दावली बोर्ड का गठन किया। 1952 में शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्थापित हिंदी अनुभाग में शब्दावली बोर्ड के मार्गदर्शन में शब्दावली-निर्माण का कार्य शुरू हुआ। शब्दावली के काम के साथ-साथ इसी अनुभाग को सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी शिक्षण, देवनागरी टाइपराइटर के कुंजीपटल, हिंदी वर्तनी, भारतीय भाषाओं की समान शब्दावली, करारों और समझौतों के अनुवाद तथा हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी जैसे काम भी सौंपे गए। इस तरह काम की बढ़ती हुई मात्रा और विविधता को देखते हुए कुछ समय बाद ही हिंदी अनुभाग का विस्तार करके हिंदी प्रभाग की स्थापना की गई।

1.4 हिंदी प्रभाग

हिंदी प्रभाग ने 1959 तक शिक्षा क्षेत्र के सभी प्रमुख विषयों में उच्चतर माध्यमिक और कुछ विषयों की स्नातक स्तर की शब्दावलियाँ तैयार कीं, उन्हें अनंतिम शब्द सूचियों के रूप में प्रकाशित कर संबंधित विषयों के विद्वानों और संस्थाओं को भेजा तथा प्राप्त सुझावों के अनुसार अपेक्षित संशोधन कर उन्हें अंतिम रूप से प्रकाशित किया। सरकारी कर्मचारियों के लिए सांध्यकालीन हिंदी-कक्षाओं की व्यवस्था भी इसी प्रभाग के अधीन थी। इसी प्रभाग द्वारा हिंदी टाइपराइटर के कुंजीपटल के निर्धारण की दिशा में आरंभिक कार्य किया गया तथा आशुलिपि के लिए हिंदी का स्वनिमिक और रूपिमिक विश्लेषण करवाया गया। भारतीय भाषाओं की समान शब्दावलियाँ तैयार की गईं, करारों और समझौतों का मानक अनुवाद किया गया और हिंदी पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं। गैर-तकनीकी कोशों के निर्माण के लिए भी संस्थाओं को वित्तीय अनुदान दिया गया। इसी तरह हिंदी के विकास और प्रचार से संबंधित अन्य अनेक योजनाएँ बनाई गईं। ये सभी कार्य अंतर्राष्ट्रीय ख्याति-प्राप्त भाषाविज्ञानी डा० सिद्धेश्वर वर्मा, डा० यदुवंशी और डा० रामधन शर्मा के मार्ग-दर्शन में किए गए।

1.5 केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना

संविधान के संबंधित अनुच्छेदों में निहित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राजभाषा आयोग (1955-56) बना। आयोग की रिपोर्ट पर संसदीय समिति (1957-58) ने विचार किया। उनके द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भारत सरकार ने यह निश्चय किया कि हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास को गति देने के लिए शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक संस्था बनाई जाए। तदनुसार 1 मार्च, 1960 को शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय के रूप में केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना हुई।

अब तक शिक्षा मंत्रालय का हिंदी प्रभाग जो-जो कार्य कर रहा था और प्रचार-प्रसार और विकास की जो नई-नई योजनाएँ स्वीकृत हुई थीं, वे सभी निदेशालय को हस्तांतरित कर दी गईं। इस तरह निदेशालय को हिंदी प्रभाग का सारा काम उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त हुआ। उस समय निदेशालय की योजनाओं में शब्दावली-निर्माण और पारिभाषिक कोश रचना जैसे विकासमूलक कार्यों का ही प्राधान्य था; अन्य प्रचार-प्रसार की योजनाओं पर अपेक्षाकृत कम बल दिया जा रहा था।

राष्ट्रपति के 27 अप्रैल, 60 के आदेश के अनुसार बाद में 1 अक्टूबर 1961 को वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के स्थायी आयोग की स्थापना हुई।*

शब्दावली निर्माण, पारिभाषिक कोश रचना और विश्व-विद्यालयीन स्तर के मानक ग्रंथों के अनुवाद/मौलिक लेखन का कार्य उसके कार्य-क्षेत्र में आ गया। पर इससे पहले लगभग डेढ़ वर्ष तक ये सभी कार्य अन्य कार्यों के साथ-साथ निदेशालय के कार्य-कलाप के अंतर्गत ही परिगणित किए जाते रहे। वस्तुतः देखा जाए तो आयोग का गठन अध्यक्ष और सदस्यों के स्तर तक ही सीमित रहा। कार्यकर्त्ता निदेशालय के ही प्रशासनिक ढाँचे का अंग बने रहे। प्रशासनिक शब्दावली में कहा गया कि 'निदेशालय वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग को सचिवालयीन सहायता प्रदान करेगा।' निदेशालय के निदेशक आयोग के पदेन सचिव बनाए गए, अर्थात् कार्य-क्षेत्र बँट जाने के बावजूद दोनों का कार्यालय एक ही रहा।

---

*टिप्पणी

निदेशालय की प्रायः सभी वार्षिक रिपोर्टों में कहा गया है कि राष्ट्रपति के इस आदेश के अनुसार केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना हुई। जहाँ कहीं निदेशालय के बारे में विवरण दिया जाता है, अनुकरण के आधार पर यही बात दोहरा दी जाती है। पर यह तथ्य नहीं है। निदेशालय की स्थापना 1 मार्च, 1960 को हो गई थी और राष्ट्रपति का उक्त आदेश 27 अप्रैल, 60 का है। तब विचारणीय है कि यह कैसे संभव हुआ कि भावी आदेश के आधार पर पहले ही कोई संस्था बन गई हो।

आयोग से संबंधित कार्य उन्हें हस्तांतरित कर दिए जाने के बाद निदेशालय का दायित्व निम्नलिखित योजनाओं तक सीमित रह गया— (1) असांविधिक, प्रशासनिक एवं प्रक्रियात्मक साहित्य और विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों से प्राप्त बजट, वार्षिक रिपोर्ट आदि का अनुवाद; (2) हिंदी के विकास से संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन—जैसे, हिंदी टाइपराइटर और टेलीप्रिंटर के कुंजीपटल, हिंदी आशुलिपि का मानकीकरण, देवनागरी लिपि सुधार; (3) हिंदी के प्रचार-प्रसार से संबंधित योजनाओं का निर्माण और उनका कार्यान्वयन; (4) शब्दानुक्रमणिकाएं, सर्वसंग्रह; (5) अहिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित क्षेत्रीय कार्यालयों का नियंत्रण और पर्यवेक्षण; (6) विज्ञानेतर कोश और विश्वकोश; (7) पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन ; (8) प्रकाशकों के सहयोग से लोकप्रिय पुस्तकों का प्रकाशन; (9) निःशुल्क पुस्तक वितरण और (10) हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनियाँ आदि

हिंदी प्रभाग के कार्यकाल में और निदेशालय के आरंभिक वर्षों में विधि संबंधी पारिभाषिक शब्दावली का कार्य शिक्षा मंत्रालय के ही अधीन था। बाद में इसे विधि मंत्रालय को सौंप दिया गया।

जैसा कि संकेत दिया जा चुका है, अपनी स्थापना के समय से ही आयोग को सचिवालयीन सहायता निदेशालय द्वारा दी जाती रही। निदेशक शब्दावली आयोग के सचिव होते थे। आयोग के प्रकाशनों की व्यवस्था निदेशालय ही करता था, इसलिए प्रकाशनों पर दोनों के नाम साथ-साथ छपते थे। शब्दावली और पारिभाषिक कोशों के निर्माण में जितना स्टाफ लगा था, वह निदेशालय के ही प्रशासनिक नियंत्रण में था। यह स्थिति लगभग 4 वर्ष तक रही।

इसी बीच वित्त मंत्रालय के अमला जाँच एकक ने निदेशालय के कार्यों की समीक्षा की। उसने अपनी रिपोर्ट में कहा कि शब्दावली और परिभाषा कोश कार्य में लगा स्टाफ सीधे आयोग के प्रशासनिक नियंत्रण में होना चाहिए। इससे सहमत होते हुए शिक्षा मंत्रालय ने 1 अक्तूबर 1965 से शब्दावली आयोग को एक अलग अधीनस्थ कार्यालय बना दिया। इसी दिन से आयोग और निदेशालय ने पृथक्-पृथक् संस्थाओं/कार्यालयों के रूप में कार्य शुरू किया। दोनों के स्टाफ का बँटवारा हो गया, पर सेवा-संवर्ग एक ही रहा। आयोग के पदेन सचिव का पद समाप्त कर दिया गया और तत्कालीन निदेशक के आयोग के सदस्य/उपाध्यक्ष बन जाने पर निदेशालय के लिए नए निदेशक की नियुक्ति हुई। दोनों कार्यालयों के तकनीकी काम में तो स्पष्ट अंतर पहले से था ही, अतः उसके विभाजन में कठिनाई नहीं आई।

शब्दावली आयोग बन जाने और स्टाफ तथा काम दोनों के बँट जाने के बाद निदेशालय ने हिंदी के विकास तथा प्रचार-प्रसार की अनेक नई योजनाएँ शुरू कीं। भारतीय भाषाओं के कोशों के काम में विस्तार हुआ; हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में हिंदी के प्रचार-प्रसार संबंधी नई-नई योजनाएं शुरू की गईं; अहिंदी भाषी भारतीयों और विदेशियों के लिए पत्राचार पाठ्यक्रम

शुरू हुए तथा काफी बड़ी मात्रा में प्रशासनिक साहित्य (मैनुअल, फार्म आदि) का अनुवाद हुआ । इसके लिए आवश्यक स्टाफ में भी पर्याप्त मात्रा में वृद्धि हुई ।

पर तभी निदेशालय के जीवन में सन् 1971 में दूसरा बड़ा मोड़ आया । मंत्रालयों के बीच हुए कार्य-आवंटन के अनुसार राजभाषा का विषय गृह मंत्रालय की परिधि में आ गया । तब प्रशासनिक साहित्य के अनुवाद कार्य के लिए गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना हुई और असांविधिक, प्रशासनिक एवं प्रक्रियात्मक साहित्य तथा विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों से प्राप्त बजट, वार्षिक रिपोर्टों आदि के अनुवाद का कार्य स्टाफ सहित अनुवाद ब्यूरो को हस्तांतरित कर दिया गया । इसी तरह कालांतर में हिंदी टाइपराइटर तथा टेलीप्रिंटर के कुंजीपटल एवं हिंदी आशुलिपि के मानकीकरण का कार्य भी राजभाषा विभाग को सौंप दिया गया ।

अनुवाद ब्यूरो और राजभाषा विभाग को कुछ काम सौंप देने के बाद निदेशालय को उर्दू और सिंधी भाषाओं की प्रोन्नति के काम सौंपे गए । इनके लिए क्रमशः तरक्की-ए-उर्दू बोर्ड तथा सिंधी सलाहकार समिति बनाई गई । निदेशालय उन्हें भी सचिवालयीन सहायता प्रदान करता रहा । सांस्कृतिक समझौतों के अंतर्गत हिंदी और विदेशी भाषाओं के कोशों और वार्तालाप पुस्तिकाओं का काम भी निदेशालय में शुरू हुआ । पत्राचार पाठ्यक्रम, विस्तार कार्यक्रम और प्रकाशक सहयोग योजनाएँ यथापूर्व चलती रहीं ।

तभी 5 अगस्त, 1971 से शब्दावली आयोग के कार्यालय को पुनः निदेशालय के कार्यालय में मिला दिया गया । तब तक आयोग में सदस्यों की नियुक्ति की व्यवस्था लगभग समाप्त की जा चुकी थी । अतः शब्दावली आयोग के अध्यक्ष और निदेशालय के निदेशक के पदों को मिला दिया गया । दोनों संस्थाओं ने एक ही विभागाध्यक्ष के अधीन कार्य करना प्रारंभ किया, किंतु दोनों के कार्यों के स्वरूप स्पष्टतः अलग-अलग पहचाने जा सकते थे ।

निदेशालय की नर्सरी में उर्दू के विकास कार्य ने जब गति पकड़ी तो 16 जून, 73 से उर्दू के विकास और प्रचार-प्रसार के कार्य के लिए तरक्की-ए-उर्दू बोर्ड के अधीन शिक्षा मंत्रालय में एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो की स्थापना की गई और तत्संबंधी कार्य उसे सौंप दिया गया । सिंधी भाषा के विकास का कार्य अद्यावधि निदेशालय में ही हो रहा है । अलग से सिंधी विकास बोर्ड की स्थापना का विषय मंत्रालय में संप्रति विचाराधीन है ।

मई 78 तक निदेशालय के विभागाध्यक्ष 'अध्यक्ष व निदेशक' कहलाते थे । यह मानते हुए कि शब्दावली आयोग को भंग किया जा चुका है, मंत्रालय ने जून, 78 में आयोग के अध्यक्ष पद को समाप्त कर निदेशालय के विभागाध्यक्ष को 'शब्दावली सलाहकार व निदेशक' का पदनाम दे दिया ।

बाद में जब इस बात का पता चला कि शब्दावली आयोग की स्थापना राष्ट्रपति के आदेश से हुई थी और उसी स्तर पर कार्रवाई किए बिना केवल शिक्षा मंत्रालय के स्तर पर ही शब्दावली आयोग को भंग नहीं किया जा सकता, तो आयोग के अध्यक्ष का पद पुनः बहाल कर दिया गया।

सन् 1978 में हैदराबाद स्टाफ कॉलेज के द्वारा निदेशालय और आयोग के कार्यकलाप की समीक्षा करवाई गई। कॉलेज ने अप्रैल, 79 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट की जाँच शिक्षा-सचिव की अध्यक्षता में गठित एक उच्चस्तरीय समिति ने की। इस समिति ने दोनों संस्थाओं के बारे में स्टाफ कॉलेज की विचाराधीन रिपोर्ट में की गई सिफारिशों पर अनेक निर्णय लिए।

प्रस्तुत प्रसंग में जो प्रभावी निर्णय हुए, वे इस प्रकार थे— (1) आयोग और निदेशालय को अलग-अलग कर दिया जाए; (2) दोनों शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय रहें; (3) दोनों कार्यालयों के बीच स्टाफ का बँटवारा परामर्शदात्री समिति की उपसमिति द्वारा प्रस्तावित कार्य-विभाजन के अनुसार कर दिया जाए; (4) दोनों ही अकादमिक और तकनीकी संस्थाएँ होंगी; (5) तकनीकी स्टाफ का अखंडित वेतनमान 700-1600 होगा। 25% पद प्रवरण कोटि (सलेक्शन ग्रेड) के होंगे; (6) भरती नियमों में संशोधन किया जाए ताकि नियुक्त व्यक्तियों में हिंदी और प्रादेशिक भाषाओं के ज्ञान की अपेक्षा रहे; (7) केवल वे ही प्रकाशन हाथ में लिए जाएँ जो दोनों संस्थाओं के कार्यक्षेत्र और दायित्वों से प्रत्यक्षतः संबंधित हों; (8) प्रकाशनों के निःशुल्क वितरण की वांछनीयता पर विचार किया जाना चाहिए और अपने प्रकाशनों की बिक्री का काम अपने ऊपर नहीं लेना चाहिए; (9) दोनों संस्थाओं को अपनी-अपनी योजनाओं को विकासात्मक और प्रसारात्मक दो वर्गों में बाँट लेना चाहिए।

उच्चस्तरीय समिति के निर्णय के अनुसार एक बार फिर 1980 में दोनों संस्थाओं का विभाजन किया गया। तकनीकी कार्य की दृष्टि से तो आयोग और निदेशालय को तत्काल ही अलग-अलग कार्यालयों के रूप में पुनर्गठित कर दिया गया, किंतु दोनों की प्रशासनिक व्यवस्था फिर भी एक ही रही। प्रशासनिक कार्यालयों का पुनर्वितरण और विभाजन 85 में ही संभव हो सका। संप्रति तकनीकी और दैनंदिन प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों में दोनों कार्यालयों का अस्तित्व पृथक्-पृथक् है; केवल सेवा-नियमावली, भर्ती, पदोन्नति जैसे अविभाजित मामले निदेशालय के प्रशासनिक अनुभाग द्वारा संबंधित कार्यालयों के विभागाध्यक्षों की मार्फत प्रस्तुत किए जाते हैं।

दोनों कार्यालय एक ही भवन में हैं और साझी सुविधाओं के अनुरक्षण का भार भी फिलहाल अविभाजित है। पहले जिसके पास जितना स्थान था, वह अब भी ज्यों-का-त्यों उनके

पास है। इसी तरह हिंदी पुस्तकालय दोनों का सम्मिलित है। प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टि से वह निदेशालय के अधीन है; पर पुस्तकों के लिए बजट की व्यवस्था दोनों संस्थाएँ करती हैं। पुस्तकों के चयन के लिए प्रतिवर्ष एक सम्मिलित समिति बनाई जाती है, जिसकी अध्यक्षता आयोग और निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी बारी-बारी से करते हैं।

1.6 पद, पदनाम और पदधारी

निदेशालय की स्थापना के समय कुल 190 पद इसके लिए स्वीकृत थे। इनमें से 151 पदों की पूर्ति तो हिंदी प्रभाग के लिए पूर्व स्वीकृत पदों को हस्तांतरित करने से हो गई। निदेशालय में सहायक शिक्षा अधिकारी का एक पद समाप्त कर शिक्षा मंत्रालय में सहायक शिक्षा अधिकारी (संस्कृत) का एक नया पद बनाया गया। सन् 60-61 के दौरान 117 नए पदों का सर्जन हुआ। 1985-86 के वित्त वर्ष के अंत तक निदेशालय में कुल 306 पद थे, जिनकी तुलनात्मक सारणी नीचे दी जा रही है—

क्रम संख्या	पदनाम	1-3-60 को स्वीकृत पद	शिक्षा मंत्रालय से हस्तांतरित पद	नए स्वीकृत पद (60-61)	कुल जोड़ (कालम 3-5)
1	2	3	4	5	6
1	निदेशक	1	—	—	1
2	प्रधान संपादक	1	1	—	1
3	उपनिदेशक	6	2	1	7
4	सहायक निदेशक	7	5	4	11
5	संपादक	7	7	1	8
6	सहायक निदेशक (कनिष्ठ)	1	—	—	1
7	संपादक (कनिष्ठ)	1	1	—	1
8	सहायक शिक्षा अधिकारी	3(4-1)	3	13	16
9	अनुसंधान सहायक	79	69	49	128
10	तकनीकी सहायक	25	16	1	26
11	ग्रंथ सूचीकार	1	1	—	1

1	2	3	4	5	6
12	पुस्तकाध्यक्ष (श्रेणी II)	2	2	—	2
13	पुस्तकाध्यक्ष (श्रेणी III)	2	1	—	2
14	प्रवर श्रेणी लिपिक	4	4	13	17
15	लेखा लिपिक/कोषाध्यक्ष	1	1	—	1
16	अवर श्रेणी लिपिक	30	20	16	46
17	आशुलिपिक (वरिष्ठ)	—	—	1	1
18	आशुलिपिक (कनिष्ठ)	—	—	9	9
19	स्टेनो-टाइपिस्ट	—	—	1	1
20	पुस्तकालय परिचर (कनिष्ठ)	1	1	—	1
21	गेस्टेटनर चालक	1	1	—	1
22	स्टाफ कार ड्राइवर	—	—	1	1
23	फर्राश	3	3	—	3
24	दफ्तरी	2	2	2	4
25	चपरासी	7	7	5	12
26	सफाई कर्मचारी	2	2	—	2
27	चौकीदार	2	2	—	2
	कुल	189	151	117	306

आरंभ में निदेशालय मुख्यत: शब्दावली-निर्माण और परिभाषा-कोशों की रचना जैसे विकासात्मक कार्यों में लगा था, तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार से संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन भी कर रहा था, इसलिए ये सभी पद इन कामों से संबंधित थे। अक्टूबर, 61 में वैज्ञानिक तथा शब्दावली आयोग की स्थापना हो जाने के बाद भी सितंबर, 65 तक शब्दावली और कोशों का कार्य निदेशालय की प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत ही चलता रहा। इस अवधि में अनेक तकनीकी और लिपिकवर्गीय नए पदों का सर्जन हुआ।

आयोग के तत्कालीन अंशकालिक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष (2) और सदस्यों (3) के पदों को छोड़कर सन् 64 तक निदेशालय के अधीन स्वीकृत पदों की कुल संख्या 506 हो गई, जिनमें 33 पद प्रधान वैज्ञानिक अधिकारियों के भी थे, जो स्नातकोत्तर स्तर की शब्दावली तैयार करने के लिए बनाए गए थे। इसके अतिरिक्त सहायक निदेशकों, सहायक शिक्षा अधिकारियों, अनुसंधान सहायकों, आशुलिपिकों तथा अन्य लिपिकवर्गीय पदों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इस अवधि में निदेशालय के दो क्षेत्रीय कार्यालय मद्रास और कलकत्ता में खुले, जहाँ एक-एक क्षेत्रीय अधिकारी के साथ एक-एक आशुलिपिक, दो-दो अवर श्रेणी लिपिक तथा एक-एक चपरासी के पद दिए गए।

1 अक्टूबर, 65 से आयोग और निदेशालय पृथक् होकर दो स्वतंत्र कार्यालयों के रूप में कार्य करने लगे। निदेशालय को आवंटित स्टाफ की कुल संख्या 221 थी। विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया जा रहा है :—

क्रम संख्या	पदनाम	पदों की संख्या	क्रम संख्या	पदनाम	पदों की संख्या
1	निदेशक	1	17	आशुलिपिक (वरिष्ठ)	2
2	प्रधान संपादक	1	18	आशुलिपिक (कनिष्ठ)	12
3	उपनिदेशक	4	19	स्टेनो-टाइपिस्ट	1
4	क्षेत्रीय अधिकारी	2	20	प्रूफ रीडर	1
5	संपादक	3	21	प्रवर श्रेणी लिपिक	12
6	सहायक निदेशक	5	22	अवर श्रेणी लिपिक	36
7	सहायक निदेशक (कनिष्ठ)	1	23	स्टाफ कार ड्राइवर	1
8	सहायक शिक्षा अधिकारी	15	24	गेस्टेटनर चालक (कनिष्ठ)	1
9	अनुसंधान सहायक	68	25	पुस्तकालय परिचर	1
10	कलाकार	1	26	दफ्तरी	3
11	तकनीकी सहायक	13	27	पैकर	1
12	ग्रंथ सूचीकार	1	28	चपरासी	16
13	पुस्तकाध्यक्ष (श्रेणी II)	2	29	फर्राश	4
14	पुस्तकाध्यक्ष (श्रेणी III)	2	30	सफाई कर्मचारी	3
15	अधीक्षक	2	31	माली।	1
16	प्रधान लिपिक	2	32	चौकीदार	1

सन् 66-67 में अमला जाँच एकक की रिपोर्ट के कार्यान्वियन में निदेशालय के स्टाफ में भारी कटौती हुई। उपनिदेशक-1, संपादक-1, सहायक निदेशक-2, सहायक निदेशक (कनिष्ठ)-8, सहायक शिक्षा अधिकारी-8, अनुसंधान सहायक-44, तकनीकी सहायक-3, आशुलिपिक (कनिष्ठ)-2, अवर श्रेणी लिपिक-3, फर्राश-1 और माली-1 के पद कम कर दिए गए। तुलना में केवल तीन नए पद (प्रवर श्रेणी लिपिक-1, दफ्तरी-1, चपरासी-1) मिले।

मार्च 68 से हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम शुरू हुआ। इस नए कार्यक्रम के लिए सहायक निदेशक, सहायक शिक्षा अधिकारी तथा मूल्यांकक स्तर के कुछ नए पद स्वीकृत हुए। लिपिक वर्गीय स्टाफ भी मिला। सन् 70 में यूनेस्को दूत के काम के साथ-साथ सहायक शिक्षा अधिकारी 1, तकनीकी सहायक 1, आशुलिपिक (कनिष्ठ) 1, लेखालिपिक 1 और चपरासी 1 के पद राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को हस्तांतरित कर दिए गए।

1 मार्च, 71 से गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना के बाद असांविधिक प्रक्रियात्मक साहित्य के अनुवाद का कार्य उसे सौंप दिया गया। फलस्वरूप निदेशालय के निम्नलिखित पद और पदधारी स्थानांतरित हुए :

क्रम संख्या	पदनाम	पद संख्या	क्रम संख्या	पदनाम	पद संख्या
1	सहायक निदेशक	2	7	प्रवर श्रेणी लिपिक	1
2	सहायक शिक्षा अधिकारी	7	8	अवर श्रेणी लिपिक	5
3	अनुसंधान सहायक	23	9	आशुलिपिक (कनिष्ठ)	2
4	तकनीकी सहायक	5	10	दफ्तरी	1
5	प्रधान लिपिक	1	11	चपरासी	5
6	प्रूफरीडर	2			

इस तरह निदेशालय के बहुविध विखंडन के फलस्वरूप वित्त वर्ष 71-72 के आरंभ में निदेशालय में केवल 150 व्यक्तियों का अमला रह गया। अगस्त 71 में एक बार फिर आयोग को निदेशालय में मिला दिया गया। तरक्की-ए-उर्दू बोर्ड तथा सिंधी सलाहकार समिति को सचिवालयीन सहायता दी जाने के बावजूद इन कामों के लिए अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं हुई, इसलिए निदेशालय/आयोग के तत्कालीन अमले ने ही ये कर्तव्य भी निभाए। अमला जाँच एकक ने एक बार फिर निदेशालय/आयोग की स्टाफ संबंधी आवश्यकताओं की जाँच की और जून, 72 में अपनी रिपोर्ट दी। रिपोर्ट की सिफारिशों के कार्यान्वियन में आंशिक परिवर्तनों के साथ-साथ उल्लेखनीय परिवर्तन यह हुआ कि अध्यक्ष और निदेशक के पद मिला दिए गए तथा वर्षों से रिक्त प्रधान वैज्ञानिक अधिकारियों के लगभग 30 पद समाप्त कर दिए गए। 72-73 में कुल पद 442 थे।

पत्राचार पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती रही, पर अमला जाँच के समय की 4008 की संख्या के लिए जो स्टाफ दिया गया था, उसमें अनेक प्रयत्नों के बावजूद किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं हो सकी ।

हाँ, इस बीच दो नए क्षेत्रीय कार्यालय (गुवाहाटी और हैदराबाद) खुले, जिनके लिए अन्य दोनों क्षेत्रीय कार्यालयों की तरह न्यूनतम स्टाफ मंजूर हुआ ।

प्रधान संपादक का एक पद समाप्त कर अतिरिक्त निदेशक का पद बनाया गया, जिसे कालांतर में आयोग के सचिव पद में बदल दिया गया । ग्रंथ सूचीकार के पद को समाप्त कर पुस्तकाध्यक्ष श्रेणी II का एक पद श्रेणी-I का कर दिया गया । अध्यक्ष की सहायता के लिए तकनीकी सचिव का पद तो बहुत पहले ही बन गया था, इसके कारण आगे चलकर एक वरिष्ठ आशुलिपिक का पद समाप्त कर दिया गया ।

इस तरह सन् 72 की स्थिति ऊपर गिनाए गए कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों को छोड़कर सन् 80 तक कमोबेश वैसी ही चलती रही, जब एक बार फिर आयोग को निदेशालय से अलग कर दिया गया । तकनीकी स्टाफ तो पहले ही बँट चुका था, लिपिकवर्गीय स्टाफ के भी सन् 85 में बँट जाने पर निदेशालय में जो पद बचे, उनकी सूची (पदधारियों और रिक्त पदों सहित) परिशिष्ट—1 में देखी जा सकती है ।

1.7 कार्यालय का स्थान

केंद्रीय हिंदी निदेशालय (और उसके पूर्वज हिंदी अनुभाग/हिंदी प्रभाग) का मुख्यालय सदा से नई दिल्ली/दिल्ली ही रहा । हिंदी अनुभाग और हिंदी प्रभाग क्रमशः केंद्रीय सचिवालय परिसर के ई ब्लाक और एम ब्लाक में स्थित थे । निदेशालय की स्थापना के बाद इसका मुख्यालय अपने भवन के अभाव में समय-समय पर स्थान बदलता रहा । सबसे पहले इस कार्यालय को 15/16 नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज में स्थान मिला । सन् 61 में इसकी एक शाखा आसफअली रोड पर 4/19 मेहता मैंशन में स्थानांतरित की गई ; बाद में हंगेरियन पैवेलियन, प्रगति मैदान, मथुरा रोड में भी यह कार्यालय रहा । आयोग से संबंधित स्टाफ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बहादुरशाह जफर मार्ग स्थित भवन में भी बैठता था । सन् 68 में इन दोनों कार्यालयों को पश्चिमी खंड-7 रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110066 में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ ये आज भी अवस्थित हैं ।

चारों क्षेत्रीय कार्यालयों के पते इस प्रकार हैं :

1	2	3	4
क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय (दक्षिण) केंद्रीय हिंदी निदेशालय शास्त्री भवन, 35 हेडोज रोड, मद्रास	क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय केंद्रीय हिंदी निदेशालय 959 खैरताबाद हैदराबाद—500004	क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय के हिं. निदेशालय नरकामुर, काहिलिपारापथ गुवाहाटी—781019	क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय (पूर्व) के. हिं. नि. 27 ब्रेबोर्न रोड, कलकत्ता

1.8 वेतनमान

शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत जब सन् 52 में सबसे पहले हिंदी अनुभाग की स्थापना हुई तो उसमें विशेषाधिकारी (हिंदी) और अनुसंधान सहायकों के पद बनाए गए। सामान्यतः हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास का कार्य तथा विशेषतः शब्दावली एवं परिभाषा कोशों के कार्य जैसा कोई कार्य पहले केंद्रीय सरकारी तंत्र में नहीं हुआ था, अतः इन पदों के वेतनमान का कोई पूर्व उदाहरण न मिलने के कारण और देश में अपने ढंग का अकेला कार्यालय होने तथा प्रकृति में अकादमिक स्तर का कार्य होने के कारण यह निश्चय हुआ कि उपर्युक्त पदों के वेतनमान क्रमशः केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों और प्राध्यापकों जैसे रखे जाएँ। तदनुसार विशेषाधिकारी का वेतनमान 700-900 और अनुसंधान सहायक का 250-500 निर्धारित किया गया।

बाद में निदेशालय/आयोग में ऐसे अनेक पद बने जिनके समनामी पद केंद्रीय मंत्रालयों में थे (जैसे सहायक शिक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक, उपनिदेशक, निदेशक आदि)। अतः उन सबके वेतनमान समकक्ष पदों के वेतनमानों की तरह निश्चित किए गए।

जब विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों तथा शिक्षा मंत्रालय की ही अन्य भगिनी संस्थाओं के कतिपय अकादमिक और तकनीकी पदों के वेतनमानों में संशोधन हुआ तो निदेशालय/आयोग के कर्मचारियों ने भी इस संबंध में प्रतिवेदन दिए। समय-समय पर नियुक्त विशेषज्ञ समितियों ने वेतनमानों में संशोधन करने की सिफारिशें कीं। हैदराबाद स्टाफ कॉलेज जैसी प्रबंधन विशेषज्ञ संस्था ने भी इन दोनों कार्यालयों के काम की प्रकृति को अकादमिक मानते हुए उच्चतर वेतनमान लागू करने की सिफारिश की ; शिक्षा मंत्रालय की उच्च अधिकार प्राप्त समिति ने भी निदेशालय के अधिकारियों के संशोधित वेतमानों को स्वीकार किया ; किंतु अंततोगत्वा जब निर्णय लागू किया जाने वाला था तभी चतुर्थ वेतन आयोग की नियुक्ति हो गई, और यह मामला उन्हें सौंप दिया गया।

वर्तमान समय में निदेशालय के तकनीकी अधिकारियों के वेतनमान इस प्रकार हैं :— (1) निदेशक 1500-2000 रु. (2) प्रधान संपादक 1300-1700 रु. (3) उपनिदेशक 1200-1600 रु. (4) क्षेत्रीय अधिकारी 1100-1600 रु. (5) सहायक निदेशक 700-1300 रु. (6) सहायक शिक्षा अधिकारी 650-960 रु. (7) अनुसंधान सहायक/मूल्यांकक/अनुवादक 550-900 रु.। सभी लिपिकवर्गीय अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतनमान केंद्रीय सरकार के अन्य समानधर्मी पदों के समतुल्य ही हैं।

1.9 प्रतीक चिह्न और आदर्श वाक्य

केंद्रीय सरकार का कार्यालय होने के कारण भारत सरकार का प्रतीक चिह्न (तीन शेर) और आदर्श वाक्य (सत्यमेव जयते) प्रत्येक प्रकाशन पर नियमानुसार अंकित रहता है। किंतु निदेशालय ने आरंभ में ही अपना एक अतिरिक्त प्रतीक चिह्न और आदर्शवाक्य भी स्थिर किया था। वह है :

इस प्रतीक चिह्न की प्रत्येक पंखुड़ी में भारतीय भाषाओं की लिपियों में एक-एक वर्ण अंकित है। आदर्श वाक्य के रूप में ऋग्वेद का सूक्तांश 'अहंराष्ट्री संगमनी वसूनाम' ग्रहण किया गया है, जो फूल के भीतरी हिस्से में अंकित है।

1.10 विभागाध्यक्ष

जैसा कि कहा जा चुका है, केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना से पहले हिंदी अनुभाग और तदनंतर हिंदी प्रभाग शिक्षा मंत्रालय के ही अंग थे। सर्वप्रथम विश्वविख्यात भाषाशास्त्री डा० सिद्धेश्वर वर्मा ने विशेषाधिकारी (हिंदी) के रूप में जनवरी, 52 में कार्यभार ग्रहण किया। सन् 60 में निदेशालय की स्थापना होने तक वे ही इस अनुभाग/प्रभाग के प्रभारी अधिकारी रहे। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में वे प्रधान संपादक के पद से सितंबर 60 में सेवा निवृत्त हुए।

निदेशालय की स्थापना के समय तत्काल किसी व्यक्ति की नियुक्ति निदेशक के पद पर नहीं हुई। इसलिए शिक्षा मंत्रालय के तत्कालीन उपसचिव (हिंदी) श्री कृष्णदयाल भार्गव ने पदेन निदेशक का पदभार संभाला।

निदेशक के पद पर प्रथम नियुक्ति डा. विश्वनाथ प्रसाद की हुई। वे 15 जून 61 से 27 नवंबर 65 तक निदेशक रहे। अक्टूबर, 61 में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के स्थायी आयोग का गठन हुआ। निदेशालय के निदेशक इस आयोग के पदेन सचिव बनाए गए। अक्टूबर, 65 में जब निदेशालय और आयोग के कार्यालय अलग-अलग हो गए तो डा० प्रसाद ने निदेशक का पद छोड़ दिया और शब्दावली आयोग के सदस्य/उपाध्यक्ष बन गए। नए निदेशक की नियुक्ति तक डा० प्रसाद ही अपने नए पद के साथ-साथ निदेशक का कार्य भी देखते रहे।

डा. प्रसाद के बाद नियमित रूप से निदेशक के पद पर प्रो० चंद्रहासन की नियुक्ति हुई । वे हिंदी निदेशालय के पहले हिंदीतर भाषी निदेशक थे । प्रो० चंद्रहासन ने 23.2.66 (अपराह्न) को निदेशक का पदभार सँभाला । ठीक 4 वर्ष के बाद वे 23.2.70 को सेवानिवृत्त हुए ।

प्रो० चंद्रहासन के मुक्त होने पर तत्कालीन प्रधान संपादक डा० गोपाल शर्मा ने तदर्थ रूप में निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया । संघ लोक सेवा आयोग के विचार क्षेत्र में होने के कारण निदेशक के नियमित चयन की प्रक्रिया लंबे समय तक चली । पर इस बीच मंत्रालय में उच्चस्तर पर निर्णय हुआ कि चूँकि शब्दावली आयोग और निदेशालय के कार्यालय अगस्त, 71 से फिर मिला दिए गए हैं, इसलिए दोनों पदों की आवश्यकता नहीं है । परिणामस्वरूप निदेशक के पद को शब्दावली आयोग के अध्यक्ष पद में सम्मिलित कर लिया गया । अध्यक्ष का पद संघ लोक सेवा आयोग के विचार क्षेत्र में नहीं आता था, इसलिए डा० गोपाल शर्मा 'अध्यक्ष एवं निदेशक' बने तथा उन्होंने जनवरी, 75 तक इस पद का काम देखा ।

अलीगढ़ विश्वविद्यालय के तत्कालीन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो० (डा०) हरवंशलाल शर्मा 13 फरवरी, 1975 से 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष एवं निदेशक के पद पर नियुक्त किए गए । अवधि पूरी हो जाने पर इनके सेवा काल में वृद्धि की गई ; पर जब मंत्रालय ने आयोग को भंग मान लिया, तो जून, 78 में प्रो. शर्मा का पदनाम बदल कर 'शब्दावली सलाहकार व निदेशक' कर दिया गया । 'शब्दावली सलाहकार' पदांश जुड़े होने के कारण तथा प्रो० शर्मा की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए उनके वेतनमान में कोई अंतर नहीं किया गया । 12 मई, 1980 को डा० हरवशलाल शर्मा सेवामुक्त हुए ।

प्रो० शर्मा के कार्यमुक्त होने पर 'शब्दावली सलाहकार तथा निदेशक' के पद का कार्यभार शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय की तत्कालीन उपशिक्षा सलाहकार डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन ने अपने नियमित काम के साथ-साथ सँभाला ।

इस बीच आयोग और निदेशालय को सलाह देने वाली परामर्शदात्री समिति की शिक्षा राज्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित उपसमिति की सलाह पर शिक्षा मंत्रालय ने सन् 80 में निर्णय किया कि निदेशालय और आयोग को पुन: अलग-अलग कर दिया जाए । तदनुसार निदेशक के रिक्त पद को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर डा० रणवीर रांग्रा ने 14 अगस्त, 81 को निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया । वे 30 अप्रैल, 82 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, किंतु कार्यकाल बढ़ा दिए जाने के फलस्वरूप 31 मार्च, 83 तक इस पद पर बने रहे ।

डा० रांग्रा द्वारा रिक्त पद पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नामित व्यक्ति की नियुक्ति तक लगभग पाँच मास तत्कालीन उपसचिव (भाषाएँ) श्री के.के. खुल्लर ने अपने काम के साथ-साथ निदेशक का पदभार भी सँभाला । इसके बाद दिनांक 8 सितबर, 1983 से निदेशक के पद पर श्री राजमणि तिवारी की नियुक्ति हुई, जो संप्रति निदेशक हैं ।

1.11 परामर्शदाता

डा. नगेंद्र 1971 से 1977 तक शब्दावली आयोग के मानद परामर्शदाता रहे थे। इसके बाद वे सन् 83 से निदेशालय के परामर्शदाता नियुक्त हुए। मार्च 85 से पहले इनकी सेवाएँ कोशकार्यों के लिए ही उपलब्ध थीं। अब ये निदेशालय की सभी योजनाओं के बारे में परामर्श दे रहे हैं।

सिंधी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए वैतनिक परामर्शदाता का कार्य श्री टी. सी. अमरनाणी कर रहे हैं।

1.12 उपसंहार

1.12.1 निदेशालय के वर्तमान प्रकार्य

निदेशालय और आयोग के अधुनातन विभाजन के बाद दोनों कार्यालयों के कार्यक्षेत्र पुनः परिभाषित किए गए। निदेशालय को सौंपे गए मुख्य कार्य इस प्रकार हैं :

(1) राष्ट्रीय संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना और उसका प्रचार करना ;

(2) संरचनात्मक और भाषिक विश्लेषण तथा शब्द-भंडार आदि समेत हिंदी भाषा में मूलभूत अनुसंधान कार्य करना ;

(3) संविधान के अनुच्छेद 351 में उल्लिखित निदेशों के अनुरूप हिंदी के विकास के कार्यक्रम चलाना ;

(4) हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच एकरूपता का पता लगाने के लिए उनका तुलनात्मक अध्ययन करना ;

(5) हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के द्विभाषी कोश और वार्तालाप पुस्तिकाएँ तैयार करना ;

(6) इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए अन्य आनुषंगिक कार्य करना ; तथा

(7) हिंदीतर भाषी भारतीयों और विदेशियों को पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी पढ़ाना।

इस तरह केंद्रीय हिंदी निदेशालय का कार्यक्षेत्र आरंभ से ही (1) हिंदी के विकास और संवर्धन की योजनाओं ; (2) हिंदी के प्रचार-प्रसार की योजनाओं ; तथा (3) समय-समय पर सौंपे गए अन्य आनुषंगिक कार्यक्रम से संबंधित रहा है।

इन सभी योजनाओं की कार्य-प्रगति का विवरण विस्तार से आगे दिया जा रहा है।

1.12.2 वर्तमान संगठनात्मक व्यवस्था

संप्रति केंद्रीय हिंदी निदेशालय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग का एक अधीनस्थ कार्यालय है। यह शिक्षा विभाग के भाषा प्रभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। निदेशक यहाँ के विभागाध्यक्ष हैं। निदेशालय में इस समय पाँच ब्यूरो हैं: (1) अनुसंधान और संदर्भ ब्यूरो (2) पत्राचार पाठ्यक्रम ब्यूरो ; (3) प्रकाशन और मुद्रण ब्यूरो ; (4) विस्तार कार्यक्रम और वितरण ब्यूरो ; तथा (5) प्रशासन ब्यूरो। विस्तार कार्यक्रम और वितरण ब्यूरो को छोड़कर शेष चारों ब्यूरो के प्रमुख क्रमशः प्रधान संपादक, उपनिदेशक (प.पा.), उपनिदेशक (प्रकाशन) तथा प्रशासनिक अधिकारी हैं। क्रम सं० 4 वाले ब्यूरो के विस्तार कार्यक्रम फिलहाल सीधे ही निदेशक की देखरेख में चल रहे हैं जबकि वितरण अनुभाग का कार्य प्रधान संपादक के अधीन है।

अध्याय 2

निरीक्षण और मूल्यांकन

2.1 स्टाफ निरीक्षण एकक, वित्त मंत्रालय

भारत सरकार की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था का एक अनिवार्य अंग यह है कि प्रत्येक मंत्रालय के अधीन एक आंतरिक कार्य अध्ययन दल होता है, जो उस मंत्रालय के विभिन्न संगठनों के कार्य की आवधिक समीक्षा करता रहता है। वित्त मंत्रालय के अधीन भी एक स्टाफ निरीक्षण एकक होता है, जो समय-समय पर सभी मंत्रालयों के विभागों, संबद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों के कार्य का निरीक्षण करता है और चालू योजनाओं के काम की मात्रा का मानक निर्धारित कर उनके कार्यान्वियन के लिए आवश्यक तकनीकी और लिपिकवर्गीय कार्मिकों की संख्या के बारे में सिफारिशें करता है। सामान्यतः ये सिफारिशें अधिदेशात्मक (मेंडेटरी) होती हैं।

केंद्रीय हिंदी निदेशालय की सन् 60 में स्थापना के बाद जो-जो कार्य उसे सौंपे गए और जो-जो नई योजनाएँ शुरू की गईं, उनके लिए कार्मिकों की आवश्यकता की समीक्षा करने के लिए सन् 62 में स्टाफ निरीक्षण एकक आया। अक्टूबर, 65 में जब वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग को केंद्रीय हिंदी निदेशालय से अलग कर दिया गया, तब दोनों संस्थाओं के प्रकार्य पुनः परिभाषित किए गए और तद्नुसार स्टाफ का बँटवारा भी किया गया। इसलिए अक्टूबर, 66 में दुबारा स्टाफ निरीक्षण एकक का आगमन हुआ और उसने दोनों संस्थाओं के तत्कालीन काम की मात्रा को देखते हुए कुछ पद कम किए और कुछ नए पद स्वीकृत किए। जब सन् 1971 में पुनः दोनों कार्यालय (केंद्रीय हिंदी निदेशालय और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग) एक कर दिए गए और प्रशासनिक साहित्य के अनुवाद कार्य को गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग को नियत कार्मिकों सहित स्थानांतरित कर दिया गया, तो फरवरी, 72 में तीसरी बार फिर स्टाफ निरीक्षण एकक ने निरीक्षण कार्य किया।

2.2 प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद

जब सन् 76 में पुनः स्टाफ निरीक्षण एकक का आगमन होना था तो निदेशालय/आयोग की तरफ से मंत्रालय को यह बताया गया कि स्टाफ निरीक्षण एकक द्वारा किए जाने वाले अध्ययन की प्रकृति इन संस्थाओं के कार्यकलाप से मेल नहीं खाती। इसके लिए एक विशिष्ट प्रकार के अध्ययन की आवश्यकता है। तब मंत्रालय ने इस अनुरोध को स्वीकार कर हैदराबाद स्थित प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज के परामर्शक तथा अनुप्रयुक्त अनुसंधान प्रभाग को इन दोनों संस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निमंत्रण दिया।

परामर्शदात्री संस्था (प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज) ने नियत कार्य जुलाई, 78 में शुरू किया और अपनी रिपोर्ट अप्रैल, 79 में प्रस्तुत की। इस दस्तावेज को "केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय के लिए कार्यनीति विषयक उद्देश्यों और संगठनात्मक अभिकल्प संबंधी रिपोर्ट" (रिपोर्ट ऑन स्ट्रेटेजिक आब्जेक्टिव्ज एंड आर्गेनाइजेशन डिजाइन फॉर सेंट्रल हिंदी डाइरेक्टोरेट, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन) नाम दिया गया। परामर्शदात्री संस्था ने निदेशालय को एक 'ग्राहक' (क्लायंट) माना। रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले सर्वश्री दिलीप पी० नागरकर और के० के० स्वामिनाथ थे।

इस रिपोर्ट में ग्राहक के रूप में निदेशालय का नाम दिया गया है, किंतु वस्तुतः यह रिपोर्ट निदेशालय और शब्दावली आयोग दोनों के कार्यकलाप के संबंध में है। अगस्त, 71 से पुनः शब्दावली आयोग निदेशालय में मिला दिया गया था, इसीलिए ऐसा हुआ है।

प्रस्तुत रिपोर्ट प्रबंधन शब्दावली और व्यावसायिक कौशल से युक्त एक ऐसा प्रामाणिक दस्तावेज है जिसमें भाषा-नियोजन के अंतर्राष्ट्रीय और अंतराराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को पृष्ठभूमि में रख कर राष्ट्रीय भाषानीति के अंतर्गत निदेशालय की वर्तमान तथा संभावित भूमिका का आकलन किया गया है। लगभग 100 पृष्ठों (मूल 80, अनुबंध 20) की इस साइक्लोस्टाइल रिपोर्ट के निर्माण पर निदेशालय को नब्बे हजार रुपया खर्च करना पड़ा था।

रिपोर्ट सात अध्यायों में विभक्त है—पहला अध्याय विषय-प्रवेश से संबंधित है, जिसमें विचारार्थ विषय, अध्ययन-प्रणाली, विषय-क्षेत्र और रिपोर्ट का सार-संक्षेप वर्णित है। यहाँ उल्लेख है कि प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज के परामर्शक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान प्रभाग से अनुरोध किया गया था कि वे केंद्रीय हिंदी निदेशालय को उसके संगठनात्मक और प्रशासनिक प्रक्रमों में निहित प्रमुख खामियों को पहचानने और उनके बारे में सुधारात्मक उपायों को अपनाने से संबंधित परामर्श प्रदान करें।

अध्येता संस्था ने अपना विषय क्षेत्र अत्यंत व्यापक बना लिया। उसने जो सिफारिशें कीं वे पूरे देश की भाषा-परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय नीति के समग्र उद्देश्यों के ताने-बाने द्वारा बुनी गई प्रतीत हुईं। इसीलिए आगे चलकर जब इन सिफारिशों पर मंत्रालय की उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने प्रशासनिक दृष्टि से विचार किया तो पाया कि अधिकांश सिफारिशें उनके विचार-क्षेत्र से बाहर की हैं और परिणाम यह हुआ कि उन्हें पूर्णतया स्वीकार नहीं किया गया। यह बात अगले अध्यायों से स्पष्ट हो जाएगी।

दूसरे अध्याय में अन्य देशों के भाषा-परिवर्तन संबंधी अनुभव बताए गए हैं; राष्ट्रीय भाषा नीति का संक्षिप्त ब्यौरा दिया गया है और निदेशालय/आयोग के वर्तमान कार्य गिनाए गए हैं। इसमें भाषायी उद्देश्यों की पूर्ति में हुई प्रगति की समीक्षा भी की गई है।

तीसरा अध्याय भाषा-नियोजन की कार्यनीति से संबंधित है। इसमें वे सभी उपाय सुझाए गए हैं, जिनके द्वारा भारतीय भाषाओं की माध्यम-परिवर्तन के रूप में सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

अगले तीन अध्यायों में सिफारिशें की गई हैं कि आयोग को एक शीर्षस्थ स्वायत्तशासी राष्ट्रीय निकाय के रूप में गठित किया जाए; भारतीय भाषा आयोग की एक इकाई के रूप में सरकारी नियंत्रण से परे हिंदी भाषा नियोजन बोर्ड की स्थापना की जाए तथा इन संस्थाओं के कार्मिकों के (वरिष्ठ प्रबंधक वर्ग को छोड़कर) त्रिस्तरीय वेतन-मान निर्धारित किए जाएँ।

सातवें अध्याय में कार्यक्रम नियोजन और मानीटरन पद्धति सुझाई गई है। अनुबंध में (आयोग की) पुस्तक निर्माण योजना का विवरण और तत्संबंधी सुझाव हैं।

2.3 उच्चाधिकार प्राप्त समिति

इस रिपोर्ट पर विचार करने के लिए मंत्रालय ने सन् 79 में शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की, जिसके प्रमुख सदस्य थे—शिक्षा मंत्रालय के वित्त सलाहकार, संयुक्त सचिव (प्रशासन) और संयुक्त शिक्षा सलाहकार। इस समिति ने दी गई सिफारिशों को मोटे तौर पर दो श्रेणियों (प्रमुख और गौण) में बाँटा और उनपर मदवार अपना निर्णय दिया। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि स्टाफ कॉलेज की सिफारिशें स्वीकृत नहीं हुईं। पर इस रिपोर्ट का इतना असर अवश्य हुआ कि एक उपसमिति गठित की गई जिसकी देखरेख में निदेशालय और आयोग का पुनः बँटवारा कर दिया गया और दोनों संस्थाओं की प्रकार्यात्मक भूमिकाएँ और दायित्व पुनः परिभाषित किए गए। इन्हीं प्रकार्यों को ध्यान में रखकर पहले तकनीकी स्टाफ का पुनर्वितरण किया गया और बाद में लिपिकवर्गीय स्टाफ भी बँट गया। वर्तमान समय में ये दोनों संस्थाएँ अलग-अलग काम कर रही हैं, फिर भी अभी कुछ मामलों में (जैसे पदोन्नति नियमावली आदि प्रशासनिक मामले तथा पुस्तकालय एवं भवन और रखरखाव सेवाएँ आदि) साझा-सहयोग बना हुआ है।

उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने इस बात की पुनः पुष्टि की कि आयोग और निदेशालय पहले की ही तरह अब भी शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय (संप्रति मानव संसाधन विकास मंत्रालय) के ही प्रशासनिक तंत्र में अधीनस्थ कार्यालयों की तरह काम करते रहेंगे।

2.3.1 निदेशालय के प्रकार्य

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग से इतर, केंद्रीय हिंदी निदेशालय के लिए जो प्रकार्य पुनः निर्णीत हुए, वे इस प्रकार हैं :

1. राष्ट्रीय संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग की प्रसार-वृद्धि करना तथा उसे सर्वसुलभ बनाना;
2. हिंदी भाषा की संरचना, भाषायी विश्लेषण तथा शब्दावली आदि से संबंधित बुनियादी अनुसंधान करना;

3. संविधान के अनुच्छेद 351 में निहित निदेशों के अनुसार हिंदी के विकास के लिए विविध कार्यक्रम चलाना;

4. सजातीयता के क्षेत्रों की पहचान को लक्ष्य बनाकर हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन करना;

5. हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं की द्विभाषिक शब्दावलियाँ तथा वार्तालाप पुस्तिकाएँ तैयार करना; तथा

6. ऊपर निर्दिष्ट प्रकार्यों की पूर्ति और प्रोत्साहन के लिए अन्य सभी आनुषंगिक उपाय करना।

2.3.2 रिपोर्ट से लाभ

स्टाफ कॉलेज की रिपोर्ट का दूसरा प्रत्यक्ष लाभ यह हुआ कि निदेशालय के कार्य को (और साथ-ही-साथ आयोग के कार्य को भी) अकादमिक स्तर का काम मान लिया गया और शिक्षा मंत्रालय की ही अन्य सहधर्मी भगिनी-संस्थाओं के काम की तुलना में निदेशालय के तकनीकी अधिकारियों के वेतन-मानों में जो स्पष्ट अंतर था, उसे दूर करने के लिए मंत्रालय में प्रशासनिक स्तर पर पहली बार पहल शुरू हुई। जैसा कि कहा जा चुका है, निदेशालय का कार्यकलाप आरंभिक वर्षों में सरकारी स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की तुलना में बिरला था और इसीलिए तब इसके अधिकारियों (मूलतः अनुसंधान सहायकों) का वेतनमान केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों के वेतनमान के लगभग सदृश था। कालांतर में विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों के वेतनमानों में अभूतपूर्व सुधार हुआ और शिक्षा मंत्रालय की ही सहधर्मी संस्थाओं के स्वायत्तशासी होने के कारण और कुछ नवनिर्मित अन्य संस्थाओं के कार्मिकों के वेतनमान तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत त्रिस्तरीय वेतनमानों के समक्ष कर दिए गए, किंतु अधीनस्थ कार्यालय होने के कारण निदेशालय के तकनीकी कार्मिकों के वेतनमान ज्यों-के-त्यों रहे। इनमें वृद्धि के प्रयत्न किए गए, किंतु तृतीय वेतन आयोग ने भी उनमें अपेक्षित संशोधन करना स्वीकार नहीं किया।

स्टाफ कॉलेज की रिपोर्ट के बाद आयोग और निदेशालय के उद्देश्यों के पुनः परिभाषित हो जाने के फलस्वरूप मंत्रालय ने पुनः यह उचित समझा कि दोनों कार्यालयों के कार्यकलाप की अलग-अलग मूल्यांकन समितियों द्वारा समीक्षा करवाई जाए।

2.4 मूल्यांकन समिति

2.4.1 गठन

केंद्रीय हिंदी निदेशालय के संपूर्ण कार्य-कलाप की समीक्षा तथा मूल्यांकन के लिए शिक्षा तथा

सस्कृति मंत्रालय ने जुलाई, 81 में एक मूल्यांकन समिति गठित की । इसके सदस्य।

1. डा० नगेंद्र
भूतपूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली — अध्यक्ष

2. डा० पी० गोपाल शर्मा
भूतपूर्व निदेशक, के० हि० निदेशालय,
नई दिल्ली — सदस्य

3. श्री रामेश्वर प्रसाद मालवीय
निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो,
नई दिल्ली — सदस्य

4. डा० रणवीर रांग्रा
निदेशक, के० हि० निदेशालय,
नई दिल्ली — सदस्य-सचिव

2.4.2 विचारार्थ विषय

इस समिति के विचारार्थ विषय निम्नांकित थे :

(क) हिंदी के प्रचार तथा विकास के लिए केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के संदर्भ में उसके अब तक के कार्य की समीक्षा;

(ख) केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने इसी प्रकार के काम में लगी अन्य संस्थाओं के साथ हिंदी के प्रचार और विकास के लिए कहाँ तक समन्वय स्थापित किया है, इसका मूल्यांकन;

(ग) केंद्रीय हिंदी निदेशालय की विभिन्न योजनाओं के प्रभाव की समीक्षा, और उसका इस दृष्टि से मूल्यांकन कि वे कितनी उपयोगी हैं; तथा

(घ) केंद्रीय हिंदी निदेशालय की वर्तमान योजनाओं को युक्तिसंगत बनाने और उनके कार्य-क्रमों की प्राथमिकता के बारे में सिफारिश करना ।

2.4.3. अवधि

इस समिति का कार्यकाल आरंभ में तीन महीने था । कार्य-विस्तार को देखते हुए उसे तीन महीने और बढ़ाया गया । इस समयावधि में समिति की कुल 41 बैठकें हुईं । उसने निदेशालय की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की और मूल्यांकन के बाद जनवरी, 82 में

रिपोर्ट प्रस्तुत की । इस रिपोर्ट में निदेशालय की उपलब्धियों और सीमाओं का समग्र रूप से आकलन तो किया ही गया, भावी विकास के लिए कुछ सुझाव भी दिए गए ।

2.4.4. समिति के सुझाव

निदेशालय की उन अनावर्ती योजनाओं के बारे में, जिन पर काम पूरा हो चुका था, मूल्यांकन समिति की यह टिप्पणी थी—"हिंदी के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से ये सभी कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें निदेशालय की उपलब्धि मानना चाहिए (पृष्ठ 110) ।" जिन योजनाओं पर उस समय कार्य चल रहा था, उन अनावर्ती योजनाओं के बारे में समिति ने कहा—"ये सभी योजनाएँ निश्चय ही हिंदी के राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्व की दृष्टि से अत्यंत उपादेय हैं । यद्यपि इन पर काफी काम हो चुका है, फिर भी प्रगति संतोषप्रद नहीं मानी जा सकती……आशा है…सामग्री जल्दी ही प्रकाशित हो जाएगी (पृष्ठ 110) ।"

हिंदी के सम्यक् प्रचार-प्रसार के लिए मूल्यांकन समिति ने आवर्ती योजनाओं की उपादेयता को स्वयं-सिद्ध माना और विभिन्न योजनाओं की कतिपय रिक्तियों तथा दोषों के परिमार्जन के लिए यथास्थान सुझाव दिए ।

समिति ने यह तो स्वीकार किया कि केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने विगत वर्षों में काफी उपयोगी कार्य किया है, फिर भी वह अपनी अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर सका । इसके उसने मुख्यतः तीन कारण गिनाए :

(1) "यद्यपि निदेशालय का कार्य मूलतः अकादमिक है, किंतु अकादमिक संस्था के रूप में उसका समुचित विकास करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए और न ही उसको अकादमिक संस्था का दर्जा दिया गया है । इसका परिणाम यह हुआ है कि उचित वेतनमान आदि के अभाव में वह प्रतिभावान व्यक्तियों को आकृष्ट नहीं कर सका है ।"

(2) "निदेशालय का यह दुर्भाग्य रहा है कि किसी-न-किसी कारण से आरंभ से ही उसकी निर्देशक नीतियों के निर्धारण तथा कार्यान्वियन में अस्थिरता एवं शिथिलता रही है ।"

(3) "निदेशालय और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की कार्य-परिधि के बीच एक विचित्र प्रकार का उलझाव समय-समय पर पैदा होता रहा है, जिससे दोनों में से कोई भी योजनाबद्ध रीति से अपने अभीष्ट लक्ष्यों की पूर्ति नहीं कर पाया ।"

2.4.5 नए कार्यक्रम

निदेशालय के संपूर्ण कार्यकलाप की समीक्षा करने के बाद समिति ने सिफारिश की कि निदेशालय को वर्तमान योजनाओं के अतिरिक्त कुछ नए कार्यक्रम भी प्रारंभ करने चाहिए, जो निदेशालय की कार्य-परिधि के अतर्गत आते हैं । नई योजनाएँ इस प्रकार हैं :

(1) **साहित्यिक-शैक्षिक**—(क) व्यक्ति-नाम कोश, (ख) भारतीय भाषा परिचय कोश, (ग) विदेशी भाषा परिचय कोश, (घ) तत्सम शब्दकोश, (ङ) हिंदी-संयुक्त राष्ट्रसंघ भाषा कोश; (2) **संयोजन एवं समन्वय**—(क) हिंदी के प्रचार-प्रसार में संलग्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों का वार्षिक सम्मेलन; (ख) हिंदी की ज्वलंत समस्याओं पर विचार-गोष्ठियाँ; (ग) निदेशालय के व्यापक लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अन्य संस्थाओं के कार्यकर्त्ताओं की कार्यशालाएँ तथा (घ) विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए समय-समय पर सर्वेक्षण ।

2.4.6 मूल्यांकन समिति और प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद की सिफारिशों की तुलना

मूल्यांकन समिति का समीक्षा-क्षेत्र मुख्यत: निदेशालय के अकादमिक और तकनीकी कार्य-कलाप से संबंधित था । कदाचित् इसीलिए उसने न तो वित्त मंत्रालय के स्टाफ निरीक्षण एकक की तरह योजनाओं के कार्यान्वियन के लिए मानक निर्धारित किए या तकनीकी और लिपिकवर्गीय स्टाफ बढ़ाने अथवा घटाने की सिफारिशें की; और न ही उसने भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज जैसे प्रबंधन-अभिमुखी विशिष्ट संगठन की तरह विशिष्ट भाषा-शैली में संपूर्ण भारतीय भाषा-नियोजन के परिप्रेक्ष्य में भाषा-कार्यनीति की बात करते हुए हिंदी भाषा नियोजन बोर्ड की संगठनात्मक संरचना ही प्रस्तुत की । स्टाफ कॉलेज की रिपोर्ट में कार्मिक नीतियाँ विषयक अध्याय में अधिकारी वर्ग के स्तरों, वेतनमानों, पदों पर भर्ती और कार्मिक विकास की विस्तार से चर्चा हुई है; पर मूल्यांकन समिति ने इस पक्ष को नहीं छुआ है । हाँ, इसमें पत्राचार पाठ्यक्रम विषयक खंड में अवश्य विशेष सिफारिश की गई है कि "निदेशालय के वर्तमान पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग को निश्चित सोपानों में एक स्वत:पूर्ण संस्थान के रूप में निदेशालय के तंत्र के अंतर्गत ही शीघ्र परिवर्तित कर दिया जाए ।" इसी रिपोर्ट में प्रस्तावित 'हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम संस्थान' के स्वरूप के अंतर्गत नए पदों और वेतनमानों की भी सिफारिशें की गई हैं ।

इस समिति ने केवल प्रासंगिक रूप में ही निदेशालय के कार्मिकों के लिए "उचित वेतनमान आदि के अभाव" की बात का संकेत दिया है ।

2.5 राष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञ समिति

2.5.1 गठन

मूल्यांकन समिति में जो सदस्य रखे गए थे, वे किसी-न-किसी रूप में निदेशालय के कार्यकलाप से वर्षों जुड़े रहे हैं । कदाचित् इसीलिए जब यह रिपोर्ट मंत्रालय को प्रस्तुत की गई तो मंत्रालय ने सोचा हो कि कहीं इसका विचार-फलक संकुचित न मान लिया जाए । इसीलिए उसने रिपोर्ट पर सीधे ही प्रशासनिक निर्णय लेने की अपेक्षा यही उचित समझा कि इस पर राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मति ले ली जाए । तदनुसार मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट एक राष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञ समिति के सम्मुख रखी गई । इस विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष लब्ध-प्रतिष्ठ हिंदी सेवी मोटूरी सत्यनारायण नियुक्त किए गए । सदस्यों में विश्वभारती, शांतिनिकेतन के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डा० रामसिंह

तोमर, बंबई विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डा० प्रभात और क०मा० मुंशी हिंदी विद्यापीठ, आगरा के निदेशक डा० विद्यानिवास मिश्र थे। शिक्षा मंत्रालय की तत्कालीन संयुक्त शिक्षा सलाह-कार डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन तथा मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष डा० नगेंद्र भी इससे संबद्ध रहे।

2.5.2 सिफारिशें

इस विशेषज्ञ समिति ने मूल्यांकन समिति की सिफारिशों से सहमति व्यक्त की। यही नहीं, इसने सिफारिशों के सार-संक्षेप में स्पष्ट शब्दों में निदेशालय को पाँच स्कधों में बाँटने; अकादमिक संगठन के रूप में मान्यता प्रदान करने तथा इसके विविध पदों के वेतनमान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तरह संशोधित करने की बात कही। संक्षेप में, सिफारिशें इस प्रकार हैं :

1. पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग केंद्रीय हिंदी निदेशालय का ही अंग बना रहे। हाँ, मूल्यांकन समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए इसका पुनर्गठन किया जाए;

2. पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग के साथ स्वैच्छिक हिंदी सेवी संस्थाओं के सहयोग की संभावनाओं का पता लगाया जाए;

3. विविध विषयों पर रुचिकर और अभिक्रमित (ग्रेडेड) स्तर की पुस्तकें तैयार करवाई जाएँ ताकि विद्यार्थियों का हिंदी भाषा से संपर्क बना रहे;

4. निदेशालय की कोश योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करवाने का प्रयत्न किया जाए और जो कोश तैयार हैं, उन्हें शीघ्र प्रकाशित किया जाए;

5. विस्तार कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित करने के लिए मूल्यांकन समिति ने जो सिफारिशें की हैं, उन्हें मान लिया जाए;

6. निदेशालय में अब पाँच स्कंध होंगे : (1) अनुसंधान और संदर्भ, (2) पत्राचार पाठ्यक्रमः, (3) विस्तार कार्यक्रम, (4) मुद्रण और (5) प्रशासन

7. निदेशालय का स्तर एक अकादमिक संगठन की तरह बढ़ाया जाए और विभिन्न पदों के वेतनमान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत विश्वविद्यालयों के वेतनमानों की तरह सशोधित किए जाएँ।

2.5.3 मंत्रालय द्वारा अनुमोदन

इन सिफारिशों पर शिक्षा मंत्रालय में मंत्री स्तर पर सितंबर, 82 में अनुमोदन प्राप्त हो गया। वेतनमानों के बारे में निर्णय हुआ कि उन्हें वित्त मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से परामर्श कर के लागू किया जाए।

2.5.4 सिफारिशों का कार्यान्वयन

मूल्यांकन समिति/विशेषज्ञ समिनि की सिफारिशों पर प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त हो जाने के बाद उनके कार्यान्वयन की दिशा में निदेशालय ने सक्रियता दिखाई। वेतनमान के प्रसंग को छोड़-कर योजनाओं के बारे में मूल्यांकन समिति की सिफारिशों को तीन भागों में बाँटा गया :

(1) ऐसी सिफारिशें जिन्हें निदेशालय के स्तर पर ही लागू किया जा सकता था, अविलंब कार्यान्वित कर दी गईं; (2) ऐसी सिफारिशें जिनके अनुसार योजनाओं के स्वरूप में कतिपय संशोधन-परिवर्धन अपेक्षित था, उनपर मंत्रालय का अनुमोदन प्राप्त किया गया; तथा (3) वित्तीय प्रभाव-वाली सिफारिशों अथवा नई योजनाओं के बारे में प्रशासनिक और आंतरिक वित्त प्रभाग का अनुमोदन प्राप्त किया गया। इस तरह अधिकांश सिफारिशें लागू हो चुकी हैं और कुछ अंशतः लागू की जानी शेष हैं।

वेतनमानों के संशोधन की दिशा में जब मंत्रालय सक्रिय हुआ, तभी संयोगवश भारत सरकार ने सभी कर्मचारियों के लिए नए चतुर्थ वेतन आयोग की घोषणा कर दी और इस तरह मंत्रालय स्तर पर वेतनमानों में संशोधन का विषय छोड़ दिया गया। संप्रति यह विषय वेतन आयोग के विचाराधीन है।

अध्याय 3

हिंदी के विकास और संवर्धन की योजनाएँ

3.0 कोश योजनाएँ

3.0.1 सामान्य उद्देश्य : भाषा-सेतु

'अनेकता में एकता' भारतीयता का मूल मंत्र है। हमारा देश बहुभाषी ही नहीं, बहुजातीय और बहुधर्मी भी है। इस महादेश का भूगोल और इतिहास विविधता से भरा है। रहन-सहन और खानपान में भी भिन्नता दृष्टिगोचर होती है। पर ये सब तो बाह्य लक्षण हैं। अंतर्धारा के रूप में हमारी संस्कृति का प्रमुख गुण इसकी सामासिकता और समन्वयशीलता रही है। यद्यपि हम अनेक भाषाएँ बोलते हैं, किंतु भिन्न-भिन्न भाषाओं के भीतर बहने वाली हमारी भावधारा एक है।

भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में 15 भाषाएँ गिनाई गई हैं। देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए यह आवश्यक है कि विभिन्न भाषा-भाषी प्रदेशों की जनता को भावात्मक दृष्टि से निकट लाया जाए। इसके अतिरिक्त यह भी जरूरी है कि देश के विभिन्न प्रदेशों के बीच बौद्धिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की स्वस्थ परंपरा को उत्तरोत्तर बहुआयामी प्रोत्साहन दिया जाए। भाषा तो एक ऐसा माध्यम है जो विभिन्न भाषा-भाषियों को निकट लाने मे सुगम सेतु का काम कर सकता है। इसके लिए भाषिक स्तर पर आदान-प्रदान को तथा एक-दूसरे की भाषा को सीखने-समझने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। हिंदी के संघ की राजभाषा स्वीकृत हो जाने से यह और भी आवश्यक हो गया है कि उसे संविधान द्वारा स्वीकृत सभी भारतीय भाषाओं के निकट लाया जाए और उनमें परस्पर समान तत्वों की खोज की जाए।

3.0.2 सेतु का आधार : कोश

इन उद्देश्यों की पूर्ति में द्विभाषी/बहुभाषी कोश बहुत अधिक सहायता कर सकते हैं। परंतु भारतीय भाषाओं के ऐसे अच्छे कोशों का सदैव अभाव रहा है। संपूर्ण देश की जनता सभी भारतीय भाषाओं की विपुल शब्द-संपदा से सुविधापूर्वक परिचित हो सके, इस महत् उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने द्विभाषी/त्रिभाषी/बहुभाषी कोश योजनाएँ शुरू की हैं।

3.1 निदेशालय की कोश योजना : पहली दशाब्दी (1960-70)

गैर तकनीकी कोश योजना (निदेशालय तथा आयोग के कार्य विभाजन के अनुसार तकनीकी

शब्दावलियों और कोशों का कार्य वै०त०श० आयोग के कार्यक्षेत्र में आता है) के क्षेत्र में निदेशालय ने अपनी स्थापना के आरंभिक दस वर्षों में हिंदी के कोश साहित्य को समृद्ध करने के लिए विभिन्न संस्थाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया और स्वयं भी कुछ कोश तैयार किए। निदेशालय ने इस दिशा में जो कार्य किया, उसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

3.1.1. मानक अंग्रेजी-हिंदी कोश—केंद्रीय हिंदी निदेशालय की देखरेख में इस कोश का निर्माण और प्रकाशन हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग ने भारत सरकार की आर्थिक सहायता से सन् 71 में किया। इस कोश के संपादन कार्य के लिए 62,500 रु० और प्रकाशन के लिए 64,275 रु० का अनुदान दिया गया। इस कोश के संपादक सर्व श्री सत्यप्रकाश और बलभद्र प्रसाद मिश्र थे, कोश का मूल्य 68 रु० है।

3.1.2 हिंदी-अंग्रेजी व्यावहारिक कोश—साहित्य अकादमी के अध्यक्ष के नाते प्रथम प्रधानमंत्री (स्व०) पं० जवाहरलाल नेहरू के सुझाव पर पहले यह कार्य साहित्य अकादमी को सौंपा गया था। अकादमी ने स्वयं यह कार्य न कर इसके स्थान पर हिंदुस्तानी कल्चरल सोसायटी के निर्माणाधीन कोश को अपनाना चाहा। सरकार से अनुमति न मिलने पर यह योजना रद्द हो गई।

कालांतर में स्वयं निदेशालय ने यह कार्य 62-63 में शुरु किया और लगभग 6500 शब्दों का एक छोटा कोश तैयार कर सन् 66 में उसे प्रकाशित किया। इसमें सामान्य प्रचलित शब्दों के अधिकाधिक तीन पर्याय दिए गए हैं और शब्दों का पूर्वापर संदर्भ अंकित किया गया है। इसमें हिंदी शब्दों का रोमन लिप्यंतरण भी दिया गया है। मूल्य कम होने और पर्याप्त उपयोगी होने की वजह से इस कोश की अब तक 22 हजार प्रतियाँ मुद्रित हो चुकी हैं।

3.1.3 बृहत् हिंदी-अंग्रेजी व्यावहारिक कोश—लघु कोश की लोकप्रियता से प्रेरित होकर निदेशालय ने उसी कोश के बीस हजार प्रविष्टियों वाले संशोधित और परिवर्धित संस्करण का कार्य हाथ में लिया। कोश पुनरीक्षण के चरण में था और आशा थी कि सन् 71 में इसकी पांडुलिपि मुद्रण के लिए तैयार हो जाएगी; परंतु कदाचित् जेबी कोश समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रकाशकों के सहयोग से अंग्रेजी-हिंदी और हिंदी-अंग्रेजी दोनों कोशों के काम को निजी प्रकाशकों को सौंपे जाने के निर्णय के फलस्वरूप इस योजना को निलंबित कर दिया गया। जब निजी प्रकाशक वाले हिंदी-अंग्रेजी/अंग्रेजी-हिंदी कोश प्रकाशित नहीं हो सके और मंत्री स्तर पर हुए निर्णयानुसार उन्हें बंद कर दिया गया तो निदेशालय में बने परिवर्धित कोश को फिर देखा गया। तब तक मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट भी आ चुकी थी और इसी के अनुक्रम में सभी द्विभाषी/त्रिभाषी/बहुभाषी कोशों का सिंहावलोकन करने के लिए मूल्यांकन समिति के ही अनुवर्ती अंग के रूप में डा० नगेंद्र की अध्यक्षता में जो कोश समन्वय समिति गठित की गई उसने इस कोश की पांडुलिपि का भी पर्यवेक्षण किया और सुझाव दिया कि 'प्रस्तुत सामग्री का अवधानपूर्वक संशोधन करने के बाद ही प्रकाशन करना चाहिए।' संशोधन में लगने वाले श्रम और व्यय आदि को ध्यान में रखते हुए

पुनः यह निर्णय हुआ कि पांडुलिपि के प्रकाशन संबंधी प्रयत्नों को बंद कर दिया जाए और भावी उपयोग के लिए इसे रिकार्ड रूप में रखवा दिया जाए।

3.1.4 अंग्रेजी-हिंदी कोश, हिंदुस्तानी कल्चरल सोसायटी, इलाहाबाद—निदेशालय की सिफारिश पर इस काम के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक लाख रुपए का अनुदान दिया गया। समझौता यह हुआ कि सोसायटी और अधिक अनुदान नहीं माँगेगी। जब सोसायटी ने पचास हजार रुपए और माँगे और अपनी माँग पर अड़ी रही तो सरकारी निदेश प्राप्त कर इस योजना को ही छोड़ दिया गया। पं० सुंदरलाल, जो एक स्वतंत्रता सेनानी और प्रभावशाली वयोवृद्ध राजनेता थे, इस सोसायटी के अध्यक्ष थे और कदाचित् उन्हीं के जोर डालने पर यह भी निर्णय हुआ कि पूरी सामग्री उन्हें इस आशा के साथ लौटा दी जाए कि कोश के प्रकाशित होने पर उसकी भूमिका में सरकारी अनुदान का उल्लेख किया जाएगा। यह कोश प्रकाशित नहीं हो सका।

3.1.5 अंग्रेजी-संस्कृत कोश, आप्टे मैसर्स मोतीलाल बनारसीदास द्वारा 1964 में प्रकाशित 'द स्टुडेंट्स इंग्लिश-संस्कृत डिक्शनरी' के सस्ते संस्करण को आफसेट प्रणाली से पुनर्मुद्रित कराने के लिए अनुदान दिया गया जिसकी वजह से इस कोश का मूल्य 12-रु० के स्थान पर 4-रु० कर दिया गया।

3.1.6 आप्टे के ही संस्कृत-अंग्रेजी कोश (छात्र संस्करण) के हिंदी संस्करण को प्रकाशित करने के लिए मैसर्स मोतीलाल बनारसीदास को पचीस हजार रुपए का अनुदान दिया गया। यह कोश 1966 में प्रकाशित हुआ। भारत सरकार के आर्थिक सहयोग की वजह से ही इस कोश का मूल्य 10-रु० निर्धारित हुआ।

3.1.7 संस्कृति कोश का हिंदी संस्करण—भारतीय संस्कृति कोश मंडल, पूना को भारतीय संस्कृति कोश के प्रथम खंड के हिंदी संस्करण के प्रकाशन के लिए 6,100-रु० का अनुदान दिया गया। यह कोश 71-72 में प्रकाशित हो गया।

3.1.8 शब्दार्थ मीमांसा—श्री रामचंद्र वर्मा के इस कोश के निर्माण के लिए चौबीस हजार रुपए का अनुदान दिया गया। निदेशालय ने इसे अप्रैल, 65 में प्रकाशित किया। हिंदी में यह इस प्रकार का पहला प्रकाशन माना जा सकता है। इसमें एक ही भाव अथवा संकल्पना की 300 शब्द-मालाओं पर विचार किया गया है। विचार-विवेचन में प्रत्येक शब्दमाला अथवा संकलपना वर्ग में आने वाले शब्दों की विस्तृत व्याख्या की गई है और उदाहरणों के साथ इन शब्दों के सूक्ष्म अर्थ-भेदों और विभिन्न प्रयोगों को समझाया गया है। इस पुस्तक का मूल्य 11-50 रु० निर्धारित हुआ।

3.1.9 भारतवर्षीय प्राचीन चरित्र कोश—भारतीय चरित्र कोश मंडल, पूना ने महामहोपाध्याय विद्यानिधि सिद्धेश्वर शास्त्री चित्राव द्वारा संपादित मराठी के प्राचीन चरित्र कोश का हिंदी

संस्करण तैयार किया । शिक्षा मंत्रालय ने इस कार्य के लिए 32600 रु० का अनुदान दिया जिसके लिए उन्होंने प्रस्तावना में केंद्रीय हिंदी निदेशालय के प्रति आभार प्रदर्शित किया है । इस कोश का प्रकाशन सन् 64 में हुआ । इसका मूल्य 60-रु० है ।

3.1.10 **हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की समान शब्दावलियाँ**—इस योजना के माध्यम से हिंदी और अन्य भाषाओं (असमिया, बंगला, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु) के बीच शब्दों और उनके अर्थों में समानता के तत्व की खोज की गई । अनुसंधान के परिणामस्वरूप यह निष्कर्ष निकला कि उन सभी भाषाओं में जिन बाहरी तत्वों का आदान या परस्पर आदान-प्रदान हुआ है उनमें शब्द और अर्थ के स्तर पर व्यापक समानता है । अनुसंधान कार्य बोलचाल की भाषा और गृहीत शब्दावली तक ही समिति रखा गया था क्योंकि सभी भारतीय भाषाओं में साहित्यिक स्तर पर संस्कृत की आगत शब्दावली के बारे में तो किसी प्रकार की आशंका के लिए स्थान ही नहीं था ।

मूलतः यह कार्य तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के निजी सचिव श्री मोहम्मद अजमल खाँ ने सन् 54 में शुरू किया था । इन सूचियों का पहला प्रारूप उन्हीं की देखरेख में बना । बाद में शिक्षा मंत्रालय के हिंदी प्रभाग/केंद्रीय हिंदी निदेशालय के अधिकारियों और हिंदी तथा संबंधित भाषा-विशेषज्ञों ने इनका पुनरीक्षण-संपादन किया । सन् 58 से 62 के बीच सभी ग्यारह शब्दावलियाँ प्रकाशित हुईं ।

शब्दावलियों में स्रोत भाषा हिंदी के शब्द नागरी और रोमन दोनों में दिए गए । लक्ष्य भाषा के समरूपी शब्द भी देवनागरी और रोमन दोनों में ही दिए गए । इसके बाद स्रोत भाषा के शब्दों का अंग्रेजी में अर्थ दिया गया ।

इन शब्दावलियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के फलस्वरूप अनेक नए तथ्य प्रकाश में आए । इसलिए इनमें संशोधन और परिवर्तन की आवश्यकता समझी गई ।

कोश सलाहकार समिति की सिफारिश पर यह योजना बाद में भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर को हस्तांतरित कर दी गई ।

3.1.11 **प्रयोग कोश** : अंग्रेजी के फाउलर कृत 'ए डिक्शनरी आव इंग्लिश यूसेज' जैसे प्रयोग कोशों का हिंदी में नितांत अभाव है । इस अभाव की पूर्ति के लिए निदेशालय में हिंदी का प्रयोग कोश तैयार करने की योजना बनाई गई । चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान इसे कार्यान्वित करना तय हुआ । कोश के लिए मार्ग-निदेशक सिद्धांत बनाए गए और तदनुसार लगभग सोलह हजार शब्दों का चुनाव किया गया । पर कुछ प्रशासनिक कारणों से इस योजना का काम बंद कर दिया गया ।

3.1.12 **हिंदी शब्द-सागर** (संशोधित संस्करण) : काशी नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी

ने 10 खंडों में शब्द-सागर का परिवर्धित, संशोधित नवीन संस्करण तैयार करने की योजना बनाई। इस कोश के संशोधन-संपादन का संपूर्ण व्यय (एक लाख पैंसठ हजार रुपए) तथा प्रथम और द्वितीय भाग के प्रकाशन का साठ प्रतिशत व्यय-भार शिक्षा मंत्रालय ने वहन किया। इसीलिए इस ग्रंथ के आरंभिक खंडों का मूल्य प्रतिखंड 35/-रु० निर्धारित हुआ। कोश का संशोधन-संपादन सन् 65 में पूरा हो गया था। पहला खंड 65 में प्रकाशित हुआ और दूसरा 67 में।

3.1.13 **हिंदी-मराठी तथा मराठी-हिंदी** : महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे ने सर्व श्री गो० प० ने ने तथा श्रीपाद जोशी के संपादकत्व में वृहत् हिंदी-मराठी शब्द-कोश 1965 में प्रकाशित किया और मराठी-हिंदी 71-72 में। दोनों कोशों के लिए शिक्षा मंत्रालय ने कुल 55,035 रु. का अनुदान दिया। इस आर्थिक सहायता के लिए 'प्रकाशकीय निवेदन' में आभार प्रदर्शित किया गया है।

3.1.14 **हिंदी विश्व-कोश** : काशी नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी ने हिंदी विश्व-कोश 12 खंडों में प्रकाशित किया। इस विश्व-कोश के संपादन एवं प्रकाशन का संपूर्ण व्यय-भार शिक्षा मंत्रालय ने वहन किया। पहला खंड सन् 60 में प्रकाशित हुआ और अंतिम बारहवाँ खंड सन् 70 में।

3.1.15 **हिंदी-बंगला कोश** : श्री गोविंद प्रसाद मैती द्वारा संकलित हिंदी-बंगला की पांडुलिपि निदेशालय ने 10,000/- रु. देकर खरीद ली ताकि त्रिभाषा कोश योजना में संबंधित कोश तैयार करते समय उस सामग्री का उपयोग किया जा सके।

3.1.16 **हिंदी व्युत्पत्ति-कोश** : इस कोश के निर्माण का कार्य सन् 66 में सागर विश्वविद्यालय को सौंपा गया। निर्माण कार्य के लिए 13500/-रु० का वित्तीय अनुदान स्वीकृत हुआ। कोश कार्य की पांडुलिपि निदेशालय में प्राप्त होने पर विशेषज्ञ द्वारा उसकी जाँच करवाई गई। सागर विश्वविद्यालय को इस कोश का प्रकाशन करना था। किंतु उसने इसके प्रकाशन में अपनी असमर्थता प्रकट की। अभी तक किसी योजना के अंतर्गत इसका प्रकाशन नहीं हो पाया है। मूल्यांकन समिति ने सिफारिश की है कि निदेशालय या तो किसी उपयुक्त व्यावसायिक प्रकाशन संस्था के माध्यम से इसका प्रकाशन कराए या फिर स्वयं ही इसके प्रकाशन का दायित्व वहन करे।

इस तरह सातवें दशक में तथा अपनी स्थापना के आरंभिक दस वर्षों में निदेशालय ने हिंदी जगत् में शब्दावलियों, कोशों और विश्वकोशों के क्षेत्र में व्याप्त जो अभाव दृष्टिगोचर हो रहा था, उसकी पूर्ति की दिशा में विश्वविद्यालयों अथवा हिंदी सेवी संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर हिंदी की श्रीवृद्धि में योगदान किया। निश्चय ही कुछ काम अधूरे छूट गए या आर्थिक हानि हुई पर इतना तो कहा ही जा सकता है कि इस क्षेत्र में पर्याप्त काम भी हुआ।

3.2 आठवें दशक की कोश योजनाएँ—केंद्रीय हिंदी निदेशालय के अब तक के 25 वर्षों के जीवन में आठवाँ दशक, यानी सन् सत्तर के बाद के वर्ष नई-नई कोश योजनाओं के जन्म और भरण-पोषण के वर्ष माने जाएँगे। इन वर्षों में हिंदी को समृद्ध करने के लिए भारतीय भाषाओं के द्विभाषी,

त्रिभाषी और बहुभाषी कोशों की योजनाओं का श्रीगणेश हुआ । अनेक द्विभाषी विद्वानों, विश्वविद्यालयों और संस्थाओं ने राष्ट्रीय महत्व के इस काम में अपना योगदान किया । ऐसा लगने लगा मानो निदेशालय हिंदी ही नहीं, अपितु समस्त भारतीय भाषाओं के सम्मिलन का एक सुदृढ़ मंच बन गया हो । यही तथ्य निदेशालय द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से भी प्रकट होता है, जिनका यथास्थान उल्लेख किया गया है ।

इन्हीं वर्षों में सांस्कृतिक आदान-प्रदान की योजना के अंतर्गत अनेक यूरोपीय देशों से हिंदी और उनकी भाषाओं के कोश, वार्तालाप पुस्तिकाएँ आदि निर्मित करने के समझौते हुए और काम आगे बढ़ा । इसे अंतर्राष्ट्रीय जगत् में हिंदी के विस्तार का एक चरण भी माना जा सकता है ।

निदेशालय ने इस दिशा में जो काम किया, उसका ब्यौरा आगे दिया जा रहा है :

3.2.0 द्विभाषा (भारतीय) कोश योजना

जेबी कोश समिति का गठन—प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 2-4-74 को हुई बैठक में दिए गए निदेशानुसार गृहमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 24-8-74 को हुई केंद्रीय हिंदी समिति की उपसमिति में यह निर्णय लिया गया कि जेबी कोश (जो अंग्रेजी-हिंदी दोनों भाषाओं का हो) तथा (2) सभी भारतीय भाषाओं के अर्थ वाले हिंदीमूलक कोश के बारे में सिफारिश करने के लिए एक समिति बनाई जाए । तदनुसार तत्कालीन शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय ने सितंबर, 74 में एक जेबी कोश समिति गठित की । समिति की सदस्यता इस प्रकार थी : श्री गंगाशरण सिंह, डा० विजयेंद्र स्नातक, श्री सुधाकर पांडेय, श्री रमाप्रसन्न नायक, फादर कामिल बुल्के, डा० मलिक मोहम्मद, श्री सनत्कुमार चतुर्वेदी और श्री सुधाकर द्विवेदी ।

3.2.1 हिंदी-अंग्रेजी/अंग्रेजी-हिंदी जेबी कोश

इस समिति ने आरंभ में मूलत: हिंदी-अंग्रेजी/अंग्रेजी-हिंदी कोशों को ही लक्ष्य में रखकर सिफारिशें कीं । कोशों के आकार-प्रकार, शब्द संख्या, शब्दों के चुनाव, शब्दों के रूप और वर्तनी, पर्यायवाची शब्द सुझाने की विधि तथा लिप्यंतरण विराम-चिह्न, व्याकरणिक कोटि आदि सभी बातों के बारे में विशिष्टियाँ पहले से ही तय कर ली गईं । शब्दावली के चयन और निर्धारण के लिए प्रकाशक को स्वतंत्रता दी गई ।

इन जेबी कोशों का उद्देश्य यह था कि विद्यार्थियों और जनसाधारण को सस्ते दाम पर मानक कोश सुलभ कराए जा सकें । यह भी तय हुआ कि इसके लिए नियंत्रित मूल्य पर कागज उपलब्ध करवाया जाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो सरकारी खरीद तथा सार्वजनिक बिक्री के लिए दाम अलग-अलग निर्धारित किए जाएँगे ।

दोनों जेबी कोश पहले निदेशालय द्वारा ही चलाई जा रही 'प्रकाशक सहयोग योजना' के

अधीन प्रकाशित किए जाने थे। यह भी तय हुआ था कि प्रकाशक को 10-10 हजार प्रतियाँ मुद्रित करने की स्वतंत्रता दी जाएगी, पर निदेशालय निर्धारित नियमानुसार 1-1 हजार प्रतियाँ ही खरीदेगा। बाद में जब यह तय हुआ कि इन कोशों को प्रकाशक सहयोग योजना की परिधि से निकाल दिया जाए तो यह मान लिया गया कि निदेशालय एक हजार प्रतियाँ खरीदने के लिए बाध्य नहीं होगा और प्रकाशक कोश में इस बात का उल्लेख करेगा कि ये 'भारत सरकार द्वारा अनुमोदित' हैं।

इन कोशों के लिए प्रेस-विज्ञप्तियाँ निकाल कर एवं विज्ञापन देकर प्रकाशकों/संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जो प्रस्ताव और कोशों के वांछित नमूने प्राप्त हुए उनकी जाँच हुई और मूल्यांकन किया गया। तदनुसार आक्सफोर्ड एवं आई० बी० एच० पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। प्रकाशक ने इन कोशों के संपादन का भार जबलपुर विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति श्री रमाप्रसन्न नायक को सौंपा। अनुमान लगाया गया कि इन दोनों कोशों के प्रकाशन में लगभग डेढ़ लाख रुपया खर्च होगा और दोनों कोशों के सैट का मूल्य 45/- रु. (या प्रत्येक कोश का 24/- रु.) होगा। इन कोशों को मार्च 78 तक प्रकाशित हो जाना था पर प्रकाशक को बार-बार स्मरण-पत्र भेजे गए और प्रकाशक के उत्तर की वर्षों तक प्रतीक्षा की गई। अंततोगत्वा जब इनका प्रकाशन संभव नहीं हुआ तो अप्रैल, 81 में अंग्रेजी-हिंदी एवं हिंदी-अंग्रेजी लघु व्यावहारिक कोशों को बंद करने का निर्णय शिक्षा मंत्री के स्तर पर ले लिया गया और तदनुसार प्रकाशक को अंतिम रूप से सितंबर में सूचित कर दिया गया।

जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है, निदेशालय में ही तैयार हो रहे पहले वाले परिवर्धित व्यावहारिक लघुकोश के संपादन-प्रकाशन का कार्य बीच में ही रोक दिया गया था। बाद में श्री नायक वाले इन दोनों कोशों के कार्य को भी बंद कर देने का निर्णय हो जाने से हिंदी-अंग्रेजी और अंग्रेजी-हिंदी के परिवर्धित व्यावहारिक लघु कोशों की योजना खटाई में पड़ गई। अब निदेशालय पुन: इस बात पर विचार कर रहा है कि परिवर्धित हिंदी-अंग्रेजी व्यावहारिक कोश को निदेशालय में ही संशोधित करवा कर एक निश्चित कालावधि में प्रकाशित करवाया जाए।

3.2.2 भारतीय भाषाओं के व्यावहारिक लघुकोश

उल्लेख किया जा चुका है कि संस्कृत को छोड़कर संविधान की अनुसूची में परिगणित अन्य सभी भाषाओं के कोश बनाने की सिफारिश भी जेवी कोश समिति ने की थी। तय हुआ कि निम्नलिखित 13 हिंदीमूलक कोश होंगे और 13 प्रादेशिक भाषामूलक—

1. हिंदी-असमिया
2. हिंदी-उड़िया
3. हिंदी-उर्दू
4. हिंदी-कन्नड़
5. हिंदी-कश्मीरी
6. हिंदी-गुजराती
7. हिंदी-तमिल
8. हिंदी-तेलुगु
9. हिंदी-पंजाबी
10. हिंदी-बंगला

11. हिंदी-मलयालम	19. गुजराती-हिंदी
12. हिंदी-मराठी	20. तमिल-हिंदी
13. हिंदी-सिंधी	21. तेलुगु-हिंदी
14. असमिया-हिंदी	22. पंजाबी-हिंदी
15. उड़िया-हिंदी	23. बंगला-हिंदी
16. उर्दू-हिंदी	24. मलयालम-हिंदी
17. कन्नड़-हिंदी	25. मराठी-हिंदी
18. कश्मीरी-हिंदी	26. सिंधी-हिंदी

इन कोशों के बारे में यह सिफारिश की गई थी कि इन्हें स्वैच्छिक संस्थाओं को 75% अनुदान देकर प्रकाशित करवाया जाए। प्रकाशकों द्वारा उत्साह न दिखाए जाने पर निदेशालय ही उनका प्रकाशन करे।

इन कोशों के प्रकाशन की समय-तालिका के बारे में भी अनुमान लगाया गया और आशा की गई कि सन् 77 में काम शुरू करके इनका प्रकाशन जून 79 तक किया जा सकेगा। कोश कार्य की गुरुता और संभावित कठिनाइयों का पूर्वानुमान न लगा सकने के कारण ही, लगता है कि इतनी अल्पकालिक महत्वाकांक्षी समयावधि तय करने की चूक हो गई।

इन कोशों का उद्देश्य भी अंग्रेजी वाले कोशों की तरह माना गया। आकार-प्रकार, शब्द-संख्या, शब्दों का चुनाव, शब्दों का रूप और वर्तनी, लक्ष्य भाषा में पर्यायवाची शब्दों का अंकन, लिप्यंतरण, विराम-चिह्न, व्याकरणिक कोटियों का संकेत आदि विषयों के बारे में भी निदेशक सिद्धांत तय किए गए। प्रविष्टियों की संख्या दस हजार निर्धारित की गई। हिंदीमूलक शब्दों के लिए आधार शब्दावली का चयन निदेशालय में ही किया गया। प्रादेशिक भाषामूलक कोशों की प्रविष्टियों का काम कोश निर्माताओं पर छोड़ा गया, पर इसके लिए सामान्य नीति-निदेश अवश्य भेज दिए गए। लक्ष्य भाषा में पर्याय-अंकन और पुनरीक्षण के लिए दोनों भाषाओं के विद्वानों का चयन किया गया और तदनुसार उन्हें काम सौंपा गया (परिशिष्ट 2)।

इन द्विभाषी कोशों की यदि अन्य उपलब्ध कोशों से तुलना की जाए तो यह उल्लेखनीय विशेषता देखने को मिलेगी कि स्रोत भाषा की प्रविष्टियों और लक्ष्य भाषा के पर्यायों का क्रमशः लक्ष्य भाषा और स्रोत भाषा की लिपियों में लिप्यंतरण भी दिया गया है। इस व्यवस्था से दोनों भाषाओं में से एक की लिपि न जानने वाला प्रयोक्ता भी कोशों का सुविधापूर्वक उपयोग कर सकता है।

सन् 80 तक कोई कोश प्रकाशित नहीं हो सका। हाँ, कार्य में पर्याय प्रगति अवश्य हुई। स्वाभाविक ही था कि यह प्रगति भी समानुपातिक नहीं रही।

3.2.3 त्रिभाषा कोश योजना

ऐतिहासिक कालक्रम को इस विवरण का आधार मानें तो इस त्रिभाषा कोश योजना का उल्लेख द्विभाषा कोश योजना से पहले होना चाहिए था, क्योंकि त्रिभाषा कोश योजना तो सन् 71-72 में ही शुरू हो गई थी; जबकि द्विभाषी कोशों के निर्माण का निश्चय सन् 74 में हुआ। किंतु निदेशालय के 25/26 वर्षों का यह इतिहास तिथि-क्रम पर आधारित न होकर मुख्यत: योजनोन्मुखी है। इसलिए इसमें संख्यावाची क्रम (द्विभाषा/त्रिभाषा/बहुभाषा) ही अपनाना अधिक समीचीन प्रतीत होता है।

3.2.3.1 **योजना का सूत्रपात और उद्देश्य :** इस योजना का सूत्रपात तत्कालीन शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय की शिक्षा समिति की भारतीय भाषा समिति और कार्यकारिणी उपसमिति की सिफारिश पर हुआ। सन् 1969 में त्रिभाषा कोशों के निर्माण की योजना बनी। सन् 1971 में निदेशालय ने इन कोशों के निर्माण का काम हाथ में लिया।

भारतीय शिक्षा जगत् में जब से त्रिभाषा सूत्र लागू किया गया, तभी से इस बात की आवश्यकता का अनुभव किया जाता रहा कि ऐसे कोश तैयार किए जाने चाहिए जिनमें हिंदी, प्रादेशिक भाषा और अंग्रेजी—तीनों के समानांतर क्रम में शब्द-पर्याय दिए जाएँ ताकि संविधान स्वीकृत किसी एक भाषा को जानने वाला छात्र या शोधकर्त्ता भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के समानार्थक शब्द साथ-साथ देख सके। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के एक साधन के रूप में यह त्रिभाषा कोश योजना शुरू की गई।

3.2.3.2 **योजना :** त्रिभाषा कोशमाला के अंतर्गत निम्नलिखित हिंदीमूलक और प्रादेशिक भाषामूलक 12-12 कोश तैयार करने का निश्चय किया गया। इन सभी कोशों में तीसरी भाषा समान रूप से अंग्रेजी है।

कोश	सहयोगी संस्था
1. हिंदी-असमिया-अंग्रेजी	गुवाहाटी विश्वविद्यालय
2. असमिया-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
3. हिंदी-उड़िया-अंग्रेजी	उत्कल विश्वविद्यालय
4. उड़िया-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
5. हिंदी-कन्नड़-अंग्रेजी	मैसूर विश्वविद्यालय
6. कन्नड़-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
7. हिंदी-कश्मीरी-अंग्रेजी	कश्मीर विश्वविद्यालय
8. कश्मीरी-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—

कोश	संस्था
9. हिंदी-गुजराती-अंग्रेजी	विश्वविद्यालय पुस्तक निर्माण बोर्ड, अहमदाबाद
10. गुजराती-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
11. हिंदी-तमिल-अंग्रेजी	के० हि० संस्थान, आगरा
12. तमिल-हिंदी-अंग्रेजी	दक्षिण भारती हिंदी प्रचार सभा, मद्रास
13. हिंदी-तेलुगु-अंग्रेजी	उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
14. तेलुगु-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
15. हिंदी-पंजाबी-अंग्रेजी	पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला
16. पंजाबी-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
17. हिंदी-बंगला-अंग्रेजी	विश्वभारती, शांतिनिकेतन
18. बंगला-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
19. मलयालम-हिंदी-अंग्रेजी	राजकीय भाषा संस्थान नालंदा, त्रिवेंद्रम
20. हिंदी-मलयालम-अंग्रेजी	—वही—
21. हिंदी-मराठी-अंग्रेजी	महाराष्ट्र राष्ट्र भाषा सभा, पुणे
22. मराठी-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—
23. हिंदी-सिंधी-अंग्रेजी	के० हि० संस्थान, आगरा
24. सिंधी-हिंदी-अंग्रेजी	—वही—

जैसा कि ऊपर की तालिका से स्पष्ट है, इन कोशों के निर्माण में 13 विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से सहयोग के लिए संपर्क किया गया।

3.2.3.3 निदेशक सिद्धांत : प्रत्येक कोश में बीस हजार प्रविष्टियों की सीमा निर्धारित की गई। हिंदीमूलक कोशों की आधार शब्दावली का चयन निदेशालय में किया गया और अंग्रेजी पर्याय भी निदेशालय ने ही अंकित किए। इसके बाद लक्ष्य भाषा में पर्यायांकन के लिए तैयार हिंदी-अंग्रेजी की आधार सामग्री इन संस्थाओं को भेजी गई। शब्दों के चुनाव, शब्दों के रूप और वर्तनी तथा रूपबंध (फार्मेट) संबंधी निदेशक सिद्धांत भी इन संस्थाओं को आरंभ में ही भेज दिए गए, ताकि उनके लिए नियत प्रादेशिक भाषामूलक कोशों के निर्माण में वे मार्गदर्शन का काम कर सकें और इस प्रकार दोनों प्रकार के कोशों में यथासंभव एकरूपता बनी रहे। इन प्रादेशिक भाषामूलक कोशों की प्रविष्टियाँ चुनने का काम संबंधित संस्थाओं के कोश-निर्माताओं पर ही छोड़ दिया गया।

इन सभी कोशों की यह विशेषता है कि लक्ष्य भाषा के पर्याय को अपनी लिपि के साथ-साथ स्रोत भाषा की लिपि में भी लिप्यंतरित करने की व्यवस्था की गई है, ताकि स्रोत भाषा का प्रयोक्ता

लक्ष्य भाषा की लिपि न जानने के बावजूद उस भाषा में प्रयुक्त शब्दों को और उनके उच्चारण को सही-सही जान सकता है।

3.2.3.4. कार्य प्रगति : आरंभ में यह अनुमान लगाया गया था (जो कार्य की गुरुता को देखते हुए उचित नहीं जान पड़ता) कि कार्य के सौंपे जाने की तारीख से एक वर्ष में निर्माण-कार्य पूरा हो जाएगा। किंतु, जैसा कि स्वाभाविक ही था, विश्वविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा मुख्य संकलन कर्त्ताओं के चयन, कोश संबंधी विशेषज्ञ समितियों के गठन तथा उन्हें अपेक्षित सुविधाएँ प्रदान करने में ही बहुत समय लग जाने के कारण तथा समुचित स्टाफ के अभाव में कार्य समय पर शुरू नहीं हो सका। निदेशालय द्वारा निरंतर किए जाते रहे आग्रह-अनुरोध के परिणामस्वरूप ही इन कोशों के निर्माण में गति आई और सन् 80 तक लगभग अधिकांश हिंदीमूलक कोशों का 50% काम पूरा हुआ।

हिंदीमूलक त्रिभाषा कोशों के निर्माण-खर्च के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय/संस्था को दो किस्तों में 10600 रु० तथा प्रादेशिक भाषामूलक कोशों के लिए 12600 रु० दिए गए। प्रत्येक कोश के पुनरीक्षण के लिए 500/ रु० की राशि निर्धारित की गई। निर्माण-कार्य के बाद इन कोशों के प्रकाशन का दायित्व निदेशालय पर है।

3.2.4. भारतीय भाषा कोश

इस कोश के निर्माण की प्रेरणा भी तत्कालीन प्रधानमंत्री ने केंद्रीय हिंदी समिति की 2 अप्रैल, 74 की बैठक में दी थी। द्विभाषा कोष योजना के प्रसंग में उल्लिखित जेबी कोश समिति ने ही सभी भारतीय भाषाओं के कोशों की रचना के बारे में भी सिफारिश की और इसकी योजना के प्रारूप को जुलाई, 76 में अनुमोदित किया।

संपूर्ण देश की जनता सभी भारतीय भाषाओं की शब्द-संपदा से सुविधापूर्वक परिचित हो सके, यही इस कोश का लक्ष्य निश्चित हुआ। कोष का उद्देश्य विभिन्न भारतीय भाषाओं में समानता दिखाना रहा है, न कि विषमता उभारना। अतः यह आवश्यक समझा गया कि भारतीय भाषाओं के मुख्यतः वे पर्याय दिए जाएँ जिनका या जिनसे मिलते-जुलते शब्दों का प्रयोग समान अर्थ में होता हो।

भारतीय भाषा कोश के लिए लगभग पाँच हजार प्रविष्टियों का चयन किया गया। हिंदी-मूलक आधार शब्दावली निदेशालय में ही संकलित की गई और संस्कृत को छोड़कर सभी भारतीय भाषाओं में पर्याय-अंकन और पुनरीक्षण का कार्य संबंधित भाषा-विशेषज्ञों से करवाया गया। कोश निर्माण के समय इस बात का पूरा ध्यान रखा गया कि यह कोश जनसाधारण तथा भारतीय भाषाओं को सीखने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हो सके।

मूल योजना में इस कोश के तीन खंड प्रस्तावित थे। प्रकाशित रूप में इसमें केवल दो खंड हैं। खंड-1 में 'वर्गीकृत शब्दावली' है, जो वर्गों के अनुसार अकारादिक्रम में दी गई है। खंड-2 में

सामान्य शब्दावली भी अकारादिक्रम में है। इस बात का ध्यान रखा गया है कि दोनों खंडों की शब्दावली में दुहराव न आए। खंड-3 में सामान्य वार्तालाप से संबंधित लगभग 2,500 वाक्य और वाक्यांश दिए जाने थे। किंतु चूँकि निदेशालय सभी भारतीय भाषाओं की वार्तालाप पुस्तिकाएँ भी अलग से प्रकाशित कर रहा है, इसलिए मूल्यांकन समिति की सिफारिश पर अनावश्यक कलेवर वृद्धि और दुहराव से बचने के लिए इन वाक्यांशों को इस कोश में सम्मिलित नहीं किया गया।

कोश का आकार 20" × 30"/4 है और इसमें लगभग 470 पृष्ठ हैं। दोनों खंडों में मूल प्रविष्टि हिंदी की है। इसके बाद भारतीय भाषाओं के पर्याय परिवर्धित देवनागरी लिपि में दिए गए हैं। भारतीय भाषाओं का क्रम वर्णक्रमानुसार न होकर भौगोलिक निकटता के आधार पर रखा गया है। मोटे तौर पर इनके चार वर्ग हैं : (1) पंजाबी, उर्दू, कश्मीरी और सिंधी; (2) मराठी और गुजराती; (3) बंगला, असमिया और उड़िया; (4) तेलगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़।

खंड-1 में मूल प्रविष्टियाँ एकार्थी हैं। खंड-2 की जिन प्रविष्टियों के एकाधिक अर्थ हैं, उन्हें उस प्रविष्टि के आगे दे दिया गया है और तत्संबंधी भाषा-पर्याय उनके सामने दिए गए हैं। खंड-1 के विपरीत इन सभी प्रविष्टियों की व्याकरणिक कोटियाँ भी अंकित की गई हैं।

जेबी कोश समिति का विचार था कि निदेशालय इस कोश की पांडुलिपि तैयार करके उसे मुद्रण और प्रकाशन के लिए प्रकाशकों, प्रकाशक संघों अथवा हिंदी सेवी संस्थाओं को सौंप दे। उसने अनुमान लगाया कि यह कोश 30 जून, 79 तक प्रकाशित हो जाएगा। निर्माण कार्य और पुनरीक्षण में पर्याप्त समय लग जाना स्वाभाविक था। अंग्रेजी-हिंदी/हिंदी-अंग्रेजी कोश के लिए प्रकाशकों से माँगे गए सहयोग का उदाहरण निदेशालय के सामने था ही। इसी वजह से इस कोश के प्रकाशन का भार भी निदेशालय ने ही उठाया।

3.3 अद्यतन प्रगति

जैसा कि बताया गया है, सन् 80 तक कोशों (द्विभाषा/त्रिभाषा/बहुभाषा) के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी थी। काम में काफी बिखराव आ गया था और पर्याप्त समय बीत जाने पर भी कोश प्रकाशित नहीं हो पा रहे थे, इसलिए निदेशालय की प्रतिष्ठा दाँव पर थी।

अस्सी के बाद के पाँच/छह वर्षों का काल कोश-योजना के उत्कर्ष का काल रहा है। इस अवधि में अधिकांश कोशों का संपादन कार्य पूरा हुआ और उनमें से कुछ का सुरुचिपूर्ण प्रकाशन भी हुआ। 31 मार्च, 86 तक की प्रगति का विवरण इस प्रकार है :—

कुल 53 कोशों (28 द्विभाषा कोश, 24 त्रिभाषा कोश तथा 1 बहुभाषा कोश) की योजना थी। इनमें से 2 कोश (हिंदी-अंग्रेजी/अंग्रेजी-हिंदी) छोड़ दिए गए; शेष 51 कोशों में से 1 भारतीय भाषा कोश, 6 द्विभाषा कोश (हिंदी-गुजराती, हिंदी-सिंधी, हिंदी-मराठी, हिंदी-उर्दू, हिंदी-असमिया और हिंदी-तमिल) तथा 4 त्रिभाषा कोश (हिंदी-गुजराती-अंग्रेजी, हिंदी-कन्नड़-अंग्रेजी, हिंदी-तमिल-अंग्रेजी तथा हिंदी-मलयालम-अंग्रेजी—सभी 3-3 खंडों में) प्रकाशित

हो चुके हैं। कालक्रमानुसार कुछ कोशों का विमोचन दिनांक 20 दिसंबर, 84 तथा 14 मई, 85 को हुए दो समारोहों में क्रमश: तत्कालीन शिक्षा तथा संस्कृति सचिव श्रीमती सरला ग्रेवाल एवं तत्कालीन शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण चंद्र पंत द्वारा हो चुका है। दोनों समारोहों की अध्यक्षता क्रमशः तत्कालीन शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय के विशेष सचिव श्री किरीट जोशी तथा सचिव श्री आनंद सरूप ने की थी। 8 द्विभाषा कोश (हिंदी-मलयालम, हिंदी-उड़िया, हिंदी-तेलुगु, हिंदी-कश्मीरी, हिंदी-कन्नड़, उर्दू-हिंदी, उड़िया-हिंदी और मलयालम-हिंदी तथा 8 त्रिभाषा कोश (हिंदीमूलक कश्मीरी, असमिया, सिंधी, बंगला, मराठी और मराठी, गुजराती तथा तमिल मूलक) तैयार हैं, जिनमें से 3 द्विभाषा कोश प्रेस को सौंपे जा चुके हैं। 1 त्रिभाषा कोश (हिंदी-पंजाबी-अंग्रेजी) पुनरीक्षणाधीन है और 3 (हिंदी-तेलुगु-अंग्रेजी, कन्नड़-हिंदी-अंग्रेजी, बंगला-हिंदी-अंग्रेजी) निर्माणाधीन। शेष 2 हिंदीमूलक और 10 प्रादेशिक भाषामूलक द्विभाषा कोशों का तथा 1 हिंदीमूलक और 7 प्रादेशिक भाषामूलक त्रिभाषा कोशों का कार्य छठी पंचवर्षीय योजना में स्थगित कर दिया गया था। आशा है, सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नए सिरे से इन कोशों को पूरा करवाया जाएगा।

प्रकाशित रूप में जो कोश सामने हैं, वे जेबी आकार के न होकर 20" × 30"/8 आकार के हैं।

3.4 नई कोश योजना

मूल्यांकन समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि निदेशालय को अपनी वर्तमान योजनाओं के अतिरिक्त कुछ ऐसी नई योजनाएँ भी शुरू करनी चाहिए, जो उसकी कार्य-परिधि के अंतर्गत आती हैं। उसने सिफारिश की थी कि व्यक्तिनाम कोश, भारतीय भाषाओं का परिचय कोश, विदेशी भाषाओं का परिचय कोश, तत्सम शब्द कोश तथा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाओं के हिंदी से संबंधित कोश तैयार किए जाने चाहिए। तदनुसार सन् 83 में निम्नलिखित तीन कोशों का समयबद्ध कार्यक्रम शुरू किया गया :—

3.4.1 तत्सम शब्द कोश

भारतीय भाषाओं के मूल रूप का परिचय प्राप्त करने के लिए एक संस्कृत आधारित कोश के निर्माण की योजना बनाई गई, क्योंकि सभी भारतीय भाषाओं की विपुल शब्द-संपदा का मुख्य स्रोत संस्कृत भाषा ही है। तत्सम शब्द कोश का कार्य जून, 83 में शुरू हुआ और दिसंबर, 85 में इसे मुद्रण के लिए भेज दिया गया। आशा है, यह कोश सन् '86 में प्रकाशित हो जाएगा।

इस कोश में लगभग 1600 प्रविष्टियाँ हैं। ये सभी प्रविष्टियाँ वे संस्कृत प्रविष्टियाँ हैं जो हिंदी और अधिकांश भारतीय भाषाओं में तत्सम रूप में प्रयुक्त हो रही हैं। कोश में कुल पंद्रह कालम हैं, जिनमें पहला कालम संस्कृत का और दूसरा हिंदी का है। शेष 13 कालम भारतीय भाषाओं

के अकारादिक्रम में हैं । मुख्य प्रविष्टि के सामने भारतीय भाषाओं के तत्सम या तत्समवत् रूप भाषा विशेष की प्रकृति के अनुसार आवश्यक स्वन-परिवर्तन या प्रत्ययों से युक्त रूप देवनागरी में दिए गए हैं और उन सबके मुख्यार्थ एक ही क्रम में हिंदी में दिए गए हैं। जिन भाषाओं में इन तत्सम शब्दों के अन्य भाषाओं से भिन्न नए अर्थ विकसित हो गए हैं, उन्हें रेखांकित कर दिया गया है ताकि अंतर स्पष्ट हो सके ।

इस तरह यह कोश उन विद्यार्थियों या विद्वानों के लिए उपयोगी होगा जो भारतीय भाषाओं में प्रचलित समान शब्दावली की खोज करते हुए उसकी मूलभूत एकता की पहचान तथा उनमें परस्पर समान तत्वों की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं । यह कोश भाषा-शब्दावलियों का तुलनात्मक अध्ययन करने वालों के लिए भी उपयोगी होगा।

संपादन परामर्श मंडल और जिन विद्वानों ने इस कोश के निर्माण में सहयोग दिया है, उनकी सूची परिशिष्ट-3 में देखी जा सकती है ।

3.4.2 संयुक्त राष्ट्र संघ भाषा कोश

निदेशालय ने इस योजना को तीन चरणों में पूरा करने का कार्यक्रम बनाया है: (1) हिंदी-मूलक अलग-अलग द्विभाषा कोश; (2) हिंदीमूलक समेकित कोश; (3) राष्ट्र संघ भाषा मूलक हिंदी कोश ।

पहले चरण का कार्यक्रम जून, 83 में शुरू किया गया और दिसंबर, 85 में हिंदी-अरबी, हिंदी-चीनी, हिंदी-फ्रांसीसी और हिंदी-स्पेनी कोशों की पांडुलिपियाँ मुद्रणार्थ तैयार कर दी गईं । आशा है, ये चारों कोश सन् 86 में प्रकाशित हो जाएँगे ।

इन कोशों में हिंदी की लगभग 2500 प्रविष्टियाँ हैं। इनमें से दो हजार शब्द आधारभूत सामान्य शब्द हैं और शेष राजनय से संबंधित । प्रत्येक प्रविष्टि के सामने संबंधित भाषा की लिपि में मुख्य-मुख्य अधिकाधिक तीन पर्याय दिए गए हैं और आगे उनका देवनागरी में लिप्यंतरण किया गया है ।

जहाँ तक हिंदीमूलक कोशों का संबंध है, संयुक्त राष्ट्र संघ की मान्यताप्राप्त शेष दो भाषाओं (अंग्रेजी और रूसी) के कोश तैयार नहीं किए गए हैं, क्योंकि इन दोनों भाषाओं के सामान्य कोश उपलब्ध हैं । दूसरे चरण का कार्य '86 में पूरा कर लिया जाएगा। इस समेकित कोश में हिंदी की प्रविष्टियों के छहों भाषाओं में पर्याय दिए जाएँगे । तीसरे चरण का कार्य इन दोनों कोशों के प्रकाशित हो जाने पर शुरू किया जाएगा ।

हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने और संयुक्त राष्ट्र संघ में मान्यता दिलाने का स्वर उठ रहा है । इस दिशा में निदेशालय का यह योगदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, ऐसी आशा है ।

संपादन परामर्श मंडल और सहयोगी कार्य दल की सूची परिशिष्ट-4 में दी गई है ।

3.4.3 भारतीय भाषा परिचय कोश

इस योजना का कार्यान्वयन जून, 83 में शुरू हुआ। निश्चय हुआ कि कोश में अकारादिक्रम से सभी 15 भारतीय भाषाओं का परिचय दिया जाए; यह परिचय विवरणात्मक हो और उसमें प्रत्येक भाषा, उसकी उपभाषाओं और प्रमुख बोलियों की संक्षिप्त जानकारी दी जाए; भाषाओं के भौगोलिक, ऐतिहासिक और भाषावैज्ञानिक पक्षों का विवेचन किया जाए; विवेचना में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि हिंदी के संदर्भ में प्रत्येक भाषा के सामान्य और भेदक लक्ष ़ों को उभारा जा सके; प्रत्येक भाषा के साहित्यिक, राष्ट्रीय और प्रशासनिक महत्व को रेखांकित किया जाए; तथा आवश्यकतानुसार अनुक्रमणिका और संदर्भ ग्रंथ सूची भी दी जाए।

इस कोश की सामग्री का संकलन सन् 85 में कर लिया गया। संपादन के बाद इसे सन् 86 में ही प्रकाशित कर दिया जाएगा। इस कोश के भाषावार लेखकों की सूची परिशिष्ट-5 में देखी जा सकती है।

3.5 सभी कोश योजनाएँ : सिंहावलोकन

इस तरह विविध कोश योजनाओं के पूरे पच्चीस-छब्बीस वर्षों के इतिहास का सिंहावलोकन करें तो सार रूप में यह कहा जा सकता है कि सातवाँ दशक अनेक प्रकार के कोशों के सूत्रपात का काल रहा है; आठवाँ दशक उनका निर्माण काल और नवें दशक के पहले पाँच वर्ष उनका उत्कर्ष काल। निर्माण काल में ही इसका पता चल गया था कि भविष्य में कौन सी योजनाएँ पूरी हो सकेंगी और किन्हें छोड़ देना या लंबे समय तक स्थगित कर देना पड़ेगा। जिन कोशों को पूरा कर सकने की संभावनाएँ दृष्टिगोचर हो रही थीं; उन्हीं पर अस्सी के बाद के वर्षों में ध्यान दिया गया। परिणाम यह हुआ कि इस दौरान अनेक कोश प्रकाशित हुए हैं और शेष प्रकाशन की प्रक्रिया में हैं।

यही नहीं, इस कालखंड में पहली बार कुछ नई कोश योजनाएँ समयबद्ध तरीके से शुरू की गईं और अल्पकाल में वे संपन्न भी हो गईं। इसी दौरान हिंदी ने अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज में अपनी उड़ान को अधिक विस्तार ही नहीं दिया, अपितु राष्ट्रसंघ की भाषा बन सकने के स्वप्न को सार्थकता प्रदान करने की क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रयत्न भी किए। हिंदी और राष्ट्रसंघ की भाषाओं के कोश इस बात का प्रमाण उपस्थित करते हैं। सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत कोशों का निर्माण भी इस आधार को पुष्ट करता है।

भविष्य में शेष बचे कोशों को भी यथाशीघ्र पूरा करने का भरसक प्रयत्न किया जाएगा।

3.6 सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम

भारत सरकार और विदेशी सरकारों के बीच समय-समय पर सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों से संबंधित समझौते होते रहते हैं और उनका कार्यान्वयन संबंधित मंत्रालयों/कार्यालयों के माध्यम से

होता है। पिछले छब्बीस वर्षों में ऐसे करारों के अंतर्गत निदेशालय में जो-जो योजनाएँ चलाई गईं या चल रही हैं, उनका विवरण आगे दिया जा रहा है।

3.6.1 जर्मन-हिंदी तथा हिंदी-जर्मन कोश

भारत तथा जर्मन जनवादी गणतंत्र के बीच 1971-73 के सांस्कृतिक-विनिमय कार्यक्रम की मद संख्या 28 के अनुसरण में केंद्रीय हिंदी निदेशालय और हम्बोल्ट विश्वविद्यालय, बर्लिन द्वारा क्रमशः जर्मन-हिंदी तथा हिंदी-जर्मन कोश-निर्माण का कार्य आरंभ किया गया। दोनों संस्थाओं ने मिलकर जो कार्य-योजना बनाई, उसके अनुसार निदेशालय को (1) जर्मन-हिंदी कोश तैयार करना था; तथा (2) जर्मन पक्ष को आवंटित हिंदी-जर्मन कोश के लिए 45,000 हिंदी प्रविष्टियों की सूची तैयार करके भेजनी थी। परस्पर सहयोग के लिए दोनों संस्थाओं के बीच विशेषज्ञ प्रतिनिधि मंडल के विनिमय की व्यवस्था भी रखी गई।

निदेशालय ने 45,000 हिंदी प्रविष्टियों की पूरी सूची 1976 में बर्लिन भेज दी। हम्बोल्ट विश्वविद्यालय से जर्मन प्रविष्टियों की सूची अंशों में प्राप्त हुई, जिसकी पहली किस्त जर्मन-प्रतिनिधि मंडल अपने साथ 1975 में लाया।

जर्मन-हिंदी कोश का कार्य निदेशालय में वस्तुतः 1977 में ही शुरू किया जा सका। कार्य का आरंभ निदेशालय में विद्यमान जर्मन जानने वाले दो कार्यकर्त्ताओं की मदद से शुरू किया गया। जर्मन कोश एकक के लिए अलग से स्टाफ की माँग भी बराबर की जाती रही, जिसके परिणामस्वरूप सितंबर, 82 में केवल दो अनुसंधान सहायक मिले। देश के विश्वविद्यालयों के जर्मन विभागों के अध्यापकों और कुछ अन्य विशेषज्ञों की सेवाएँ भी समय-समय पर निदेशालय को उपलब्ध होती रहीं। जमंन प्रतिनिधि मंडलों का परामर्श भी समय-समय पर मिलता रहा। बीच में कार्यकर्त्ताओं के प्रति-नियुक्ति पर अन्यत्र चले जाने के कारण कुछ दिनों कार्य बंद भी रहा। अन्य प्रकार के छोटे-मोटे व्यवधान और भी आए। संप्रति जर्मन भाषा जानने वाले चार व्यक्ति इस योजना पर काम कर रहे हैं। तुलना करने पर ज्ञात होता है कि जर्मन पक्ष वाले हिंदी-जर्मन कोश का कार्य अधिक व्यवस्थित रूप से चला है क्योंकि वहाँ 5-6 प्राध्यापक नियमित रूप से कोश कार्य में लगे हुए हैं।

जर्मन-हिंदी कोश की योजना बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। कहने को तो इसमें केवल पैंतालीस हजार प्रविष्टियाँ हैं, पर जिस जर्मन कोश (वोर्तर बूख देयर द्योशन गेगनवार्तश्प्राखे, अकादेमी फर्लाग-बर्लिन 1973, अद्यतन 1981) को आधार मानकर यह कार्य चल रहा है। उसको देखने से लगता है कि वास्तविक कार्य लाखों शब्दों का है, क्योंकि मुख्य प्रविष्टियों के पेटे में सामासिक शब्दों, अर्थच्छायाओं, प्रयोगों, मुहावरों आदि से संबंधित अनेक उपप्रविष्टियाँ भी सम्मिलित हैं। व्यवस्था-नियोजन संबंधी कुछ कमियों, कार्यकारी स्टाफ की न्यूनता, पर्यवेक्षक स्तर के अर्हता प्राप्त अधिकारियों की कमी, विशेषज्ञों के नियमित परामर्श का अभाव आदि के कारण जर्मन-हिंदी कोश का कार्य पर्याप्त प्रगति नहीं कर पाया।

समझौते के अनुसार दोनों पक्षों को अपने-अपने कोश दिसंबर 1985 तक प्रकाशित कर देने थे । ज्ञात हुआ है कि हिंदी-जर्मन कोश का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब जर्मन पक्ष उसके प्रकाशन की व्यवस्था कर रहा है । भारतीय पक्ष का कार्य ऊपर बताए गए कारणों की वजह से पूरा नहीं हो सका है। मार्च, 86 तक की कार्य-प्रगति इस प्रकार है—(i) सभी 45,000 प्रविष्टियों के हिंदी-पर्यायों का प्रारूप तैयार है; (ii) लगभग 27,000 प्रविष्टियों को विशेषज्ञों की सलाह से अंतिम रूप दिया जा चुका है; (iii) लगभग 17,000 प्रविष्टियों को संपादित कर दिया गया है और (iv) लगभग 1,500 जर्मन प्रविष्टियों का देवनागरी लिप्यंतरण किया जा चुका है ।

कार्य की विलंबित गति को देखते हुए निदेशालय ने यह निश्चय किया है कि जर्मन-हिंदी कोश को दो खंडों में प्रकाशित किया जाएगा । अनुमान है कि पहले खंड की प्रेस-पांडुलिपि सितंबर/अक्टूबर, 86 तक तैयार हो जाएगी और इसके बाद इसका प्रकाशन होगा । दूसरे खंड का कार्य सन् 88 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । दोनों पक्षों के कोश प्रकाशित हो जाएँ, इसके लिए सांस्कृतिक समझौते की अवधि मार्च, 88 तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है ।

दोनों देशों के बीच हुए इस सांस्कृतिक समझौते को लगभग 15 वर्ष बीत गए हैं । इस दौरान प्रति वर्ष कार्य-प्रगति की समीक्षा होती रही है और तदनुसार बीच-बीच में समझौते का नवीकरण होता रहा है । समझौते की अवधि में अब तक 7 जर्मन प्रतिनिधि मंडल भारत आ चुके हैं और 4 भारतीय प्रतिनिधि मंडल जर्मनी जा चुके हैं ।

जर्मन-हिंदी कोश के निर्माण कार्य में अब तक जिन-जिन गैरसरकारी भारतीय और विदेशी विशेषज्ञों ने निदेशालय को सहयोग प्रदान किया है, उनकी सूची परिशिष्ट-6 में देखी जा सकती है ।

3.6.2 चेक-हिंदी तथा हिंदी-चेक कोश

भारत और चेकोस्लोवाकिया के बीच 76-78 में हुए सांस्कृतिक करार की मद संख्या 17ए के अनुसार दोनों पक्षों को कोश, वार्तालाप-पुस्तिका तथा व्याकरण के क्षेत्र में सहयोग करना था । भारत में इसका कार्यान्वयन केंद्रीय हिंदी निदेशालय के माध्यम से हो रहा है और चेकोस्लोवाकिया में प्राग स्थित चार्ल्स विश्वविद्यालय के माध्यम से ।

चेक-हिंदी कोश का निर्माण निदेशालय में किया जा रहा है और हिंदी-चेक कोश का कार्य चेकोस्लोवाकिया में । हिंदी-चेक कोश की 15 हजार प्रविष्टियों का चयन भारतीय पक्ष द्वारा निदेशालय में किया गया । चेक-हिंदी कोश का वास्तविक कार्य जुलाई, सन् 77 में शुरू हुआ । इस कोश के लिए 15,000 प्रविष्टियों का चयन चेक पक्ष ने किया और रूपबंध के लिए प्राग से प्रकाशित डा० कारेल हाईस के लघुकोश 'आंग्लिस्की कपेस्न्यी स्लोवन्यीक' का सहारा लेने का सुझाव दिया ।

आरंभ में, निदेशालय के स्टाफ में चेक भाषा का जानकार व्यक्ति उपलब्ध नहीं था, इसलिए

दिल्ली में उपलब्ध चेक भाषा जानने वाले विद्वानों के सहयोग से तथा आधार कोश के अंग्रेजी अंश की सहायता से कार्य शुरू किया गया । इसमें काफी कठिनाइयाँ आईं । यह स्वाभाविक ही था । कार्य की प्रगति अत्यंत मंथर रही । पर बाद में, भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सन् 82 में तीन मास (सितंबर-दिसंबर) के प्रवास काल में चेक विशेषज्ञों की सहायता से पूरे कोश का पुनरीक्षण कर लिया गया । उन्हीं दिनों चेक भाषा के जानकार व्यक्ति की नियुक्ति निदेशालय में हो गई और चेक प्रविष्टियों का देवनागरी लिप्यंतरण करके प्रेस के लिए पांडुलिपि तैयार कर ली गई । इस पांडुलिपि का पुन: जनवरी-फरवरी, 86 में चेक विशेषज्ञ द्वारा पुनरीक्षण कर लिया गया है । कोश के प्रकाशन की व्यवस्था की जा रही है । आशा है, इसका मुद्रण-प्रकाशन सन् 86 में हो जाएगा । चेक पक्ष द्वारा निदेशालय को सूचना मिली है कि हिंदी-चेक कोश का प्रकाशन भी सन् 86 के अंत तक हो जांएगा ।

3.6.3 हिंदी-चेक वार्तालाप पुस्तिका

दोनों देशों के बीच हुए करार के अनुसार इस पुस्तिका का काम भी कोश कार्य के साथ ही शुरू हुआ । हिंदी जानने वाले भारतीय पर्यटक जब चेकोस्लोवाकिया जाएँ और उन्हें चेक भाषा न आती हो तो वे इस पुस्तिका की सहायता ले सकते हैं । इसीलिए इसमें चेकोस्लोवाकिया के भौगोलिक और सांस्कृतिक परिवेश का पूरा ध्यान रखा गया है ।

पुस्तिका में पर्यटन के लिए उपयोगी 1,000 वाक्य हैं जो विषयवार वर्गीकृत हैं । हिंदी वाक्यों का चेक लिपि में रूपांतर दिया गया है और उन चेक वाक्यों का देवनागरी में लिप्यंतरण दिया गया है । पुस्तिका के द्वितीय खंड में लगभग 1,100 सामान्य शब्दों की सूची भी अकारादिक्रम से दी गई है ।

हिंदी-चेक वार्तालाप पुस्तिका की प्रेस पांडुलिपि का भी चेक पक्ष द्वारा पुनरीक्षण किया जा चुका है और इसके प्रकाशन की व्यवस्था की जा रही है ।

3.6.4 हिंदी-चेक व्याकरण

सांस्कृतिक समझौते में हिंदी और चेक भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित अनुप्रयुक्त व्याकरणों के निर्माण की बात का भी उल्लेख है । यह कार्य कोश और वार्तालाप पुस्तिका के प्रकाशन के बाद हाथ में लिया जाएगा ।

3.6.5 हिंदी-हंगेरी तथा हंगेरी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिकाएँ

दोनों देशों के बीच हुए 76-77 के सांस्कृतिक करार की मद संख्या 26 के अंतर्गत दोनों पक्षों को अपने-अपने देशों के पर्यटकों की सुविधा के लिए द्विभाषी वार्तालाप पुस्तिकाएँ तैयार करनी थीं । विस्तृत कार्य-योजना पर दोनों पक्षों ने बुडापेस्ट में बैठक कर निदेशक सिद्धांत तय किए ।

अन्य सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों की ही तरह भारतीय पक्ष को हिंदी-हंगेरी वार्तालाप पुस्तिका तैयार करनी थी और हंगेरी पक्ष को हंगेरी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिका। निदेशालय ने दिल्ली में उपलब्ध हंगेरी भाषा संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाते हुए श्री गेजा बेलेनफाल्वी (हंगेरी-प्राध्यापक, दिल्ली विश्वविद्यालय), श्रीमती एवा अरादी और कुमारी आग्नेश केलेचीनी के सहयोग से एक हजार वाक्यों तथा लगभग 1,200 शब्दों वाली हिंदी-हंगेरी वार्तालाप पुस्तिका तैयार कर हंगेरी पक्ष को समीक्षार्थ दिसंबर 1979 में सौंपी।

हंगेरी से भी मार्च, 79 में हंगेरी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिका तथा शब्द-सूची (जो वास्तव में हिंदी-हंगेरी वार्तालाप के रूपबंध में थी) प्राप्त हुई। भारतीय पक्ष ने निदेशालय में पूर्व उल्लिखित हंगेरी भाषा विशेषज्ञों की ही मदद से उसकी समीक्षा की और हंगेरी पक्ष पर अपना यह मंतव्य प्रकट किया कि हिंदी वाक्य बहुत लंबे और अटपटे हैं तथा वर्तनी संबंधी अनेक भूले हैं। इसलिए उनमें अपेक्षित संशोधन आवश्यक है।

निदेशालय ने प्राप्त सामग्री में उपर्युक्त विशेषज्ञों की ही सहायता से काट-छाँट कर उसे नया रूप दिया और दोनों वार्तालाप पुस्तिकाएँ हंगेरी पक्ष को अनुमोदन के लिए भेज दीं। हंगेरी पक्ष ने संशोधन स्वीकार नहीं किए और राजनयिक स्तर पर कुछ विवाद उठ खड़ा हुआ। विवाद के शमन के लिए अक्टूबर, 84 में भारतीय प्रतिनिधि मंडल बुडापेस्ट गया और उसने आपसी सहमति से पुस्तिकाओं में अपेक्षित संशोधन किए। उन संशोधनों पर हंगेरी के प्रकाशन विभाग की स्वीकृति अब प्राप्त हो गई है। तदनुसार भारतीय पक्ष अपनी वार्तालाप पुस्तिका प्रकाशित करने के बारे में कार्रवाई करेगा।

3.6.6 रूसी-हिंदी तथा हिंदी-रूसी वार्तालाप पुस्तिकाएँ

भारत-रूस सांस्कृतिक करार (79-80) की मद संख्या 41 के अनुसार इस योजना पर जुलाई, 79 में कार्य आरंभ हुआ। हिंदी-रूसी वार्तालाप पुस्तिका तैयार करने का दायित्व निदेशालय पर था। इस वार्तालाप पुस्तिका में भी लगभग 1,000 वर्गीकृत वाक्य और 1,450 सामान्य शब्द अकारादिक्रम में संकलित हैं तथा इसका भी रूप बंध अन्य पुस्तिकाओं की ही तरह का है। पुस्तिका का पुनरीक्षण रूसी पक्ष ने दो प्रतिनिधि मंडल भेजकर कर दिया है और तदनुसार प्रेस-पांडुलिपि तैयार है।

भारत में रूसी लिपि वाले प्रकाशनों की सुविधा सर्वसुलभ नहीं है, इसलिए मास्को में ही इसे प्रकाशित करवाने के बारे में राजनयिक स्तर पर पत्रव्यवहार चल रहा है। अनुमति प्राप्त होते ही इसे प्रकाशन के लिए भेज दिया जाएगा।

रूसी पक्ष वाली रूसी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिका के लिए निदेशालय ने एक प्रतिनिधि मंडल भेजकर उसके पुनरीक्षण में मदद की थी। पुस्तिका मास्को के रूसी भाषा प्रकाशन-गृह से प्रकाशित

हो चुकी है। पाद-टिप्पणी में इतना उल्लेख है कि "इस रूसी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिका के संकलन में रूसी भाषा प्रकाशन गृह मास्को और केंद्रीय हिंदी निदेशालय (दिल्ली) के विशेषज्ञों ने भाग लिया।"

3.6.7 हिंदी-फ्रांसीसी तथा फ्रांसीसी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिकाएँ

भारत और फ्रांस सरकारों के बीच हुए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम (78-79) की मद संख्या 9 के अंतर्गत यह कार्य होना था। भारत में इस निदेशालय को और फ्रांस में राष्ट्रीय पूर्वी भाषा और संस्कृति संस्थान, पेरिस को यह कार्य करना था। पुस्तिका का आकार और रूपबंध अन्य पुस्तिकाओं की ही तरह निश्चित हुआ। इस कार्य के सिलसिले में एक सदस्यीय फ्रांसीसी प्रतिनिधि मंडल सितंबर-अक्टूबर, 78 में भारत आया। दोनों पुस्तिकाओं का अधिकांश कार्य पूरा हो गया था और केवल पुनरीक्षण शेष था कि 78-79 के बाद भारत-फ्रांसीसी सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम में इस मद की पुनः पुष्टि न होने से कार्य बीच में ही रोक देना पड़ा।

3.6.8 प्रकीर्ण योजनाएँ

वर्ष 1974-75 में यह प्रस्ताव हुआ था कि दो व्यक्तियों को छात्रवृत्ति देकर मंगोलिया भेजा जाए, जो वहाँ रहकर उनकी भाषा, संस्कृति, साहित्य और सभ्यता का अध्ययन करें तथा बाद में भारत लौटकर हिंदी-मंगोल भाषा संबंधी आवश्यक साहित्य तैयार करें। समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका, इसलिए यह योजना ठप्प हो गई।

इसी तरह हिंदी-इतालवी और इतालवी-हिंदी कोश-संकलन का प्रस्ताव रोम स्थित इतालवी संस्थान ने भेजा था। यह योजना भी फलीभूत नहीं हो सकी।

वर्ष 1984-85 के लिए फ्रांस सरकार के साथ तथा वर्ष 1985-87 के लिए मेक्सिको के साथ हुए करारों के अनुपालन में निदेशालय को क्रमशः फ्रांसीसी-हिंदी तथा स्पेनी-हिंदी कोश तैयार करने होंगे। वर्ष 85 के अंत तक इन दोनों देशों की सहयोगी संस्थाओं के नाम जानने के बारे में पत्र भेजे जा चुके हैं। निश्चित जानकारी प्राप्त हो जाने के बाद कार्य-योजना बनाई जाएगी।

अध्याय 4

विविध अनुसंधान योजनाएँ

4.1 देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मानकीकरण

4.1.1 मानक देवनागरी वर्णमाला—देवनागरी लिपि में सुधार करने की आवश्यकता कुछ तो उसके वर्णों (अक्षरों) का मानक रूप निर्धारित करने के कारण और कुछ टाइपराइटर, टेलीप्रिंटर (अब कंप्यूटर भी) तथा मुद्रण की आवश्यकताओं के कारण महसूस हुई थी। लखनऊ सम्मेलन में देवनागरी वर्णमाला का जो रूप निश्चित हुआ था, उसे अगस्त, 58 में तत्कालीन हिंदी प्रभाग (शिक्षा मंत्रालय) ने शिक्षा मंत्री सम्मेलन में रखा और स्वीकृत करवाया। अंततः भारत सरकार द्वारा अनुमोदित हो जाने के बाद सन् 66 में निदेशालय ने 'मानक देवनागरी वर्णमाला' संबंधी अंग्रेजी और हिंदी में पुस्तिकाएँ और चार्ट प्रकाशित किए। इनका व्यापक स्तर पर निःशुल्क वितरण किया गया।

4.1.2 हिंदी वर्णमाला : लेखन विधि—प्रायः देखा गया है कि हिंदी लिखते समय लोग देवनागरी वर्णमाला में प्रयुक्त वर्णों, शिरोरेखाओं और मात्राओं की लिखावट में एक निश्चित दिशा-पद्धति का निर्वाह नहीं करते। प्रारंभिक पाठशालाओं से ही इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी सिखाते समय तो इस प्रसंग में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसीलिए निदेशालय ने 'हिंदी वर्णमाला : लेखन विधि' चार्ट तैयार किया। इसे पत्राचार द्वारा हिंदी सीखने वाले प्रत्येक छात्र को भेजा जाता है। यही नहीं, 'बेसिक हिंदी व्याकरण' (अंग्रेजी संस्करण) के नवीन संस्करणों में इसकी प्रति भी जोड़ दी गई है।

4.1.3 परिवर्धित देवनागरी—समस्त देश की भाषाओं के लिए समान लिपि के रूप में देवनागरी के प्रयोग की परिकल्पना बहुत पुरानी है। इस विषय में अनेक व्यक्तिगत और संस्थागत प्रयास हुए हैं और हो रहे हैं। इस दिशा में आचार्य विनोबा भावे तथा नागरी लिपि परिषद् के प्रयत्न उल्लेखनीय हैं।

सभी भारतीय भाषाओं को एक अतिरिक्त लिपि के रूप में देवनागरी के माध्यम से भी अभिव्यक्त किया जा सके, इसके लिए निदेशालय में अनुसंधान कार्य हुआ है। सन् 61 में एक भाषा विशेषज्ञों की समिति गठित की गई जिसने इसे परखा और व्यापक विचार-विमर्श के बाद अपनी अंतरिम रिपोर्ट दी। इस पर राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं और अन्य विद्वानों की सम्मतियाँ आमंत्रित की गईं। निर्णयों के प्रारूप पर भारत सरकार का अनुमोदन मिल

जाने के बाद सन् 66 में 'परिवर्धित देवनागरी' पुस्तिका प्रकाशित की गई। इसमें परिवर्धित देवनागरी के स्वरूप के साथ-साथ सभी भारतीय भाषाओं और परिवर्धित देवनागरी के तुलनात्मक चार्ट भी दिए गए हैं। यह पुस्तिका व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निःशुल्क वितरित की गई। अब इसकी प्रतियाँ अनुपलब्ध हैं। पर इस चार्ट को व्याकरण की पुस्तिका में जोड़ दिया गया है।

4.1.4 हिंदी वर्तनी का मानकीकरण

लिपि का एक पक्ष वर्तनी भी है। एक ही वर्ण को अनेक प्रकार से लिखने या एक ही शब्द को एकाधिक रूपों में प्रकट करने से भाषा को सीखने-सिखाने में कठिनाई होना स्वाभाविक है। हिंदी वर्तनी में एकरूपता लाने के लिए 1961 में एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की गई। सन् 62 में उसने जो सिफारिशें कीं उन्हें भारत सरकार के अनुमोदन से 1967 में 'हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' शीर्षक पुस्तिका में व्याख्या तथा उदाहरण सहित प्रकाशित किया गया। इसमें संयुक्त वर्णों के लेखन; परसर्गों अथवा विभक्तियों के प्रयोग; क्रियापद; हाइफन; अव्यय; श्रुतिमूलक य-व, अनुस्वार, अनुनासिक तथा चंद्रबिंदु; विदेशी ध्वनियाँ; हल् चिह्न विसर्ग; ऐ, औ का प्रयोग; विराम चिह्न आदि से संबंधित नियम दिए गए। इस पुस्तिका का दूसरा संस्करण 1975 में निकला।

कालांतर में हिंदी वर्तनी में उपर्युक्त बातों के अतिरिक्त कुछ अन्य विसंगतियाँ भी ध्यान में आईं, जैसे : संख्यावाचक युग्मों का लेखन; शब्दकोशों की प्रविष्टियों में अनुस्वार-युक्त वर्णों का क्रम निर्धारण; पुस्तकों और करारों में पैरा, उपपैरा का क्रमांकन; संक्षिप्तियों का लेखन आदि। अतः यह उचित समझा गया कि इनकी एकरूपता के बारे में भी विचार-विमर्श कर लिया जाए। तदनुसार फरवरी, 80 में भाषाविज्ञानियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपर्युक्त संदर्भों में आवश्यक निर्णय लिए गए।

अब तक के समस्त प्रयासों को 'देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' नामक पुस्तिका के रूप में सन् 83 में प्रकाशित किया गया। पुस्तिका की पैंतीस हजार प्रतियाँ मुद्रित की गईं, जिनका तृतीय विश्व हिंदी सम्मेलन के अवसर पर निःशुल्क वितरण किया गया।

निदेशालय में इस प्रकार के अनुसंधान कार्य के लिए एक एकक बनाया गया है जो इन विषयों में निरंतर शोध-खोज का काम कर रहा है। पर अब अनुसंधान कार्य से भी अधिक आवश्यकता इस बात की महसूस की जा रही है कि अब तक निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। देखा यह गया है कि समन्वय और जागरूकता के अभाव में निदेशालय और आयोग के प्रकाशनों यें भी अधिकांश नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इस प्रसंग में अधिक सक्रिय होने की आवश्यकता है। साथ ही मुद्रकों, टाइप फाउंड्रियों के निर्माताओं, समाचार पत्रों के संपादकों, प्रकाशकों आदि के समय-समय पर सम्मेलन बुलाए जाने चाहिए ताकि अधिकाधिक एकरूपता सुनिश्चित की जा सके।

4.2 बेसिक हिंदी शब्दावली

यह योजना निदेशालय के पूर्व रूप 'हिंदी प्रभाग' (शिक्षा मंत्रालय) में पूरी हुई थी। हिंदी शिक्षा समिति ने अपनी 5 नवम्बर, 54 की बैठक में इस बात पर बल दिया था कि अहिंदी भाषी राज्यों के लिए हिंदी पाठमालाएँ तैयार करते समय शब्दावली में एकरूपता लाने के लिए बेसिक हिंदी शब्दावली तैयार की जाए। तदनुसार एक उपसमिति के मार्गदर्शन में दो हजार शब्दों की सूची तैयार की गई और राज्यों से कहा गया कि हिंदी पाठमालाओं में उनका उपयोग किया जाए। उनको यह भी छूट दी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्र में प्रचलित लगभग 500 शब्द इसमें जोड़ सकते हैं।

इसके बाद हिंदी शिक्षा समिति ने फरवरी, 55 में यह प्रस्ताव भी पारित किया कि 500 शब्दों की भी एक अलग से बेसिक हिंदी शब्दावली बनाई जाए।

तदनुसार दोनों शब्दावलियाँ तैयार की गईं और इन्हें 1958 में प्रकाशित किया गया। दो हजार वाली शब्दावली में 1321 संज्ञाएँ, 307 क्रियाएँ, 149 विशेषण, 71 क्रियाविशेषण, 106 संख्यावाचक शब्द, 6 क्रमसूचक संख्यावाचक शब्द, 23 सर्वनाम, 11 संयोजक, 8 परसर्ग और 5 विस्मयादिबोधक शब्द हैं।

4.3 हिंदी टाइपराइटर और हिंदी टेलीप्रिंटर के कुंजीपटलों का मानकीकरण

हिंदी टंकण की गति बढ़ाने तथा उसे अधिक सरल और वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नियुक्त हिंदी टाइपराइटर तथा टेलीप्रिंटर समिति ने सन् 1962 में हिंदी टाइपराइटर के लिए एक मानक कुंजीपटल बनाया। इसी बीच महाराष्ट्र सरकार ने भी इस क्षेत्र में काम किया था क्योंकि मराठी भाषा भी देवनागरी लिपि में ही लिखी जाती है। एक ही लिपि अर्थात् देवनागरी के लिए दो भिन्न-भिन्न कुंजीपटल स्वीकार करना वांछनीय नहीं समझा गया। अतः 1963 में केंद्रीय सरकार और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधियों की बैठक दिल्ली में आयोजित हुई और देवनागरी कुंजीपटल को अंतिम रूप दिया गया।

1964-65 में देवनागरी (हिंदी-मराठी) कुंजीपटल को भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया। 15 मार्च, 64 को एक प्रेस नोट द्वारा इसे घोषित कर दिया गया। कालांतर में विशेषज्ञों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए 1969 में संशोधित कुंजीपटल घोषित किया गया।

निदेशालय ने टाइपराइटर की कुंजियों पर अंगुलि-संचालन संबंधी एक रंगीन चार्ट भी तैयार किया। उसे सचिवालय प्रशिक्षणशाला द्वारा मुद्रित करवा कर सरकारी कार्यालयों में वितरित किया गया ताकि नए सिरे से हिंदी टाइपिंग सीखने वालों को सुविधा हो।

उठाऊ (पोर्टेबल) टाइपराइटर के बारे में भी 1974 में सुझाव दिए गए। टाइपराइटर

कुंजीपटल संबंधी समिति ने ही अप्रैल, 66 में हिंदी टेलीप्रिंटर कुंजीपटल के बारे में भी सिफारिशें कीं । मार्च, 69 में संचार राज्यमंत्री के सुझाव पर इसी प्रस्तावित हिंदी टेलीप्रिंटर कुंजीपटल को ही सभी भारतीय भाषाओं के अनुकूल बनाने पर विचार-विमर्श शुरू हुआ और उसमें परिवर्धित देवनागरी के अनुसार विशेषक चिह्न जोड़कर उसे अक्तूबर, 70 तक अंतिम रूप दे दिया गया ।

बाद में ये दोनों कार्य राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को सौंप दिए गए ।

पिछले कुछ वर्षों से संचार मंत्रालय के तत्वावधान में देवनागरी/देवनागरी-रोमन इलेक्ट्रोनिक टेलीप्रिंटर पर काम हो रहा है । आशा है, शीघ्र ही यह टेलीप्रिंटर हिंदुस्तान टेलीप्रिंटर्ज लिमिटेड, मद्रास और फ्रांस की साजेम (SAGEM) कंपनी द्वारा तैयार होकर बाजार में उपलब्ध हो जाएगा । देवनागरी रूपांकन संबंधी सभी तकनीकी विशिष्टियों के निर्धारण में निदेशालय ने उन्हें सहयोग दिया है ।

4.4 आशुलेखन प्रणाली का मानकीकरण

हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के लिए उपयुक्त आशुलेखन प्रणाली का मानकीकरण करने के उद्देश्य से हिंदी तथा 9 अन्य भारतीय भाषाओं (असमियां, उड़िया, कन्नड़, गुजराती, तमिल, तेलुगु, बंगला, मराठी और मलयालम) के स्वनिमिक और रूपिमिक विश्लेषण की योजना 'हिंदी प्रभाग' के काल में ही बन गई थी । यह कार्य विभिन्न विश्वविद्यालयों और दक्कन कॉलेज, पुणे को वित्तीय अनुदान देकर पूरा करवाया गया ।

हिंदी में हुए इस विश्लेषण कार्य को आधार बनाकर तथा हिंदी में प्रचलित आशुलिपि पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन करके गृह मंत्रालय के संबंधित प्रभाग/विभाग के सहयोग से एक मानक आशुलिपि पद्धति विकसित की गई । इसे 'मानक आशुलिपि' नामक पुस्तिका के रूप में सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रकाशन संस्थान ने प्रकाशित किया जिसके अनुसार हिंदी आशुलिपि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

यह योजना अब राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के अधीन है ।

4.5 आदिम जातियों की बोलियों/उपभाषाओं के लिए देवनागरी लिपि

जिन विभिन्न आदिवासी बोलियों और उपभाषाओं की अपनी लिपियां नहीं हैं, उनके लिए देवनागरी लिपि के प्रयोग की संभावनाओं पर विचार करने की बात निदेशालय की स्थापना के साथ ही शुरू हो गई थी । सबसे पहले मणिपुर और त्रिपुरा की बोलियों का स्वन-विश्लेषण करवा कर विशिष्ट स्वनों के लिए उपयुक्त विशेषक चिह्नों का निर्धारण किया गया । यह कार्य 1962 में शुरू हुआ और गौहाटी विश्वविद्यालय को इसके लिए वित्तीय अनुदान दिया गया । 66-67 में स्वन-विश्लेषण के पूरा हो जाने पर दक्कन कॉलेज, पुणे से उस पर सम्मति माँगी गई और सुझावानुसार संशोधन किए गए ।

इसी तरह कोंकणी, संताली, गोंडी, भीली, मुंडारी, हो, कुरुख (औराँव) तथा तत्कालीन नेफा की बोलियों पर तत्संबंधी राज्यों द्वारा मनोनीत प्रतिनिधियों की सहायता से काम किया गया। विशेषज्ञ समिति ने जनवरी, 69 तक जो अन्वेषण कार्य किया उसे मंत्रालय के निर्णयानुसार भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर को सौंप दिया गया।

4.6 राजभाषा हिंदी के बोलचाल के स्वरूप का सर्वेक्षण

हिंदी सलाहकार समिति ने अपनी 2 अप्रैल, 81 की बैठक में यह सिफारिश की कि राजभाषा हिंदी के बोलचाल के स्वरूप का सर्वेक्षण किया जाए। इसके लिए अगस्त, 81 में एक समन्वय समिति गठित की गई जिसमें केंद्रीय सरकार की हिंदी तथा भारतीय भाषाओं से संबंधित सभी संस्थाओं के निदेशक/प्रतिनिधि, साहित्य अकादेमी, रा० शै० अ० प्र० प० के प्रतिनिधि तथा तीन भाषाविज्ञानी सदस्य थे। इस योजना के अनुसार हिंदी के विभिन्न उच्चारणों का भाषा-वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत नहीं किया जाना है, वरन् राजभाषा हिंदी के बोलचाल के स्वरूप का सर्वेक्षण कर उसके मानक रूप का पता लगाया जाना है ताकि अंतर्विभागीय वार्तालाप, सरकार और जन सामान्य के बीच हिंदी में बोलचाल की भाषा को बढ़ावा मिल सके तथा सरकारी कामकाज में बोलचाल की हिंदी की मानक शब्दावली और उसका वाक्य-विन्यास सुनिश्चित हो सके।

समन्वय समिति ने एक डिजाइन समिति गठित की, जिसने योजना का प्रारूप और प्रक्रिया निर्धारित की एवं वित्तीय पक्ष के आकलन के साथ प्रश्नावली भी बनाई। समन्वय समिति ने इन्हें स्वीकार कर लिया।

उक्त सर्वेक्षण कार्य सातवीं पंचवर्षीय योजना में किया जाना तय हुआ। तदनुसार पहले वर्ष योजना की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। अनुमान लगाया गया कि पूरे सर्वेक्षण कार्य में लगभग साढ़े तीन लाख रुपया खर्च होगा।

तय हुआ कि सर्वेक्षण कार्य में केंद्रीय हिंदी निदेशालय को केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा; क० मुं० हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, आगरा; दिल्ली विश्वविद्यालय का भाषाविज्ञान विभाग, भारतीय भाषा संस्थान मैसूर तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली सहायता प्रदान करेंगे।

यह भी तय हुआ कि सर्वेक्षण कार्य सात संदर्भों (कृषि, पुलिस, विधि, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशासन और डाकतार/बैंक तथा चार स्तरों (केंद्र, राज्य, जिला और स्थानीय स्तरों) पर किया जाएगा। यह सर्वेक्षण गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों ही प्रकार का होगा। मात्रात्मक प्रकार का विश्लेषण कंप्यूटर द्वारा करवाया जाएगा।

समन्वयकर्त्ताओं, सर्वेक्षण विशेषज्ञों और सर्वेक्षकों की पहली सम्मिलित बैठक हो चुकी है

जिसमें प्रश्नावली और सर्वेक्षण के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। मेरठ और रोहतक केंद्रों का पहला पायलट सर्वेक्षण किया जा चुका है और प्रश्नावली छपने के लिए दी जा चुकी है।

यह निश्चय हुआ है कि योजनावधि के पहले दो वर्षों में सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया जाए और तदनंतर सर्वेक्षण की रिपोर्ट 89-90 तक प्रस्तुत कर भेजी जाए।

4.7 पुस्तक प्रकाशन सर्वेक्षण

शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हिंदी शिक्षा समिति की दिनांक 13-12-85 को हुई बैठक के कार्यवृत्त की मद संख्या 7 के अनुसार विदेशी विद्यालयों में हिंदी शिक्षा के लिए अपेक्षित संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने और उन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक अपेक्षाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए निदेशालय में एक शोध कक्ष की स्थापना किए जाने की सिफारिश की गई है। इसी कक्ष के माध्यम से हिंदी शिक्षण के स्तर-निर्धारण और पुस्तकों के वितरण का कार्य भी किया जा सकता है।

इसी प्रसंग में 'हिंदी भाषा के प्रकाशन' नामक त्रिभाषा प्रश्नावली (हिंदी/अंग्रेजी/फ्रांसीसी) तैयार की गई और उसे 246 विदेशी विश्वविद्यालयों के हिंदी विभागों, शोध-संस्थानों और व्यक्तियों को भेजा गया।

प्रश्नावली के उत्तर प्राप्त हो रहे हैं। विश्लेषण के बाद उद्देश्यानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अध्याय 5

प्रकाशन योजनाएँ

5.1 आवधिक प्रकाशन : पत्र-पत्रिकाएँ

विगत पच्चीस वर्षों में केंद्रीय हिंदी निदेशालय के तत्वावधान में पत्र-पत्रिकाओं के अथवा पुस्तकाकार रूप में जो आवधिक प्रकाशन निकले या निकल रहे हैं, उनका विवरण आगे दिया जा रहा है।

5.1.1 'भाषा' (त्रैमासिक)*

निदेशालय के मुखपत्र के रूप में इस त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन अगस्त 1961 से शुरू हुआ। इसके उद्देश्य निम्नलिखित स्थिर किए गए थे—

—शिक्षा, कला, विज्ञान, अनुसंधान, कानून और शासन आदि के लिए अन्य भारतीय भाषाओं से शब्द ग्रहण कर हिंदी को समृद्ध करना।

—हिंदी को सब प्रकार की अभिव्यक्ति का सशक्त और प्रभावशाली साधन बनाने के उद्देश्य से उसकी प्रकृति के अनुकूल प्रादेशिक भाषाओं का सहयोग लेना।

—समस्त भारतीय भाषाओं के बीच समानता की खोज करना और आदान-प्रदान का द्वार मुक्त करना।

इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 'भाषा' नियमित रूप से प्रतिवर्ष मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में प्रकाशित होती है। यदाकदा इसके विशेषांक भी अतिरिक्त अंकों के रूप में या नियमित अंकों के संयुक्तांकों के रूप में प्रकाशित हुए हैं।

आरंभ में यह पत्रिका 'डिमाई' आकार की थी। सन् 79 से यह ए-4 (क्राउन-क्वार्टो) में छप रही है। इसकी पृष्ठ संख्या 100 और 200 के बीच घटती-बढ़ती रही है। मूल्य अपेक्षाकृत अधिक स्थिर रहा। आरंभ में इसका चंदा 3.50 रु० वार्षिक था और अब 10/- रु० है। वर्तमान समय में इसकी 900 से 1000 तक प्रतियाँ छपती हैं।

समस्त भारतीय भाषाओं के बीच समानता की खोज करने और परस्पर आदान-प्रदान के

---

*टिप्पणी—विस्तृत जानकारी के लिए द्रष्टव्य: (1) 'भाषा' पत्रिका के पच्चीस वर्ष—डॉ० कैलाशचंद्र भाटिया, 'भाषा' सितंबर 85, पृ० 133-49

लिए एक सुदृढ़ मंच प्रस्तुत करने के लिए इसमें सामान्यतः भारतीय भाषाओं और साहित्य के क्रमिक विकास, उनके तुलनात्मक अनुवाद और शब्दावली-निर्माण की समस्याओं, विदेशों में हिंदी की प्रगति आदि से संबंधित लेख तथा भारतीय भाषाओं की श्रेष्ठ कृतियों के हिंदी से प्रादेशिक भाषाओं में और प्रादेशिक भाषाओं से हिंदी में रूपांतर अलग-अलग स्तंभों के अंतर्गत प्रकाशित किए जाते हैं। कुछ स्तंभ स्थिर रहे हैं तो कुछ में परिवर्तन होता रहा है। संदर्भ और अनुवाद की दृष्टि से इस पत्रिका का स्थायी महत्व है।

साहित्यिक अनुवादों में पहले संबंधित भाषा की लिपि ही प्रयुक्त होती थी, पर बाद में सभी प्रादेशिक भाषाओं के लिए परिवर्धित देवनागरी का प्रयोग किया जाने लगा ताकि सहलिपि के रूप में देवनागरी का प्रचार-प्रसार हो और मुद्रण में भी कठिनाई न आए।

पत्रिका के लिए एक संपादन परामर्श मंडल की व्यवस्था है जिसमें यदा-कदा परिवर्तन-परिवर्धन होता रहा है। आरंभ से अब तक चार संपादक बने हैं।

इसके महत्वपूर्ण विशेषांकों की सूची इस प्रकार है—शांतिरक्षा अंक (जून, 64) द्विवेदी स्मृति अंक (अगस्त, 64), लिपि विशेषांक (68), हिंदी भाषाविज्ञान अंक (73), विश्व हिंदी सम्मेलन अंक (75), बाल विशेषांक (79), प्रेमचंद विशेषांक (81), विश्व हिंदी सम्मेलन अंक (83), रजत जयंती विशेषांक (मार्च-जून 85) और रजत जयंती परिशिष्टांक (सितंबर, 85)।

पत्रिका का मुद्रण भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक में होता है।

5.1.2 वार्षिकी

पहले 'हिंदी समाचार जगत' मासिक के नाम से एक साइक्लोस्टाइल पत्रिका निकलती थी। इसके स्थान पर सन् 70 से 'हिंदी वार्षिकी' का प्रकाशन शुरू हुआ। यह दो खंडों—साहित्य और भाषा—में विभाजित थी। साहित्य-खंड के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक विधाओं के सर्वेक्षण, वैज्ञानिक तथा तकनीकी साहित्य के वार्षिक सर्वेक्षण, हिंदीतर भारतीय भाषाओं से हिंदी में अनूदित पुस्तकों की समीक्षा तथा वर्ष भर में प्रकाशित विशिष्ट साहित्यिक और वैज्ञानिक पुस्तकों की समीक्षा से संबंधित लेख प्रकाशित हुए। भाषा खंड में हिंदी भाषा के विकास में संलग्न संस्थाओं का परिचय, विदेशों में हिंदी की प्रगति, शिक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के विकास की प्रक्रिया, सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग तथा हिंदी के प्रचार और प्रसार से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही विविध साहित्यिक गतिविधियों तथा साहित्यिक समारोहों के समाचार प्रकाशित किए गए।

सन् 73 में इसका नाम 'वार्षिकी' कर दिया गया। उद्देश्य यह रहा कि वार्षिकी विभिन्न भारतीय भाषाओं और साहित्य की अंतर्धाराओं के बीच समन्वय लाने के लिए एक सुदृढ़ सेतु का

काम करे। निश्चय किया गया कि इसमें सभी 15 भारतीय भाषाओं का साहित्य-सर्वेक्षण चार खंडों में भाषावर्ग-वार प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही, हिंदीतर भारतीय भाषाओं की उसी वर्ष में प्रकाशित श्रेष्ठ दो कविताओं और दो कहानियों के हिंदी अनुवाद भी प्रकाशित किए जाएँगे।

सर्वेक्षण-लेख समय पर प्राप्त नहीं हो सके, इसलिए 1973 तथा 1974 की वार्षिकी का प्रकाशन स्थगित कर दिया गया। 1975 की वार्षिकी के चारों खंड अलग-अलग जिल्दों में प्रकाशित हुए। 76-77 की वार्षिकी को संयुक्तांक के रूप में तथा 78 को एक-एक जिल्द में पूर्व निश्चयानुसार ही प्रकाशित किया गया। सन् 78 की वार्षिकी में संस्कृत भाषा का सर्वेक्षण सम्मिलित नहीं है।

सर्वेक्षण लेखों के समय पर प्राप्त न होने, दिवंगत लेखकों की कृतियों के प्रकाशनाधिकार प्राप्त करने में कई कठिनाइयाँ आने तथा लेखकों के लिए पारिश्रमिक राशि अत्यल्प होने आदि कारणों पर ध्यान देते हुए मूल्यांकन समिति के सुझाव पर यह निश्चय हुआ कि भविष्य में वार्षिकी को चार खंडों में विभाजित न कर संपूर्ण सर्वेक्षण तथा आकलन सामग्री को एक ही जिल्द में प्रकाशित किया जाए। तदनुसार वर्ष 79, 80-81 (संयुक्तांक), 82-83 (संयुक्तांक) की वार्षिकी प्रकाशित की गई है। वर्ष 84 की वार्षिकी मुद्रणाधीन है। 85 की वार्षिकी का संपादन हो रहा है।

वार्षिकी के सभी अंक भारतीय भाषाओं को एक सूत्र में पिरोने वाले महत्त्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ हैं। इनमें वर्ष विशेष में हुई प्रत्येक भाषा के साहित्य की प्रगति की संक्षिप्त जानकारी के साथ-साथ उनके तुलनात्मक विवेचन के लिए महत्वपूर्ण आधार-सामग्री उपलब्ध होती है।

5.1.3. यूनेस्को 'दूत'

यूनेस्को के तत्त्वावधान में विश्व-विश्रुत अंग्रेजी पत्रिका यूनेस्को 'कूरियर' का प्रकाशन पैरिस से होता है। यह मासिक पत्रिका है और इसका रूपांतर विश्व की 32 भाषाओं में प्रकाशित किया जाता है।

इस पत्रिका के हिंदी संस्करण का दायित्व निदेशालय को 1967 में सौंपा गया। बीच में यह कार्य राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को हस्तांतरित कर दिया गया था, पर 76 में इसे पुनः निदेशालय को सौंप दिया गया। तब से अब तक इसका प्रकाशन निरंतर निदेशालय ही कर रहा है। हिंदी संस्करण की 3000 प्रतियाँ प्रकाशित होती हैं। प्रति अंक मूल्य 2 रु० और वार्षिक 20 रु० है।

संपादन, प्रकाशन आदि के लिए यूनेस्को से वित्तीय अनुदान प्राप्त होता है। पिछले वर्ष (85 में) अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों के यूनेस्को की सदस्यता त्याग देने से जो वित्तीय संकट उत्पन्न हुआ, उसके परिणाम-स्वरूप इसके प्रकाशन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना थी; परंतु फिलहाल दिसंबर, 86 तक वित्तीय अनुदान का नवीकरण हो गया है।

प्रकाशन संबंधी प्रक्रम यह है कि अंग्रेजी संस्करण का जो अंक जिस मास में प्रकाशित होता है, उसका हिंदी संस्करण तीसरे मास में प्रकाशित किया जाता है; क्योंकि यूनेस्को मुख्यालय से मूल सामग्री प्राप्त होने और उसका अनुवाद करवा कर संपादन-मुद्रण करने में इतना समय लग जाना स्वाभाविक ही है।

पत्रिका का मुद्रण पहले थामसन प्रेस, फरीदाबाद में होता था, किंतु पिछले कुछ वर्षों से यह कार्य भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक में हो रहा है।

5.2 साहित्यिक प्रकाशन

आवधिक पत्र-पत्रिकाओं के अतिरिक्त निदेशालय ने निम्नलिखित स्तरीय और महत्वपूर्ण योजनाएँ हाथ में ली हैं :

5.2.1 भारतीय साहित्यमाला

समस्त भारतीय भाषाओं की मूलभूत एकता को समझने तथा पारस्परिक सद्भावना सूत्रों के प्रति सहानुभूति विकसित करने के लिए सभी भाषाओं के साहित्य की जानकारी प्रत्येक साहित्य मर्मज्ञ के लिए आवश्यक है। इस विचार से संविधान में स्वीकृत सभी भाषाओं के बारे में हिंदी के माध्यम से प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय साहित्यमाला के प्रकाशन की योजना बनाई गई है। इस योजना का श्री गणेश 1966 में हुआ।

पहला महत्वपूर्ण प्रकाशन 'भारतीय भाषाओं के साहित्य का संक्षिप्त इतिहास' है जो 1974 में निकला था। इसमें संविधान स्वीकृत सभी भारतीय भाषाओं और उनके साहित्य पर विद्वान लेखकों द्वारा संक्षिप्त विवरणात्मक लेख लिखवा कर प्रकाशित किए गए हैं। इस पुस्तक का मूल्य 23 रु० है।

विधावार प्रकाशनों की कड़ी में पहला और 'भारतीय साहित्यमाला' का दूसरा प्रकाशन 'भारतीय कहानी' था, जो 76 में निकला। इसमें प्रत्येक आधुनिक भारतीय भाषा की दो-दो कहानियाँ हिंदी अनुवाद के रूप में संकलित की गई हैं। इनमें से एक कहानी स्वतंत्रता पूर्व के साहित्य से ली गई है और दूसरी स्वातंत्र्योत्तर साहित्य से। इसका मूल्य 14 रु० है।

'भारतीय निबंध' का प्रकाशन 1982 में हुआ। इसमें प्रत्येक आधुनिक भारतीय भाषा के महत्वपूर्ण लेखकों के तीन-तीन निबंधों का हिंदी रूपांतर प्रस्तुत किया गया है। पहला निबंध स्वतंत्रतापूर्व के साहित्य से चुना गया है, और शेष दोनों स्वातंत्र्योत्तर साहित्य से संकलित किए गए हैं।

इसी तरह 'भारतीय कविता' और 'भारतीय एकांकी' भी तैयार किए गए। 'भारतीय

कविता' में प्रत्येक हिंदीतर भाषा की 10-10 कविताओं का हिंदी रूपांतर किया गया है। इनमें से 4-4 कविताएँ स्वतंत्रतापूर्व के काव्य से चुनी गई हैं और शेष स्वातंत्र्योत्तर काव्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। हिंदी की 14 कविताएँ संकलित हैं, जिनमें से 8 स्वतंत्रता के पहले की हैं और 6 स्वतंत्रता के बाद की। यह संकलन मुद्रणाधीन है। 'भारतीय एकांकी' का संपादन हो रहा है।

मूल्यांकन समिति ने भारतीय साहित्यमाला योजना को भारतीय साहित्य और भारतीय भाषाओं का समन्वित स्वरूप प्रकट करने वाली अत्यंत महत्त्वपूर्ण योजना माना है। वर्तमान प्रकाशनों के अतिरिक्त उसने सुझाव दिया है कि (1) भारतीय काव्य में राष्ट्रीय चेतना, (2) भारतीय संत काव्य, (3) भारतीय उपन्यास, (4) भारतीय नाटक और रंगमंच जैसे संकलन भी प्रकाशित होने चाहिए। 'भारतीय काव्य में राष्ट्रीय चेतना' नामक प्रकाशन पर कार्य शुरू हो गया है।

5.2.2. सूर शतक

तत्कालीन शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय ने सूर पंचशती समारोह के अवसर पर (जो मई, 78 से प्रारंभ हुआ था) महाकवि सूरदास के 100 उत्कृष्ट पदों के अनुवाद और प्रकाशन की अपनी योजना को कार्यान्वित करने का दायित्व निदेशालय को सौंपा था। तदनुसार 10 भारतीय भाषाओं (असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी, तमिल, पंजाबी, मराठी, मलयालम और सिंधी) में उनका अनुवाद कवि हृदय वाले दोनों भाषाओं के विद्वानों से करवाया गया। इनमें से 4 सन् 80 तक सुरुचिपूर्ण ढंग से प्रकाशित हो गए थे। प्रत्येक में एक पृष्ठ पर देवनागरी में सूर का पद और उसके सामने वाले पृष्ठ पर संबंधित भाषा की लिपि में उसका अनुवाद दिया गया है। शेष छहों अनुवादों का प्रकाशन मंत्रालय के शताब्दी कोष्ठ से वित्तीय संस्वीकृति न मिलने के कारण संभव नहीं हो सका है। निदेशालय इसके बारे में अभी तक प्रयत्नशील है।

5.2.3 शब्दानुक्रमणिकाएँ

जब वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों की पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण किया जा रहा था, तब इस बात का अनुभव किया गया कि हिंदी के प्राचीन और अर्वाचीन साहित्य में प्रयुक्त शब्द-भंडार का भली-भाँति मंथन किया जाए ताकि पारिभाषिक संकल्पनाओं को व्यक्त करने वाले उपयुक्त शब्दों को संगृहीत किया जा सके। यह भी सोचा गया कि ये शब्द आगे चलकर हिंदी के उच्चकोटि के कोश तैयार करने में भी सहायक होंगे। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हिंदी के महत्वपूर्ण ग्रंथों की शब्दानुक्रमणिकाएँ तैयार करने का काम द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में शुरू किया गया। 12 शब्दानुक्रमणिकाएँ तैयार कराने का काम हाथ में लिया गया। प्रकाशित अनुक्रमणिकाओं का ब्यौरा इस प्रकार है :—

ग्रंथ	संपादक	प्रकाशक	मूल्य
1. कामायनी	विजयेंद्र स्नातक, भो० ना० तिवारी	के० हिं० निदेशालय	5.00

2. साकेत	सावित्री सिन्हा, उमाकांत गोयल	कें० हिं० निदेशालय	6.50
3. प्रिय प्रवास	विश्वनाथ प्रसाद	-वही-	7.75
4. श्रीधर पाठक के ग्रंथ	क० मा० मुंशी विद्यापीठ, आगरा	-वही-	

वीसलदेव रासो, कबीर ग्रंथावली, जायसी, सूरदास, तुलसीदास (रामचरित मानस को छोड़ कर) केशव आदि की शब्दानुक्रमणिकाएँ तैयार की गई थीं; किंतु उनका प्रकाशन नहीं किया जा सका।

5.2.4. सर्वसंग्रह ग्रंथ

हिंदी के नए-पुराने प्रमुख कवियों और लेखकों की कृतियों को काल-कवलित होने से बचाने के लिए और उन्हें संग्रहों के रूप में सुलभ करने के उद्देश्य से दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान सर्वसंग्रह ग्रंथों के संकलन की योजना शुरू की गई थी। इसके अंतर्गत गंग ग्रंथावली, अब्दुर्रहीम खानखाना (व्यक्तित्व एवं कृतित्व) तथा नागरीदास ग्रंथावली (डा० फैयाज अली, 1974 मूल्य 24.50) संकलन प्रकाशित किए गए।

फोर्ट विलियम कॉलेज के लेखकों के सर्वसंग्रहों की, रामप्रसाद निरंजनी कृत 'योग वाशिष्ठ' की तथा सुभद्राकुमारी चौहान, बालमुकुंद गुप्त, मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' एवं जहूरबख्श की कृतियों के सर्वसंग्रहों की पांडुलिपियाँ भी तैयार हो चुकी थीं, किंतु हिंदी शिक्षा समिति के निर्णय के अनुसार इन सर्वसंग्रह ग्रंथों के प्रकाशन का कार्य स्थगित कर दिया गया।

5.2.5. पाठालोचनात्मक संपादन-संशोधन

इस योजना के अधीन कवि महेश कृत 'हमीर रासो' का प्रकाशन हो चुका है। इस योजना का कार्य भी बाद में स्थगित कर दिया गया।

5.3 उर्दू के श्रेण्य ग्रंथों का हिंदी अनुवाद

गुजराल कमेटी की सिफारिश पर तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय ने 1982 में यह निश्चय किया कि उर्दू के श्रेण्य ग्रंथों का हिंदी में प्रकाशन केंद्रीय हिंदी निदेशालय के माध्यम से करवाया जाए। इसके लिए जो नामिका गठित की गई उसने इस योजना के कार्यक्षेत्र को ध्यान में रखते हुए एक समयबद्ध प्रकाशन-व्यवस्था निर्धारित की। तदनुसार पहले चरण में 50 वर्ष से पुराने कुछ काव्य-संकलन, कथा साहित्य और जीवनियाँ प्रकाशित करने का निश्चय हुआ। मंत्रालय का अनुमान था

कि इन ग्रंथों का प्रकाशन निदेशालय की 'प्रकाशक सहयोग योजना' के अंतर्गत किया जाएगा, जबकि ये ग्रंथ उस योजना की परिधि में नहीं आते थे। जब इस तथ्य की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया गया और इस नई योजना के लिए बजट माँगा गया तो निदेशालय को अनौपचारिक रूप से यह बताया गया कि मंत्रालय इस पर नए सिरे से पुनर्विचार करेगा और भविष्य में अपनाई जाने वाली नई वृहत् प्रकाशन योजना में इसे स्वीकार करेगा। तब से निदेशालय के स्तर पर यह मामला निलंबित कर दिया गया है।

5.4 प्रकाशकों के सहयोग से लोकप्रिय पुस्तकों का प्रकाशन

प्रकाशकों के सहयोग से हिंदी में लोकप्रिय पुस्तकों के लेखन, अनुवाद और प्रकाशन की योजना सन् 1961 में शुरू हुई। तब लोकप्रिय पुस्तकों से अभिप्राय ऐसी तकनीकी और वैज्ञानिक पुस्तकों से था जो सरल भाषा-शैली में लिखी हुई हों और सामान्य जनता के ज्ञानवर्धन के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकें। आरंभ में इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर के मानक ग्रंथों का प्रकाशन भी किया जाता था। परंतु सन् 65 में जब से मानक ग्रंथों के प्रकाशन का कार्य वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग को सौंप दिया गया, तब से इस योजना में केवल लोकप्रिय पुस्तकों का प्रकाशन किया जाने लगा। योजना के फलक का विस्तार करते हुए इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विषयों का भी समावेश समय-समय पर किया जाता रहा। इस योजना के सामान्य उद्देश्य निम्नलिखित थे :

—वैज्ञानिक ज्ञान तथा अभिवृत्तियों का प्रसार तथा विकास।

—राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता और मानवतावादी मूल्यों का विकास, और

—आधुनिक ज्ञान-विज्ञान पर बल देते हुए जनसाधारण के सामान्य ज्ञान की अभिवृद्धि।

यह योजना मार्च, 85 तक निर्बाध गति से चलती रही। इसी वर्ष शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय ने एक वृहत् प्रकाशन योजना बनाई और इस आशा के साथ कि निदेशालय में कार्यान्वित की जा रही योजना का अंतर्भाव भी इसी वृह्त योजना में हो जाएगा, प्रकाशक सहयोग योजना को वित्त वर्ष 85-86 से बंद कर दिया गया।

पिछले पच्चीस वर्षों तक चलती रही इस योजना के अंतर्गत प्रकाशकों द्वारा प्रस्तुत मौलिक अथवा अनूदित पुस्तकों के प्रस्तावों पर एतदर्थ गठित पुस्तक चयन समिति विचार करती थी। स्वीकृत पुस्तकों के संबंध में लेखन, अनुवाद, पुनरीक्षण, प्रकाशन तथा कापीराइट आदि की व्यवस्था प्रकाशक के अधीन ही रहती थी। पुस्तक की, कुछ अपवादों को छोड़कर, कम-से-कम तीन हजार प्रतियाँ छपवाना अनिवार्य था। पुस्तक का मूल्य भारत सरकार के मुख्य नियंत्रक, मुद्रण और लेखन-सामग्री द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार लागत के तीन गुने तक निदेशालय द्वारा निश्चित किया जाता था। प्रकाशित होने पर 25% की कटौती कर निदेशालय पुस्तक की एक हजार प्रतियाँ तत्काल

खरीद लेता था। इस प्रकार मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि प्रकाशकों को लागत का अधिकांश सरकार से प्राप्त हो जाता था। निदेशालय द्वारा खरीदी गई प्रतियाँ हिंदीतर भाषी राज्यों की संस्थाओं आदि को वितरित कर दी जाती थीं।

इस योजना के अंतर्गत 382 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, जिनका ब्यौरा परिशिष्ट 7 में दिया गया है।

5.5 वार्तालाप पुस्तिकाएँ

भारत जैसे बहुभाषी महादेश में द्विभाषिक वार्तालाप पुस्तिकाओं की उपयोगिता स्वयं-सिद्ध है। इनकी सहायता से लक्ष्य भाषा के बोले जाने वाले और बातचीत-प्रधान रूप को सीखने में सुविधा हो जाती है। यही नहीं, पर्यटन के अवसर पर ऐसी पुस्तकें एक अच्छे मार्गदर्शक का काम भी करती हैं।

निदेशालय ने सबसे पहले पत्राचार के माध्यम से हिंदी सीखने वाले अहिंदी भाषी भारतीयों और विदेशियों की भाषा-संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सहायक पाठ्य सामग्री के रूप में हिंदी-अंग्रेजी (1973) और अंग्रेजी-हिंदी (1976) वार्तालाप पुस्तिकाओं की रचना की। हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषिक वार्तालाप पुस्तिका में 26 विविध प्रसंगों से संबंधित 307 वार्तालाप वाक्य और अभिव्यक्तियाँ तथा 1301 उपयोगी शब्दों की सूची दो भागों में दी गई है। हिंदी वाक्यों और शब्दों का रोमन लिप्यंतरण भी किया गया है। इसी का परिवर्धित और चित्रांकित उलट संस्करण अंग्रेजी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिका थी। इसमें सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट सुधीर दर के अनेक सामयिक कार्टून सम्मिलित किए गए। दोनों की क्रमशः दस हजार और सात हजार प्रतियाँ प्रकाशित हुईं जो अब अनुपलब्ध हैं। अंग्रेजी-हिंदी वार्तालाप पुस्तिका का पुनर्मुद्रण 84-85 में किया गया।

तमिल माध्यम से हिंदी सीखने वाले पत्राचार के विद्यार्थियों और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सन् ८0 में तमिल-हिंदी वार्तालाप पुस्तिका प्रकाशित की गई। इसमें सुधीर दर के पहले वाले कार्टून ही समाविष्ट किए गए। पुस्तिका की सात हजार प्रतियाँ प्रकाशित की गईं जो अब लगभग समाप्त हो चुकी हैं। इसका मूल्य 3.75 रु० था।

सन् 80 में ही शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति के निर्णयानुसार निदेशालय ने सभी भारतीय भाषाओं की 26 जेबी द्विभाषिक वार्तालाप पुस्तिकाओं के निर्माण की योजना बनाई। इन पुस्तिकाओं में लगभग 800 वर्गीकृत वाक्य और अभिव्यक्तियाँ तथा 1300 वर्गीकृत शब्द होंगे। हिंदीमूलक वार्तालाप पुस्तिकाओं के प्रथम चरण में सात भाषाओं (असमिया, कन्नड़, कश्मीरी, तमिल, तेलुगु, बंगला और मलयालम) की पुस्तिकाएँ तैयार हो गई हैं। इनमें से हिंदी-बंगला वार्तालाप पुस्तिका प्रकाशित हो गई है और तमिल तथा मलयालम वाली पुस्तिकाएँ

पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग के अधीन मुद्रणाधीन हैं । शेष पुस्तिकाओं के अनुसंधान और संदर्भ व्यूरो के तत्वावधान में वित्त वर्ष 86-87 में प्रकाशित हो जाने की संभावना है ।

इस नई योजना की सभी वार्तालाप पुस्तिकाओं की विशेषता यह है कि इनमें स्रोत भाषा के वाक्यों को लक्ष्य भाषा की लिपि में और लक्ष्य भाषा के वाक्यों को स्रोत भाषा की लिपि में लिप्यंतरित किया गया है ताकि दोनों सिरों से इनका उपयोग सुविधापूर्वक किया जा सके ।

निदेशालय तीन विदेशी भाषाओं की वार्तालाप पुस्तिकाएँ भी तैयार कर रहा है । इनका उल्लेख सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत अन्यत्र किया गया है ।

5.6 स्वयं-शिक्षक योजना

इस योजना का सूत्रपात उस पत्र के द्वारा हुआ जो तत्कालीन संसद्-सदस्य श्री कालिकासिंह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को लिखा था और उनसे अनुरोध किया था कि भारत की सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं के लिए ऐसे द्विभाषी स्वयं-शिक्षकों के प्रकाशन की व्यवस्था की जाए, जिनकी आधार भाषा हिंदी हो । तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय सलाहकार बोर्ड में हुए निश्चय के अनुसार दक्षिण भारत की चारों भाषाओं (तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम) के हिंदीमूलक स्वयं-शिक्षकों के निर्माण का काम दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, मद्रास को सौंपा गया । सभा ने जो पुस्तकें तैयार कीं, उनका प्रकाशन केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने किया ।

स्वयं-शिक्षकों में पहले सभी शब्द और वाक्य अपनी-अपनी लिपियों के साथ नागरी में दिए गए हैं और तब उनका हिंदी में भाषांतर किया गया है । साथ में रेखाचित्र भी दिए गए हैं । इस तरह इनका उपयोग स्वतः शिक्षक के रूप में संबंधित दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ-साथ हिंदी सीखने के लिए भी किया जा सकता है ।

विभिन्न भाषा-भाषी भारतीयों के बीच भाषाई व्यवधान को दूर कर भारत की भावात्मक एकता की पुष्टि करने के उद्देश्य में सफल होने के कारण ये पुस्तकें जन-साधारण के बीच अत्यंत लोकप्रिय सिद्ध हुई हैं । इसीलिए सन् 83 में इनका पुनर्मुद्रण हुआ । प्रत्येक स्वयं-शिक्षक का मूल्य 5 रु० है ।

5.7 हिंदी व्याकरण

भारतीय संविधान द्वारा हिंदी के राजभाषा के रूप में स्वीकृत हो जाने और देश-विदेश में हिंदी शिक्षण को व्यापक प्रोत्साहन मिलने के बाद इस बात की आवश्यकता महसूस की गई कि भाषा शिक्षण की नवीन प्रणालियों के अनुसार अंग्रेजी में हिंदी का व्याकरण तैयार किया जाए । इसके लिए भारत सरकार ने सन् 54 में एक व्याकरण समिति गठित की, जिसमें डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी, श्री मोटूरी सत्यनारायण (संसद्-सदस्य), डॉ० बाबूराम सक्सेना, श्री जी० पी० नेने, सचिव,

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पूना तथा डॉ० आर्येंद्र शर्मा, उस्मानिया विश्वविद्यालय सदस्य थे। समिति के निदेशानुसार डॉ० शर्मा ने 'ए बेसिक ग्रामर ऑफ माडर्न हिंदी' की रचना की, जिसे तत्कालीन हिंदी प्रभाग (बाद में केंद्रीय हिंदी निदेशालय), शिक्षा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्रालय ने सन् 58 में प्रकाशित किया।

पुस्तक का व्यापक स्वागत हुआ। पहले संस्करण की 2200 प्रतियों के समाप्त हो जाने के बाद कुछ संशोधनों के साथ इसका 5000 का दूसरा संस्करण सन् 72 में प्रकाशित किया गया। इसमें कुछ परिशिष्ट भी जोड़े गए। तीसरा पुनर्मुद्रण सन् 75 में हुआ और दस हजार प्रतियों का चौथा संस्करण सन् 83 में निकला। पहले संस्करण का मूल्य 1-62 रु० था, दूसरे का 3-40 रु० और अधुनातन का 9-20 रु०।

अध्याय 6

हिंदी के प्रचार-प्रसार की योजनाएँ

देश के हिंदीतर भाषी राज्यों में और विदेशों में हिंदी का प्रचार-प्रसार करने के लिए केंद्रीय हिंदी निदेशालय अनेक योजनाएँ कार्यान्वित कर रहा है। इन योजनाओं में प्रमुख हैं : (क) विस्तार कार्यक्रम; (ख) पुस्तकों और पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण; (ग) प्रदर्शनी और (घ) पत्राचार के माध्यम से हिंदी शिक्षण।

आगे इन सभी कार्यक्रमों में पिछले 25 वर्षों में हुई प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

6.1 विस्तार कार्यक्रम

हिंदीतर भाषी प्रदेशों के लोगों में हिंदी के प्रति रुचि उत्पन्न करने, विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्ययन कर रहे हिंदीतर भाषी विद्यार्थियों को हिंदी भाषी लोगों से संपर्क बढ़ाने, उनमें हिंदी के प्रति सर्जनात्मक प्रतिभा का विकास करने तथा दोनों क्षेत्रों के विद्वानों और अध्यापकों को परस्पर विचार-विनिमय करने के लिए एक मंच पर लाने जैसे अनेक कार्य विस्तार कार्यक्रम ब्यूरो के अधीन किए जा रहे हैं। इन सबका विवरण इस प्रकार है :—

6.1.1 नवलेखक शिविर

यह योजना 1966 में शुरू हुई। कविता, कहानी, नाटक आदि प्रमुख साहित्यिक विधाओं के नवलेखकों को गहन प्रशिक्षण देने के लिए सात दिवसीय शिविर आयोजित किए जाते हैं। देश के विभिन्न भागों में आयोजित इन शिविरों में से प्रत्येक में लगभग 25 नवलेखक आमंत्रित किए जाते हैं। विज्ञापन द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रतिभागियों का चुनाव करते समय यह ध्यान रखा जाता है कि प्रत्येक शिविर में विभिन्न भाषाओं और क्षेत्रों के लेखकों का प्रतिनिधित्व हो। लेखकों के मार्गदर्शन के लिए प्रतिष्ठित हिंदी साहित्यकारों को आमंत्रित किया जाता है। शिविर के आयोजन में शैक्षिक संस्थाओं या हिंदी सेवी संगठनों का सहयोग प्राप्त किया जाता है। इन संस्थाओं में ही शिविरार्थियों के लिए निःशुल्क आवास और कक्षाओं की व्यवस्था की जाती है। निदेशालय की ओर से प्रतिभागियों को दोनों ओर का द्वितीय श्रेणी का रेल किराया तथा 20 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भत्ता दिया जाता है। मार्गदर्शक साहित्यकारों को दोनों ओर का प्रथम श्रेणी का रेल भाड़ा और नियमानुसार दैनिक भत्ता दिया जाता है, साथ ही 25 रु० प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय भी। शिविर-निदेशक के लिए 400 रु० के मानदेय की व्यवस्था है।

शिविरों में रचना-प्रक्रिया पर सैद्धांतिक चर्चा तो होती ही है, साथ ही नवलेखकों की रचनाओं की व्यावहारिक समीक्षा भी की जाती है और उनमें अपेक्षित संशोधन भी। सामान्यतः प्रत्येक लेखक अपनी दो रचनाएँ प्रस्तुत करता है। वाचन-कला और शुद्ध एवं प्रभावपूर्ण पाठ का भी अभ्यास कराया जाता है।

पिछले 20 वर्षों में देश के कोने-कोने में ऐसे लगभग 50 शिविर आयोजित हो चुके हैं। योजना के आरंभिक वर्षों में केवल 2-2 शिविर ही आयोजित किए जाते थे। मूल्यांकन समिति की सिफारिश पर हाल ही के वर्षों में इनकी संख्या प्रतिवर्ष आठ कर दी गई है। कभी-कभी अप्रत्याशित कारणों से संख्या-लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पाती।

इन शिविरों के आयोजन में गुणात्मक विकास की दृष्टि से मूल्यांकन समिति ने अनेक सुझाव दिए थे। उसकी अधिकांश सिफारिशों पर अमल हो चुका है। भविष्य में 'आंतरभारती: नव हस्ताक्षर' के अंतर्गत इन नवलेखकों की अच्छी कृतियों के सामयिक प्रकाशन की व्यवस्था करने पर भी विचार किया जा रहा है।

6.12 छात्र-अध्ययन यात्रा

यह योजना 70-71 में शुरू हुई। इसके अंतर्गत हिंदीतर प्रदेशों में स्थित विश्वविद्यालयों तथा शैक्षिक हिंदी संस्थाओं के स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के हिंदी-छात्रों को हिंदी भाषी प्रदेशों के विश्वविद्यालयों और हिंदी सेवी संस्थाओं में ले जाया जाता है। उद्देश्य यह रहता है कि भावनात्मक एकता के साथ-साथ ये छात्र हिंदी के वातावरण में घूम-फिर कर हिंदी के सहज उच्चारण और वाक्यविन्यास से परिचित हो सकें तथा हिंदी भाषा और साहित्य संबंधी अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। यह कार्यक्रम सामान्यतः दो सप्ताह का होता है और इसमें वर्ष में 50-50 छात्र-छात्राओं की दो टोलियों को एक ही क्षेत्र के तीन विश्वविद्यालयों में निदेशालय के मार्गदर्शक के अधीन यात्रा करवाई जाती है। प्रत्येक प्रतिभागी को 400 रुपए का यात्रा-अनुदान दिया जाता है।

इस सुविधा से हिंदीतर भाषी विद्यार्थियों को यह अतिरिक्त लाभ मिलता है कि वे हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकारों के प्रत्यक्ष दर्शन करके उन्हें सुनने का सौभाग्य पाते हैं; साथ ही स्थानीय साहित्यकारों से भेंट हो जाती है, साहित्यिक और हिंदी सेवी संस्थाओं तथा पत्र-पत्रिकाओं के कार्यालयों के काम को स्वयं अपनी आँखों से देखने का उन्हें अवसर मिलता है। ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा तो होती ही है।

अब तक ऐसी 32 यात्राएँ आयोजित की जा चुकी हैं।

6.1.3 प्राध्यापक व्याख्यान-यात्रा

यह योजना किसी-न-किसी रूप में 1961 से ही चल रही है। पहले केवल प्रतिष्ठित लेखक और साहित्यकार इसमें भाग लेते थे। राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान सन् 63 से यह योजना अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी, जो पुनः सन् 70 में शुरू हुई।

संप्रति इस योजना के अधीन हिंदी तथा हिंदीतर भाषी विश्वविद्यालयों के चार-चार अध्यापकों को क्रमशः हिंदीतर तथा हिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयों में व्याख्यान देने के लिए भेजा जाता है। वर्ष 84-85 से पहले 5-5 अध्यापकों के विनिमय की व्यवस्था थी, किंतु इसमें से एक-एक कम करके एक नई योजना शुरू की गई है जो साहित्यिक विधाओं की संगोष्ठियों से संबंधित है।

इन व्याख्यान-यात्राओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता के मूलभूत तत्वों को उद्‌घाटित किया जाता है तथा हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन-अध्यापन की समस्याओं पर परस्पर विचार-विमर्श किया जाता है। लगभग 15 दिन की इस व्याख्यान-यात्रा में प्रत्येक प्राध्यापक कम-से-कम तीन विश्वविद्यालयों में 9 भाषण देते हैं। यात्रा की समाप्ति पर इन विद्वानों को प्रथम श्रेणी का रेल यात्रा-भाड़ा और नियमानुसार दैनिक भत्ता दिया जाता है। साथ ही उन्हें प्रति व्याख्यान 50/- रु० मानदेय मिलता है।

पिछले पंद्रह वर्षों में लगभग 100 व्याख्यान यात्राएँ संपन्न हुईं। इनमें से पाँच वर्षों का ब्यौरा परिशिष्ट 8 में द्रष्टव्य है।

मूल्यांकन समिति ने इन व्याख्यान-यात्राओं को अधिक सार्थक बनाने के लिए एक प्रमुख सिफारिश यह की थी कि चुने हुए भाषणों के संपादन एवं प्रकाशन की व्यवस्था होनी चाहिए। इस सिफारिश के कार्यान्वयन की योजना विचाराधीन है।

6.1.4 साहित्य-संगोष्ठी

मूल्यांकन समिति की सिफारिश पर प्राध्यापक व्याख्यान-यात्रा को ही पुनः संरचित कर इस योजना का स्वरूप निर्धारित किया गया है। तदनुसार वित्त वर्ष 84-85 से एक साहित्य-संगोष्ठी हिंदी क्षेत्र में और दूसरी हिंदीतर भाषी क्षेत्र में आयोजित की जा रही है। अब तक कोचीन, दिल्ली और उदयपुर में क्रमशः साठोत्तर भारतीय उपन्यास, भारतीय समालोचना और भारतीय कहानी पर संगोष्ठियाँ हुईं तथा हैदराबाद में भारतीय कोश कला का विकास एवं हिंदी भाषा और साहित्य में तेलुगु भाषियों का योगदान विषयक संगोष्ठियाँ आयोजित की गई हैं, जिनमें दोनों क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विद्वानों ने अपनी-अपनी भाषाओं में तत्संबंधी विषयों पर आलेख प्रस्तुत किए। प्रतिभागी विद्वानों को नियमानुसार भत्ते और प्रति आलेख 50 रु० का मानदेय तथा संगोष्ठी निदेशक को 400 रु० मानदेय दिया जाता है।

6.1.5 शोध छात्र यात्रा-अनुदान

यह योजना 70-71 में शुरू हुई। योजना के अधीन हिंदीतर क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों के हिंदी विषयों के अहिंदी भाषी शोध-छात्रों को अन्य विश्वविद्यालयों में जाकर शोध-कार्य करने के लिए 450 रु० प्रति छात्र के हिसाब से प्रतिवर्ष 20 छात्रों को यात्रा-अनुदान देने की व्यवस्था है। पहले यह अनुदान 350 रु० था। हिंदी विभागाध्यक्षों द्वारा संस्तुत एवं रजिस्ट्रार द्वारा अग्रेषित आवेदनों पर ही चयन समिति द्वारा विचार किया जाता है। अब तक इस योजना से 280 छात्र लाभ उठा चुके हैं। योजनानुसार 20 छात्रों का चयन हो जाने पर भी छात्र अपनी व्यक्तिगत परिस्थितिवश या अन्य वित्तीय कठिनाइयों के कारण इस योजना से पूरी तरह लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। कमियों को दूर करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

6.1.6 हिंदीतर क्षेत्र के हिंदी-लेखकों को पुरस्कार

मूलतः यह योजना शिक्षा मंत्रालय की थी, जिसका कार्यान्वयन निदेशालय के माध्यम से होता था। अहिंदी भाषी राज्यों के हिंदी-साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1963-64 में यह पुरस्कार योजना शुरू की गई। प्रथम प्रतियोगिता के अंतर्गत कथा-साहित्य की ऐसी 10 पुस्तकें पुरस्कृत हुईं, जिनका प्रकाशन 61-62 में हुआ था। पुरस्कार की राशि 1500 रु० थी। पुरस्कार वितरण समारोह नवंबर, 66 में हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर 'हिंदी साहित्य को अहिंदी भाषी क्षेत्रों की देन' विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई।

1966-67 में हिंदी शिक्षा समिति की सिफारिश पर योजना में संशोधन हुआ। पुरस्कारों की संख्या 12 से बढ़ा कर 18 कर दी गई और प्रत्येक पुरस्कार की राशि 1500 रुपए के स्थान पर 1000 रुपए रखी गई। दूसरी प्रतियोगिता में यों तो 49 पुस्तकें प्राप्त हुईं और उनमें से 26 पर विचार हुआ, पर चयन समिति ने केवल 6 पुस्तकों को ही पुरस्कार योग्य पाया। 1967-68 में भी प्रतियोगिता हुई। मार्च 68 में आयोजित समारोह में तत्कालीन शिक्षा राज्य मंत्री प्रो० शेर सिंह ने पुरस्कार और प्रमाण-पत्र वितरित किए।

इसके बाद प्रतिवर्ष प्रतियोगिता आयोजित की जाती रही। 71-72 में पुरस्कारों की श्रेणी और राशि में परिवर्तन हुआ। उस वर्ष 5 लेखकों को एक-एक हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार और 5 लेखकों को पाँच-पाँच सौ रुपए का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कारों की दो श्रेणियों का यह क्रम कुछ समय तक चलता रहा। बाद में प्रतिवर्ष 16 पुरस्कार निश्चित हुए और उनके लिए राशि प्रति पुरस्कार 1500 रु० स्थिर की गई। संप्रति पुरस्कारों की संख्या तो वही 16 है, पर पुरस्कार राशि 2500 रु० कर दी गई है। नकद पुरस्कारों के साथ प्रमाण-पत्र भी

वितरित किए जाते हैं। मूल्यांकन समिति की सिफारिश के अनुसार 84-85 वर्ष से मंत्रालय की यह योजना निदेशालय को हस्तांतरित कर दी गई है।

वर्ष 1985-86 तक कुल 228 हिंदीतर भाषी हिंदी-लेखक पुरस्कृत हो चुके हैं, जिनका ब्यौरा परिशिष्ट 9 में देखा जा सकता है।

पुरस्कार-योग्य पुस्तकों की विधाओं में समय-समय पर परिवर्तन होता रहा है। संप्रति सर्जनात्मक और समीक्षात्मक दोनों प्रकार के साहित्य (उपन्यास, कहानी, नाटक, संस्मरण, यात्रा-वृतांत, समीक्षा, निबंध और कविता) पर पुरस्कार दिए जाते हैं। शोध-प्रबंधों पर विचार नहीं किया जाता। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, तकनीकी वाङ्मय और भारतीय भाषाओं के मानक ग्रंथों के हिंदी अनुवाद पर भी विचार होता है।

विज्ञापन के परिणामस्वरूप मूल या अनुवाद के रूप में प्रकाशित पुस्तकों या पांडुलिपियों (संस्कृति संबंधी विषयों की पांडुलिपियाँ भी स्वीकार्य हैं) की 5-5 प्रतियाँ मँगवाई जाती हैं। प्राप्त प्रविष्टियों पर निदेशालय तीन-तीन विद्वानों की गोपनीय सम्मतियाँ प्राप्त करता है। प्राप्त सम्मतियों के आधार पर अंतिम निर्णय उच्चस्तरीय चयन समिति करती है।

16 पुरस्कारों में से सामान्यत: 10 पुरस्कार सर्जनात्मक और समीक्षात्मक साहित्य पर तथा 6 पुरस्कार क्षेत्रीय संस्कृति संबंधी पुस्तकों पर दिए जाते हैं।

पुरस्कार-प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित हैं, जो प्रतिभागी की मातृभाषा, हिंदी क्षेत्र में उसके आवास काल, पुरस्कृत व्यक्ति की वारंवारता, पुस्तक प्रकाशन वर्ष की सीमा (3 वर्ष), पुनर्पुरस्कार, प्रतिभागियों का कार्यालय (मंत्रालय तथा निदेशालय के कार्यकर्त्ता इसमें भाग नहीं ले सकते) आदि से संबंधित हैं।

6.1.7 मातृभाषा संस्कृत और हिंदी को छोड़कर अन्य भारतीय भाषाओं के लेखकों को पुरस्कार

सन् 69 से एक अन्य पुरस्कार योजना शुरू की गई। इसके अंतर्गत अपनी मातृभाषा से भिन्न हिंदी एवं संस्कृत को छोड़कर अन्य किसी भी भारतीय भाषा में लिखने वाले साहित्यकारों की प्रकाशित पुस्तकों/पांडुलिपियों पर पुरस्कार दिया जाता रहा। मूल लेखन पर यह पुरस्कार दो हज़ार रुपए का था और अनुवाद पर एक हज़ार का। नकद पुरस्कारों के साथ प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देने की भी व्यवस्था थी।

इस योजना के बारे में मूल्यांकन समिति की सिफारिश थी कि यह निदेशालय के कार्यक्षेत्र में नहीं आती, इसलिए इसे किसी अन्य अधिकारी संस्था को सौंप दिया जाए। तदनुसार मंत्रालय की अनुमति से यह योजना सन् 85 में भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर को स्थानांतरित कर दी गई।

हस्तांतरण से पूर्व जिन-जिन कृतियों पर पुरस्कार दिए गए, उनकी सूची परिशिष्ट 10 में उपलब्ध है।

6.1.8 हिंदी अध्यापक संगोष्ठियाँ

अहिंदी भाषी क्षेत्रों के हिंदी-अध्यापकों को हिंदी भाषा और साहित्य की अधुनातन प्रवृत्तियों से परिचित कराने तथा उनका हिंदी भाषी क्षेत्रों के अध्यापकों से संपर्क बनाए रखने के उद्देश्य से यह योजना सन्, 60 में शुरू की गई। इन संगोष्ठियों में प्रत्येक राज्य के कुछ चुने हुए अध्यापक किसी एक नगर में एकत्र होते थे और हिंदी के विद्वान हिंदी भाषा और साहित्य के विविध पक्षों पर भाषण देते थे और अध्यापकों के साथ विचार-विमर्श करते थे। हिंदी अध्यापन की समस्याओं और पद्धतियों पर विशेष रूप से चर्चा होती थी। संगोष्ठी की अवधि सामान्यतः दस दिन की होती थी। इन संगोष्ठियों के आयोजन का दायित्व किसी स्थानीय संस्था को सौंपा जाता था और सारा खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी।

सन् 60 से 63 तक ऐसी कुल ग्यारह (वाराणसी, उदयपुर, ग्वालियर, पटना, मद्रास, मैसूर, त्रिवेंद्रम, तिरुपति, दिल्ली, गुवाहाटी तथा अहमदाबाद में) संगोष्ठियाँ हुईं। इसके बाद आपातकालीन स्थिति घोषित हो जाने के कारण '65 तक संगोष्ठियाँ आयोजित नहीं हुईं। वित्त वर्ष 66-67 के दौरान हैदराबाद में तथा 67-68 में वर्धा और वल्लभ विद्यानगर में संगोष्ठियाँ हुईं। बाद में इसे बंद कर दिया गया।

प्राध्यापक व्याख्यान-यात्रा की योजना चल ही रही है और अध्यापकों के प्रशिक्षण का कार्य केंद्रीय हिंदी संस्थान का दायित्व है—इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन समिति ने भी महसूस किया कि इस योजना को फिर से शुरू करने की कोई सार्थकता नहीं है।

6.1.9 वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ

यह योजना सन् 60 में आरंभ की गई। इसके अंतर्गत स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी हिंदीतर भाषी क्षेत्रों से हिंदी भाषी क्षेत्रों में और हिंदी भाषी क्षेत्रों से हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में आते-जाते थे। उद्देश्य यह था कि विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़े तथा वे साहित्यिक और सामाजिक विषयों पर हिंदी में विचार-विमर्श कर सकें। सन् 62-63 तक कुल 12 दलों का विनिमय हुआ। इसके बाद आपातकालीन स्थिति की घोषणा के कारण इस योजना को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। मूल्यांकन समिति ने इस योजना पर पुनर्विचार किया और सिफारिश की कि ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालयों और स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं द्वारा चलाए ही जा रहे हैं, अतः इन्हें पुनः आरंभ करने की सार्थकता प्रतीत नहीं होती।

6.1.10 सांस्कृतिक कार्यक्रम

यह योजना सन् 66-67 में विनिमय कार्यक्रमों के अंतर्गत जोड़ी गई। उद्देश्य यह था कि

हिंदीतर भाषी क्षेत्रों के छात्रों तथा जन-साधारण में हिंदी के प्रति रुचि उत्पन्न हो। इसके लिए विद्यार्थी मेले, कथावाचन, नाट्य-प्रदर्शन आदि आयोजित करने का विचार बनाया गया। 66-67 में आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, केरल, असम तथा पश्चिमी बंगाल में कार्यक्रम किए गए। इनमें कबीर, सूर, तुलसी, मीरा आदि के प्रसिद्ध गीतों का वाचन-गायन भी किया गया। इस वर्ष के बाद यह योजना चालू नहीं रही।

इस कार्यक्रम के बारे में मूल्यांकन समिति की सिफारिश थी कि इन्हें अलग से आयोजित करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार के कार्यक्रम नवलेखक शिविरों में ही अंशतः किए जा सकते हैं।

6.1.11 स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षाओं को मान्यता

स्वतंत्रता आंदोलन के काल से ही स्वैच्छिक हिंदी सेवी संस्थाए देश और विदेश में हिंदी की कक्षाएँ चलाती आ रही हैं और उनके लिए परीक्षाओं का संचालन करती हैं। उन सरकारी नौकरियों के लिए, जिनके बारे में हिंदी की योग्यता निर्धारित की गई है, भारत सरकार ने हिंदी शिक्षा समिति की सिफारिश पर और संघ लोक सेवा आयोग की सहमति से विभिन्न स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं की परीक्षाओं को सन् 60 से मान्यता देना शुरू किया। मान्यता प्रदान करने का कार्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय के क्षेत्र में आता है, जिसके लिए वह केंद्रीय हिंदी निदेशालय की सहायता लेता है।

आरंभ में यह मान्यता तीन वर्ष के लिए दी गई थी। बाद में तीन-तीन वर्ष के लिए दो बार बढ़ाई गई। सन् 69 में हिंदी शिक्षा समिति की ही सिफारिश पर यह तय हुआ कि जो परीक्षाएँ पिछले दस वर्षों से चल रही हैं और जिन्हें पिछले पाँच वर्षों से मान्यता प्राप्त है, उन्हें स्थायी मान्यता प्रदान कर दी जाए। किंतु शर्त यह थी कि इन संस्थाओं का प्रतिवर्ष निरीक्षण किया जाएगा और निरीक्षण के दौरान यदि परीक्षा संबंधी कोई अनियमितता देखने में आई तो मान्यता वापस ले लेने का अधिकार मंत्रालय को होगा। तदनुसार संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से 17 स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं की परीक्षाओं को प्रेस विज्ञप्ति निकाल कर 18-2-70 से स्थायी मान्यता प्रदान की गई। मान्यता प्रदान करते समय यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि हिंदी परीक्षाओं की यह मान्यता विश्व-विद्यालयों की समकक्ष परीक्षाओं के लिए निर्धारित हिंदी के स्तर तक ही सीमित है। उसे उस समकक्ष परीक्षा के पूर्ण प्रमाण-पत्र या डिग्री के बराबर नहीं माना जाएगा। मान्यता प्राप्त परीक्षाओं का विवरण परिशिष्ट 11 में द्रष्टव्य है।

निदेशालय का क्षेत्रीय कार्यालय अपने-अपने क्षेत्रों की मान्यता प्राप्त संस्थाओं का प्रतिवर्ष निरीक्षण करता है और मंत्रालय को रिपोर्ट देता है।

यदि कोई संस्था नई परीक्षा की मान्यता के लिए आवेदन करती है या अस्थायी मान्यता को स्थायी मान्यता में परिवर्तित करवाना चाहती है तो उसके लिए मंत्रालय एक पाँच सदस्यीय निरीक्षण

समिति गठित करता है, जिसमें मंत्रालय, निदेशालय, राज्य सरकार के शिक्षा विभाग तथा अखिल भारतीय हिंदी संस्था संघ के प्रतिनिधि होते हैं और पाँचवाँ सदस्य कोई हिंदी का विद्वान होता है। इस समिति की सिफारिश पर हिंदी शिक्षा समिति विचार करती है और स्थायी मान्यता संबंधी निर्णय लिया जाता है।

6.1.12 स्वैच्छिक हिंदी सेवी संस्थाओं को वित्तीय अनुदान

हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास से संबंधित कार्यक्रमों को चालू रखने, उनमें विस्तार करने या नए कार्यक्रम शुरू करने के लिए स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं को केंद्र सरकार प्रतिवर्ष वित्तीय अनुदान देती है। इसके लिए निदेशालय तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालय प्रशासनिक सहयोग प्रदान करते हैं।

6.1.13 क्षेत्रीय कार्यालय

निदेशालय का केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में है। संप्रति इसके चार क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जो मद्रास, कलकत्ता, गुवाहाटी और हैदराबाद में स्थित हैं। इन चारों का कार्यक्षेत्र इस प्रकार बँटा हुआ है : **मद्रास**—तमिलनाडु, केरल और पांडिचेरी; **कलकत्ता** पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, सिक्किम तथा अंदमान-निकोबार द्वीप समूह ; **हैदराबाद**— आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात तथा गोआ, दमन और दीव; **गुवाहाटी**—असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश। आवश्यकता होने पर शेष राज्यों की संस्थाओं की जाँच सीधे निदेशालय करता है।

हिंदी शिक्षा समिति की सिफारिश पर कलकत्ता और मद्रास के क्षेत्रीय कार्यालय सन् 62 में स्थापित हुए थे। गुवाहाटी और हैदराबाद के कार्यालयों की स्थापना सन् 77 में की गई।

इन चारों क्षेत्रीय कार्यालयों का मुख्य कार्य निदेशालय के प्रतिनिधि के रूप में भारत सरकार और अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कार्य कर रही स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं और राज्य सरकारों के बीच संपर्क बनाए रखना है। ये कार्यालय इन संस्थाओं की गतिविधियों पर दृष्टि रखते हैं, उनको दिए जाने वाले वित्तीय अनुदान को सुनिश्चित करते हैं और विभिन्न संस्थाओं के कार्यकलापों में तालमेल बनाए रखते हैं। हिंदीतर भाषी राज्यों में हिंदी के प्रचार-प्रसार की प्रगति की समीक्षा करना और आवश्यक आँकड़ों का संग्रहकरना भी इनका काम है। क्षेत्रीय अधिकारी स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं को हिंदी के प्रचार-प्रसार की योजनाओं, वित्तीय सहायता, परीक्षा-संचालन आदि विविध प्रकार के कार्यों में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और संस्थाओं द्वारा आयोजित समारोहों, संगोष्ठियों आदि में यथावश्यक सहयोग देते हैं। इसके अतिरिक्त निदेशालय की विभिन्न प्रचार-प्रसार योजनाओं (यथा विस्तार कार्यक्रम और पत्राचार पाठ्यक्रम) के कार्यान्वयन में भी उनका सहयोग प्राप्त किया जाता है।

मूल्यांकन समिति ने सिफारिश की थी कि बंबई या अहमदाबाद और चंडीगढ़ या श्रीनगर में दो और क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने चाहिए ताकि इन क्षेत्रों में भी हिंदी का उचित प्रचार-प्रसार हो सके।

पिछले पच्चीस वर्षों में इन क्षेत्रीय कार्यालयों ने सीमित स्टाफ, भौतिक सुविधाओं की कमी तथा अत्यल्प प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों के बावजूद निहित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अपने कर्त्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वाह किया है। जिन दिनों दो ही क्षेत्रीय कार्यालय थे, उन दिनों इन्होंने विस्तृत कार्यक्षेत्र का संचालन किया। अब चार क्षेत्रीय कार्यालय हैं, फिर भी कुछ के पास अभी तक काम का आधिक्य है। उत्तरी और मध्य क्षेत्रों का कार्य तो स्वयं निदेशालय का केंद्रीय कार्यालय ही देख रहा है। उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों के लिए दो अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालयों की आवश्यकता बनी हुई है।

6.1.14 हिंदी सूचना केंद्र और टेलीफोन सेवा

निदेशालय ने 1966 में हिंदी सूचना केंद्र और सन् 68 में टेलीफोन पर पारिभाषिक शब्दों के हिंदी पर्याय बताने तथा जनसाधारण को हिंदी संबंधी अन्य जानकारियाँ देने की व्यवस्था शुरू की थी।

सूचना केंद्र छात्रों, अध्यापकों, शोधकर्त्ताओं तथा अन्य जिज्ञासुओं द्वारा हिंदी भाषा और साहित्य के संबंध में पूछे गए प्रश्नों के लिखित और मौखिक उत्तर देता था। प्रश्नकर्त्ता राजभाषा, संपर्क भाषा, व्युत्पत्ति, पर्याय विषयक जो भी जानकारी चाहते थे, निदेशालय उसका प्रामाणिक विवरण उपलब्ध कराने का भरसक प्रयत्न करता था।

टेलीफोन पर अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दों के हिंदी पर्याय या हिंदी शब्दों के अंग्रेजी रूपों की सूचना देने की व्यवस्था का उपयोग सरकारी संस्थाएँ तथा सामान्य जनता दोनों ही करती थीं।

निदेशालय और आयोग के विभाजन के बाद नियमित सेवा के रूप में ये दोनों सुविधाएँ लगभग समाप्त हो गई हैं।

6.2 पुस्तकों और पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण

शिक्षा मंत्रालय के हिंदी अनुभाग द्वारा समय-समय पर प्रकाशित पारिभाषिक शब्दों की अनंतिम और अंतिम सूचियों के निःशुल्क वितरण के लिए एक वितरण एकक की स्थापना 1959 में की गई थी। सन् 60 में निदेशालय की स्थापना के साथ ही यह एकक निदेशालय का अंग बन गया। तब से लेकर अब तक यह 'वितरण अनुभाग' के नाम से एक स्वतंत्र अनुभाग के रूप में कार्य कर रहा है।

इस अनुभाग को मुख्यतः तीन कार्य करने पड़ते हैं : (1) निदेशालय की विभिन्न योजनाओं

के अंतर्गत प्रकाशित साहित्य का वितरण; (2) प्रकाशकों के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही (सन 85-86 से बंद) योजना के अंतर्गत प्रकाशित पुस्तकों की निदेशालय द्वारा एक मुश्त खरीदी गई एक-तिहाई प्रतियों का वितरण ; तथा (3) देश खरीद योजना और विदेश खरीद योजना का कार्यान्वियन और उसके अंतर्गत चुनी गई हिंदी पुस्तकों का विवरण ।

6.2.1 निदेशालय द्वारा प्रकाशित साहित्य का वितरण

निदेशालय अपनी कोश योजनाओं, आवधिक प्रकाशनों या पत्र-पत्रिकाओं के रूप में जो भी समूल्य साहित्य प्रकाशित करता है, उसकी बिक्री की व्यवस्था या तो भारत सरकार के प्रबंधक, प्रकाशन शाखा के माध्यम से होती है या फिर निदेशालय के ही बिक्री विभाग द्वारा की जाती है । परंतु इन प्रकाशनों का एक पूर्व निर्धारित प्रतिशत या तो निःशुल्क वितरण के लिए रखा जाता है या फिर सरकारी प्रयोजनों के लिए । इस अंश का निःशुल्क और 'साभार' वितरण पूर्व अनुमोदित सूची के अनुसार यह अनुभाग करता है ।

प्रचार-प्रसार के लिए निदेशालय ने लेखन विधि, परिवर्धित देवनागरी, मानक देवनागरी, देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मानकीकरण जैसी कुछ पुस्तिकाएँ और चार्ट समय-समय पर निःशुल्क वितरण के लिए प्रकाशित किए थे । इन सबका वितरण भी इसी अनुभाग ने किया था ।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के निदेशालय से अलग होने के पहले उसके समस्त प्रकाशनों, विशेषकर समेकित प्रशासन शब्दावली के वितरण की व्यवस्था भी यही अनुभाग करता था ।

6.2.2 प्रकाशकों के सहयोग से प्रकाशित साहित्य की नियमानुसार एक-तिहाई प्रतियाँ निदेशालय खरीद लिया करता था । ये पुस्तकें हिंदीतर भाषी राज्यों की संस्थाओं में निर्धारित सूची के अनुसार इसी अनुभाग द्वारा वितरित की जाती थीं ।

6.2.3 हिंदी पुस्तकों/पत्रिकाओं की देश और विदेश खरीद योजना

देश के हिंदीतर भाषी क्षेत्रों तथा विदेशों के हिंदी पाठकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हिंदी का उपयुक्त साहित्य निःशुल्क उपलब्ध कराना, उन्हें हिंदी की नवीनतम अभिवृत्तियों तथा समृद्धि और विभिन्न विधाओं में हुई प्रगति से अवगत कराना तथा उसके द्वारा हिंदी साहित्य के पठन-पाठन में रुचि उत्पन्न करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है ।

संप्रति निदेशालय की अपनी योजना का नाम देश खरीद योजना है । सन् 83 से पहले यह योजना दो नामों से जानी जाती थी—(1) थोक खरीद योजना, और (2) तदर्थ खरीद योजना । इन दोनों योजनाओं का आरंभ द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में हुआ था । 65-66 तक इनका कार्यान्वियन मंत्रालय ही करता था । इसके बाद इन्हें निदेशालय को सौंप दिया गया ।

थोक खरीद योजना के अंतर्गत प्रेस विज्ञप्ति और विज्ञापन द्वारा प्रकाशकों और लेखकों से पुस्तकें आमंत्रित की जाती थीं। तदर्थ खरीद योजना के अंतर्गत लेखक और प्रकाशक शिक्षा मंत्रालय को समय-समय पर अपनी सद्य: प्रकाशित पुस्तकें खरीद के लिए भेजते रहते थे। मंत्रालय इन पुस्तकों की समीक्षा निदेशालय से करवाता था और इन्हें खरीदने/न खरीदने के बारे में निर्णय स्वयं करता था। इसके बाद पुस्तकों का क्रयादेश, बिलों का भुगतान और वितरण की व्यवस्था निदेशालय करता था।

मंत्रालय से हस्तांतरित होकर निदेशालय में आ जाने के बाद इन दोनों योजनाओं के स्वरूप में 71-72 से परिवर्तन हुआ। थोक खरीद योजना में तो कम कीमत की सभी साहित्यिक विधाओं की सामान्य पुस्तकें मँगवाई जाने लगीं; पर तदर्थ खरीद योजना के अंतर्गत उच्चकोटि की साहित्यिक, आलोचनात्मक, भाषाविज्ञान और तुलनात्मक अध्ययन की दस रुपए मूल्य से अधिक की पुस्तकों पर विचार होने लगा। दोनों योजनाओं के लिए पुस्तकें विज्ञापन द्वारा आमंत्रित की जाने लगीं।

विदेश खरीद योजना का आरंभ 69-70 में हुआ। विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों की हिंदी पुस्तकों की बढ़ती हुई माँग को देखते हुए वहाँ पुस्तकालय स्थापित करने का निर्णय हुआ। तदनुसार निदेशालय की थोक-तदर्थ/देश खरीद योजना के साथ-साथ इस योजना का भी कार्यान्वयन शुरू हुआ। यह योजना आज भी मंत्रालय की ही योजना है। विदेश मंत्रालय से परामर्श करके विभिन्न देशों की हिंदी पुस्तकों/पत्रिकाओं की माँग के अनुसार मंत्रालय ही प्रतिवर्ष संस्वीकृति जारी करता है, जिसमें इस मद के लिए उपलब्ध राशि को ध्यान में रखते हुए देशवार राशि का आवंटन दिखाया जाता है। कभी-कभी कुछ देश विशिष्ट पुस्तकों और पत्रिकाओं की माँग करते हैं। पुस्तकों का चयन करते समय इसका भी ध्यान रखा जाता है।

देश खरीद (तत्कालीन थोक/तदर्थ खरीद) और विदेश खरीद योजनाओं के लिए पुस्तकों/पत्रिकाओं के चयन की प्रक्रिया लगभग निश्चित है। इनके लिए प्रतिवर्ष सार्वजनिक विज्ञापन द्वारा अगस्त तक पुस्तकें/पत्रिकाएँ आमंत्रित की जाती हैं। मोटे तौर पर पाँच वर्ष से अधिक पुरानी पुस्तकें नहीं मँगाई जातीं। मंत्रालय द्वारा गठित चयन समिति उपलब्ध राशि को ध्यान में रखते हुए चयन के कुछ निदेशक सिद्धांत तय करती है और तदनुसार दोनों योजनाओं के लिए अलग-अलग पुस्तकें चुनी जाती हैं। कुल बजट राशि का दस प्रतिशत पत्रिकाओं पर खर्च किया जाता है। चुनी हुई पुस्तकों के प्रकाशित मूल्य पर प्रकाशकों से 25% की छूट मिलती है।

विगत आठ वर्षों में दोनों योजनाओं पर हुए खर्च का ब्यौरा इस प्रकार है :

वित्त वर्ष	**देश खरीद (थोक + तदर्थ)**	**विदेश खरीद**
78-79	4,33,210=00	2,11,919=50
79-80	3,85,907=77	2,80,695=62

80-81	4,69,889=42	1,82,178=98
81-82	6,97,194=92	1,91,969=77
82-83	5,84,793=70	2,87,917=94
83-84	6,62,126=67	1,89,603=30
84-85	7,45,968=35	2,09,553=81
85-86	9,72,968=80	1,77,987=25

तय हुआ है कि वर्ष 85-86 से निदेशालय खरीद योजना के लिए चुनी गई पुस्तकों की सूची (पुस्तकों की प्रतियों की संख्या सहित) अखिल भारतीय हिंदी प्रकाशक संघ को उपलब्ध कराएगा ताकि वे अपने मुख-पत्र में उसे सार्वजनिक जानकारी के लिए प्रकाशित कर सकें ।

देश खरीद योजना वाली पुस्तकें/पत्रिकाएँ हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक पुस्तकालयों, स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं आदि को निःशुल्क वितरित की जाती हैं । संप्रति इस वितरण सूची में 941 लाभ-भोगी संस्थाओं के नाम सम्मिलित हैं । यह सूची क्षेत्रीय अधिकारियों की सिफारिश पर तैयार की जाती है ।

विदेश खरीद योजना वाली पुस्तकें विगत कुछ वर्षों से 35 भारतीय मिशनों को भेजी जाती हैं । कुछ भारतीय मिशन इन्हें उन देशों की शिक्षण-संस्थाओं को भेंट कर देते हैं।

हिंदीतर भाषी प्रदेशों की कुछ ऐसी संस्थाएँ या कालेज हैं जो निःशुल्क वितरण सूची में पंजीकृत नहीं हैं । उनके यहाँ से माँग आने पर उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रकाशकों से चयन समिति के विचारार्थ प्राप्त नमूने की पुस्तकों से 50-100 पुस्तकें उन्हें भेज दी जाती हैं ।

अहिंद्री-भाषी क्षेत्रों में निःशुल्क पुस्तक वितरण
योजना में खर्च की गई राशि
लाख रुपये
थोक और तदर्थ
विदेश
10
9
8
7
6
5
4
3
2
1
0
1978-79
1979-80
1980-81
1981-82
1982-83
1983-84
1984-85
1985-86

6.3 प्रदर्शनी

जन-साधारण को हिंदी के बहुमुखी विकास से परिचित कराने और हिंदी में प्रकाशित वैज्ञानिक और तकनीकी साहित्य का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से प्रदर्शनियाँ लगाने की इस योजना का उत्स हिंदी अनुभाग/हिंदी प्रभाग काल में ही खोजा जा सकता है। तब नई दिल्ली में ही ये प्रदर्शनियाँ आयोजित की जाती थीं। सन् 57 में हुई एक प्रदर्शनी का उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति डा० राजेंद्र प्रसाद ने किया था। 'भारत 58' जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में शिक्षा मंत्रालय के मंडप ने हिंदी प्रभाग के प्रकाशन और अन्य महत्त्वपूर्ण कोशों का भी प्रदर्शन किया था।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में सरकारी स्तर पर अपने प्रकाशनों की अलग से हिंदी प्रदर्शनियाँ लगाने की योजना शुरू हुई। आपातकाल के दौरान 64-65 तक प्रदर्शनी लगाने का कार्यक्रम स्थगित रहा। इसके बाद 65-66 से नियमित रूप में ये प्रदर्शनियाँ हिंदी और हिंदीतर भाषी राज्यों में लगाई जा रही हैं। प्रदर्शनियों का आयोजन बहुधा किसी विशेष स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अवसरों पर किया जाता है ताकि अधिकाधिक लोग उसका लाभ उठा सकें। प्रदर्शनियों में मुख्यत: निदेशालय और आयोग के प्रकाशन तथा गौणत: निदेशालय/आयोग से सहयोग पाने वाली संस्थाओं (यथा ग्रंथ अकादमियों) के प्रकाशन प्रदर्शित किए जाते हैं। पुस्तकों और संदर्भ ग्रंथों के साथ चार्टों और अन्य प्रचार साहित्य का भी प्रदर्शन किया जाता है। इस अवसर पर निदेशालय के कुछ प्रकाशनों का नि:शुल्क वितरण भी किया जाता है।

देश के अनेक केंद्रों में और विदेशों में मुख्यत: नेपाल, फीजी और मॉरीशस में अब तक लगभग 135 प्रदर्शनियाँ आयोजित की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा विदेशों में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनियों के लिए भी मास्को, हांगकांग, दुबई, काहिरा, सिंगापुर, लाइपजिग आदि स्थानों पर पुस्तकें भेजी गई हैं।

देश में प्रदर्शनी-आयोजन के समय छोटे पैमाने पर निदेशालय के प्रकाशनों की बिक्री की व्यवस्था भी की जाती रही है। आयोग से अलग हो जाने पर अब निदेशालय प्राय: अपने ही प्रकाशनों की प्रदर्शनी लगाता है।

अध्याय 7

हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम

7.1 भूमिका

भारतीय स्वाधीनता-संघर्ष के एक अंग के रूप में महात्मा गाँधी की प्रेरणा से हिंदी का 'राष्ट्रभाषा' के रूप में प्रचार-प्रसार शुरू हुआ था। धीरे-धीरे कई स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं ने देश और विदेश में हिंदी शिक्षण और परीक्षाओं के कार्यक्रम चलाने शुरू कर दिए। स्वतंत्रता के बाद हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों स्तरों पर स्कूलों, कॉलेजों और विश्व-विद्यालयों में हिंदी की नियमित शिक्षा दी जाने लगी। स्वैच्छिक संस्थाएँ अपने-अपने अंशकालीन हिंदी पाठ्यक्रम तो चलाती ही रहीं।

संविधान में हिंदी के संघ की 'राजभाषा' स्वीकृत हो जाने के बाद केंद्रीय स्तर पर सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी शिक्षण योजना शुरू हुई। भारत की सामासिक संस्कृति की सहज अभि-व्यक्ति के लिए 'संपर्क भाषा' के रूप में हिंदी के प्रचार-प्रसार का दायित्व जब भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय को सौंपा गया, तो उसने इसके लिए अनेक योजनाएँ बनाईं। तब पूरे देश में कक्षा-अध्यापन के स्तर पर हिंदी पठन-पाठन की व्यापक व्यवस्था तो उपलब्ध थी; पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी जिससे कामकाजी व्यक्ति अपनी सुविधा के समय में स्वेच्छा से हिंदी भाषा का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। इसके लिए एक ही रास्ता 'पत्राचार द्वारा शिक्षण' का था। इसे 'डाक द्वारा शिक्षण' या 'दूरस्थ शिक्षा माध्यम' भी कह सकते हैं। इसी उद्देश्य को अपनाकर केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने मार्च, 1968 में हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम शुरू किया।

7.2 वर्तमान योजना

इस योजना के अंतर्गत हिंदीतर भाषी भारतीयों और विदेशियों को द्वितीय भाषा के रूप में पत्राचार के माध्यम से हिंदी सिखाने की व्यवस्था है। इस व्यवस्था का संचालन निदेशालय का पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग करता है। विभाग में दो प्रकार के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं: (1) सामान्य पाठ्यक्रम: 'हिंदी **प्रवेश**' और 'हिंदी **परिचय**'; (2) विशेष पाठ्यक्रम। विशेष पाठ्यक्रम भी दो प्रकार के हैं: (1) राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) के '**प्रबोध**' '**प्रवीण**' और '**प्राज्ञ**' पाठ्यक्रम तथा (2) **सिविल सेवा** पाठ्यक्रम।

7.3 सामान्य पाठ्यक्रम

'प्रवेश' और 'परिचय' नामक सामान्य पाठ्यक्रम निदेशालय के अपने पाठ्यक्रम हैं। 'प्रवेश' पाठ्यक्रम आरंभिक स्तर का है, जिसे पूरा कर लेने पर अहिंदी भाषी या विदेशी छात्र हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लेता है। 'परिचय' पाठ्यक्रम 'प्रवेश' का उत्तरवर्ती पाठ्यक्रम है, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर छात्र आकाशवाणी से प्रसारित समाचारों, समाचार-पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं, सरल कहानियों, कविताओं आदि को समझ लेता है; गैर-तकनीकी विषयों पर बोल सकता है और वार्तालाप के दौरान सरल और मुहावरेदार भाषा का प्रयोग कर सकता है।

7.4 माध्यम

ये दोनों पाठ्यक्रम दो-दो वर्ष के हैं। सन् 68 में अंग्रेजी माध्यम से 'प्रवेश' पाठ्यक्रम शुरू किया गया था ; बाद में सन् 73 से 'परिचय' पाठ्यक्रम प्रारंभ हुआ। 'प्रवेश' के लिए तमिल माध्यम 76 में अपनाया गया और 'परिचय' के लिए 78 में। 78 में ही मलयालम माध्यम से 'प्रवेश' शुरू हुआ और 80 से 'परिचय'। इसी तरह बंगला माध्यम का क्रम सन् 79 और 84 रहा।

7.5 पात्रता

इन पाठ्यक्रमों में केवल वे ही भारतीय या विदेशी दाखिला ले सकते हैं जिनकी मातृभाषा हिंदी न हो और उम्र 15 साल की अवश्य हो गई हो। सन् 73 में फिलीपीन के भारतीय राजदूत के अनुरोध पर पात्रता संबंधी नियम में यह संशोधन किया गया कि विदेशों में रह रहे भारतीय राष्ट्रिकों या आप्रवासियों के बच्चों की निम्नतम आयु सीमा 10 वर्ष हो सकती है, चाहे उनकी मातृभाषा कोई भी क्यों न हो। सरकारी कर्मचारियों के लिए अलग से गृह मंत्रालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है, इसलिए वे भी इनमें दाखिल नहीं किए जाते। हिंदी को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ने वाले स्कूली छात्र भी इनके पात्र नहीं हैं।

7.6 शुल्क

वर्तमान में, भारतीय छात्रों से तीस रुपए और विदेशी विद्यार्थियों से पचास अमरीकी डालर (या उसके समतुल्य स्थानीय विदेशी मुद्रा) नाममात्र की फीस के रूप में लिए जाते हैं। आरंभ में फीस बीस रुपए या पंद्रह डालर वार्षिक थी। बीच में एक वर्ष फीस पचास रुपए वार्षिक कर दी गई थी, किंतु छात्रों की माँग पर उसे घटा कर तीस रुपए कर दिया गया।

7.7 शिक्षण पद्धति

प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40-40 पाठ हैं। प्रथम वर्ष में दाखिले के बाद जुलाई से जून तक प्रति-मास दो-दो पाठ भेजे जाते हैं और दूसरे वर्ष में जुलाई से फरवरी तक। पाठ्य सामग्री के साथ

उत्तर-पुस्तिकाएँ होती हैं, जिन्हें पूरा कर विद्यार्थी विभाग को भेजता है। विभाग द्वारा मूल्यांकन किए जाने पर ये पुस्तिकाएँ छात्रों को लौटा दी जाती हैं। नियमित पाठों के साथ आनुषंगिक साहित्य, उपचारात्मक सामग्री आदि भेजी जाती हैं। सही उच्चारण सीखने के लिए रिकार्ड किए गए पाठों और टेपों की सहायता भी उपलब्ध है।

7.8 परीक्षा

परीक्षा दो वर्ष के पाठ्यक्रम की समाप्ति के बाद होती है। देश-विदेश में इसके लिए लगभग 90 केंद्र हैं। उत्तर-पुस्तिकाओं में प्राप्त अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाते हैं। सफल छात्रों को प्रमाण-पत्र दिए जाते हैं। जो छात्र कारणवश परीक्षा में नहीं बैठ पाते, पर कोर्स पूरा कर लेते हैं, उन्हें अलग प्रकार का प्रमाण-पत्र दिया जाता है। विशिष्ट श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार और पुस्तक-पुरस्कार देने की भी व्यवस्था है।

7.9 संपर्क कार्यक्रम

कक्षा-अध्यापन की कमी को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष छात्रों के संकेद्रण को ध्यान में रखते हुए भारत में अनेक केंद्रों पर एक सप्ताह के व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। विदेशों में अब तक केवल एक-एक बार फीजी और मॉरीशस में ये कार्यक्रम हुए हैं।

7.10 छात्रों की संख्या

सन् 68 से 85. तक पत्राचार के माध्यम से हिंदी सीखने वाले छात्रों की वर्षवार कुल संख्या इस प्रकार रही :—

वर्ष	कुल संख्या	वर्ष	कुल संख्या
1968	1008	1977	20010
1969	3329	1978	18115
1970	2961	1979	15788
1971	3635	1980	10212
1972	4008	1981	10402
1973	5925	1982	10651
1974	6342	1983	14319
1975	7150	1984	15739
1976	15253	1985	14412

आरंभ से लेकर दिसंबर '85 तक दोनों पाठ्यक्रमों की वर्षवार और माध्यमवार संख्या निम्नलिखित रही :—

वर्ष	अंग्रेजी माध्यम				तमिल माध्यम			
	प्रवेश		परिचय		प्रवेश		परिचय	
	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष
	1	2	3	4	5	6	7	8
1968	1008	—	—	—	—	—	—	—
1969	1987	595	—	—	—	—	—	—
1970	1330	900	—	—	—	—	—	—
1971	2500	550	—	—	—	—	—	—
1972	2100	1087	—	—	—	—	—	—
1973	3131	930	1107	—	—	—	—	—
1974	2948	1347	600	575	—	—	—	—
1975	2843	1224	625	337	—	—	—	—

वर्ष	1	2	3	4	5	6	7	8
1976	5955	2326	809	426	3727	—	—	—
1977	5079	2300	1084	437	5850	1432	—	—
1978	3082	1930	949	478	3883	2225	429	—
1979	2921	1060	846	481	4027	1107	719	217
1980	1104	1032	460	448	1247	1341	392	407
1981	1756	421	490	230	2613	461	400	227
1982	1039	506	323	235	2821	946	283	240
1983	2358	396	516	180	4335	899	312	150
1984	2416	691	483	230	4306	1241	317	155
1985	1685	661	320	201	3236	1400	334	160
कुल योग	45242	17956	8612	4258	36045	11052	3186	1556

वर्ष	मलयालम माध्यम					बंगला माध्यम		
	1	2	3	4	5	6	7	8
1978	453	—	—	—	—	—	—	—
1979	501	147	—	—	274	—	—	—
1980	194	229	121	—	228	—	—	—
1981	304	70	130	50	358	94	—	—
1982	247	83	75	48	*	123	—	—
1983	378	75	92	22	494	*	—	—
1984	351	106	111	35	309	229	53	—
1985	173	106	64	23	567	98	76	13
कुल योग	2601	816	593	178	2230	544	119	13

*टिप्पणी—पाठ्यक्रम बंद रहे।

'प्रवेश' परीक्षा में अब तक 10762 छात्र बैठे, जिनमें से 8643 उत्तीर्ण हुए । 'परिचय' की परीक्षा देने वालों की संख्या 2904 है, जिनमें से 2545 व्यक्ति सफल हुए अर्थात् दोनों में सफलता का प्रतिशत क्रमशः 80.3% और 87.6% है । आंकड़ों का विश्लेषण करें तो यह तथ्य प्रकट होता है कि लगभग 33% छात्रों ने ही सत्रांत परीक्षा दी । इस निम्न प्रतिशतता का एक कारण तो यह है कि यह विभाग वित्तीय कठिनाइयों के कारण देश और विदेश में अधिक परीक्षा-केंद्र स्थापित नहीं कर सकता । दूसरा स्पष्ट कारण यह है कि ये पाठ्यक्रम छात्रों के जीविकोपार्जन के प्रत्यक्ष साधन नहीं हैं । अधिकांश छात्र ज्ञानार्जन के लिए ही हिंदी की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ।

7.11 गृह मंत्रालय के पाठ्यक्रम

निदेशालय अपने पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के तीनों पाठ्यक्रम (प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ) भी पत्राचार के माध्यम से चलाता है । पत्राचार द्वारा चलाए जा रहे इन पाठ्यक्रमों की सुविधा उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है, जिनके कार्य-स्थलों पर हिंदी शिक्षण योजना द्वारा संचालित कक्षा-शिक्षण की व्यवस्था नहीं है । इसके अतिरिक्त ऑपरेशनल स्टाफ, प्रथम और द्वितीय श्रेणी के केंद्रीय सरकारी अधिकारी, सांविधिक निकायों और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारी तथा केंद्रीय विद्यालयों के अध्यापक भी इन पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं ।

ये तीनों पाठ्यक्रम एक-एक वर्ष के हैं और केवल अंग्रेजी माध्यम से ही उपलब्ध हैं । इनकी पाठ्यपुस्तकें गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित हैं और परीक्षाएँ भी उसी के अभिकरणों द्वारा ली जाती हैं । निदेशालय केवल शिक्षण का काम करता है ।

प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए वार्षिक शुल्क तीस रु० है, जिसकी प्रतिपूर्ति कर्मचारी का संबंधित विभाग कर देता है । छात्र के पाठ्यक्रम का निर्धारण उसका विभाग करता है और उसके आवेदन पत्र को वही अग्रेषित भी करता है ।

छात्रों को शिक्षण संबंधी सारी सुविधाएँ, यथा—पाठ्यसामग्री प्रेषण, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, संपर्क कार्यक्रम की व्यवस्था आदि-आदि निदेशालय द्वारा दी जाती हैं । पत्राचार से शिक्षा पा रहे छात्रों के वार्षिक परीक्षा परिणाम में मौखिक परीक्षा के स्थान पर उत्तर पत्रों के मूल्यांकन से प्राप्त अंकों को जोड़ा जाता है ।

पत्राचार के माध्यम से प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ पाठ्यक्रम निदेशालय में क्रमशः 69,70

और 72 से शुरू किए गए। छात्रों की वर्षवार संख्या इस प्रकार रही :—

वर्ष	प्रबोध	प्रवीण	प्राज्ञ
1969	747	—	—
1970	328	403	—
1971	264	321	—
1972	230	281	310
1973	310	247	200
1974	320	321	231
1975	1487	360	274
1976	1134	562	314
1977	2246	895	687
1978	2714	1404	568
1979	1631	1119	758
1980	1480	858	677
1981	1496	782	531
1982	2147	973	562
1983	2430	1089	593
1984	2641	1295	770
1985	2917	1358	1020
कुल संख्या	24522	12268	7495

पत्राचार पाठ्यक्रम के कुल छात्रों की संख्या
1968-1985
हज़ार
20
16
12
8
4
1,008
3,329
2,961
3,635
4,008
5,925
6,342
7,150
15,253
20,010
18,115
15,788
10,212
10,402
10,651
14,319
15,739
14,412
1968
1969
1970
1971
1972
1973
1974
1975
1976
1977
1978
1979
1980
1981
1982
1983
1984
1985

'प्रवेश' पाठ्यक्रम में माध्यमवार छात्रों की संख्या
1968-1985
हज़ार
6
5
4
3
2
1
माध्यम
तमिल
अंग्रेज़ी
बंगला
मलयाळम
1968
1969
1970
1971
1972
1973
1974
1975
1976
1977
1978
1979
1980
1981
1982
1983
1984
1985

'परिचय' पाठ्यक्रम में माध्यमवार छात्रों की संख्या
1973-1985
1,200
1,000
800
600
400
200
1973
1974
1975
1976
1977
1978
1979
1980
1981
1982
1983
1984
1985
माध्यम
तमिल
अंग्रेज़ी
बंगला
मलयाळम

पत्राचार पाठ्यक्रम में गृह मंत्रालय पाठ्यक्रमों के
छात्रों की संख्या
1969-1985
3,000
2,500
2,000
1,500
1,000
500
1969
1970
1971
1972
1973
1974
1975
1976
1977
1978
1979
1980
1981
1982
1983
1984
1985
प्रबोध
प्रवीण
प्राज्ञ

परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या — प्रतिशत में
1969-1985
प्रवेश
परिचय
प्रबोध
प्रवीण
प्राज्ञ
1969
1970
1971
1972
1973
1974
1975
1976
1977
1978
1979
1980
1981
1982
1983
1984
1985
20
40
60
80
100

7.12 सिविल सेवा पाठ्यक्रम

वर्ष, 84 अक्टूबर से पूर्वांचल के छह राज्यों (सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड और मणिपुर) के उन अभ्यर्थियों के लिए भी एक वर्षीय हिंदी पाठ्यक्रम शुरू किया गया है जो भारतीय सिविल सेवा परीक्षाओं में अनिवार्य भाषा प्रश्न-पत्र के लिए हिंदी विषय लेकर परीक्षा में बैठना चाहते हैं। यह पाठ्यक्रम निःशुल्क है। पहले वर्ष 84 छात्रों ने इसमें दाखिला लिया।

7.13 संगठनात्मक व्यवस्था

इन सभी पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए निदेशालय में एक अलग ब्यूरो है, जिसे आरंभ से ही 'पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग' कहा जा रहा है। निदेशालय के निदेशक इसके सर्व-कार्य प्रभारी हैं। दैनंदिन संचालन का प्रभार उपनिदेशक पर है। उनकी सहायता के लिए शैक्षिक कार्य हेतु दो सहायक निदेशक, आठ सहायक शिक्षा अधिकारी और 32 मूल्यांकक हैं। साथ ही लिपिक वर्गीय अमला भी है। वर्तमान समय में जितना स्टाफ है, वह अमला निरीक्षण एकक के निर्धारित कार्य मानक के अनुसार लगभग 4008 छात्रों के लिए ही है। कार्यभार में लगभग चार गुनी वृद्धि हो जाने पर और मंत्रालय के आंतरिक कार्य अध्ययन दल द्वारा 1980 में स्टाफ बढ़ोतरी की सिफारिश करने के बावजूद अभी तक नए स्टाफ की मंजूरी नहीं मिल पाई है, इसलिए अधिकांश मूल्यांकन कार्य बाहरी मूल्यांकनकर्त्ताओं की सहायता से करवाया जा रहा है।

7.14 ऐतिहासिक सिंहावलोकन

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में पत्राचार पाठ्यक्रम के लिए 4 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया था। पहला पाठ्यक्रम तो मार्च, 68 में शुरू हुआ; पर योजना का वास्तविक सूत्रपात्र अप्रैल, 66 में ही हो गया था, जब तत्कालीन राज्य मंत्री प्रो० शेरसिंह द्वारा हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम शुरू करने से संबंधित संसद् में की गई घोषणा के फलस्वरूप संयुक्त शिक्षा सलाहकार के साथ हुई बैठक में हिंदी प्राइमर और हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम शुरू करने के बारे में विचार-विमर्श हुआ था। संयुक्त शिक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में सन् 67 में एक कार्यदल गठित हुआ, जिसने योजना की रूपरेखा और प्रविधि, पाठ्यचर्या और पाठ्य पुस्तकें, पाठों की तकनीकी अभिरचना, पाठ-निर्माण के लिए विशेषज्ञ नामिका जैसे विषयों पर निदेशक सिद्धांत तय किए। इनके अनुसार पाठ्य सामग्री तैयार हुई। फरवरी, 67 में पत्राचार पाठ्यक्रम के आरंभिक पाठ्यक्रम की योजना पर वित्त मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान की। प्रस्ताव था कि 'प्रवेश' पाठ्यक्रम अगस्त, 67 से शुरू कर दिया जाए। परंतु वित्त मंत्रालय संबंधी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद पहला पाठ्यक्रम मार्च, 68 में ही शुरु हो पाया, जिसका उद्घाटन तत्कालीन शिक्षा राज्य मंत्री प्रो० शेरसिंह ने किया था।

पहले वर्ष 'प्रवेश' पाठ्यक्रम में एक हजार छात्रों ने दाखिला लिया, जिनमें 24 विदेशी छात्र

थे। अभी इस पाठ्यक्रम को चलते एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था कि कुछ ऐसी परिस्थितियाँ बनीं जिनके फलस्वरूप मंत्रालय ने निर्णय किया कि पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी शिक्षण के कार्य का संचालन केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, आगरा को हस्तांतरित कर दिया जाए और भविष्य में उसका विस्तार भी उन्हीं के अधीन हो। तब केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने इसके विरोध में अपना पक्ष दृढ़तापूर्वक प्रस्तुत किया। लंबे विचार-विमर्श के बाद अंततोगत्वा यह मान लिया गया कि हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम का कार्य सिद्धांततः और व्यवहारतः निदेशालय के ही कार्य-क्षेत्र में आता है, अतः वही इसे संचालित करता रहे।

अगस्त, 68 में तकनीकी और लिपिक वर्गीय स्तर के कुछ पद अस्थायी रूप में स्वीकृत हुए और प्रति वर्ष एक नया पाठ्यक्रम भी शुरू हुआ। सन् 71 तक 'प्रवेश', 'प्रबोध' और 'प्रवीण' पाठ्यक्रमों के सत्र एकाधिक बार चल चुके थे, अतः व्यवस्थागत और शैक्षिक दोनों प्रकार का परीक्षण और अनुभव हो गया; इसलिए यह उचित समझा गया कि इनका पुनरीक्षण विद्वानों की समिति से करवा लिया जाए। पहले उल्लिखित कार्य दल ने भी ऐसा सुझाव दिया था। तदनुसार नवंबर, 71 में पुनरीक्षण समिति ने उपलब्ध पाठ्य-सामग्री, स्टाफ की शैक्षिक योग्यता, सहायक शिक्षण-सामग्री और हिंदी पत्राचार शिक्षण के क्षेत्र विस्तार के बारे में अपने सुझाव दिए। एक कार्य-शिविर आयोजित कर पाठ्य-सामग्री का आद्यंत अपेक्षित संशोधन-परिवर्धन भी किया गया। इसी समिति ने सुझाव दिया कि 'परिचय' और 'प्राज्ञ' पाठ्क्रम शुरू किए जाएँ तथा 'प्रवेश' पाठ्यक्रम को तमिल, मलयालम और बंगला माध्यमों से भी शुरू करने की व्यवस्था की जाए। अब तक के कार्य-विस्तार और भावी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए समिति ने अतिरिक्त स्टाफ के बारे में भी सिफारिश की।

सन् 72 में वित्त मंत्रालय के अमला जाँच एकक ने तब तक की छात्र संख्या (4008) को ध्यान में रखते हुए पत्राचार पाठ्यक्रम के समग्र कार्यकलाप की जाँच की। उन्होंने मूल्यांकन कार्य का मानक निर्धारित किया और अतिरिक्त पदों की श्रेणियाँ और संख्या निर्धारित की।

अमला जाँच एकक के अनुसार दिए गए नए पदों की संख्या का आकलन सन् 72 की तत्कालीन छात्र संख्या को ध्यान में रख कर ही निश्चित किया गया; इसके निर्धारण में भावी कार्यक्रमों को आधार नहीं बनाया गया। इस स्पष्ट उल्लेख के बावजूद भी जब छात्र संख्या काफी बढ़ गई और अनेक नए कार्यक्रम मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन से शुरू किए गए तो स्वाभाविक ही था कि अतिरिक्त पदों और सुविधाओं की आवश्यकता पड़ती। इनकी माँग की गई, किंतु तत्काल उनकी पूर्ति संभव नहीं हो सकी। इससे विभाग को कठिनाइयाँ झेलनी पड़ीं किंतु शैक्षिक स्तर की दृष्टि से निदेशालय की प्रतिष्ठा पर आँच नहीं आने पाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) तथा संसद् के भाषा संकल्प (1968) के संदर्भ में हिंदी की प्रसार-वृद्धि के उपाय सुझाने वाले कार्य दल का निम्नलिखित कथन इसकी पुष्टि करता है—"केंद्रीय हिंदी निदेशालय पत्राचार के माध्यम से हिंदी शिक्षण की एक

अत्यंत उपयोगी योजना कार्यान्वित कर रहा है···योजना का जो वर्तमान कार्य-क्षेत्र है, उसकी तुलना में इसे प्रदत्त वित्त की मात्रा पूर्णतः अपर्याप्त है। पत्राचार पाठ्यक्रम के महत्व और उसकी उपयोगिता को देखते हुए यह सिफारिश की जाती है कि वर्तमान नाभिक का इस तरह विकास किया जाए कि वह अंततोगत्वा पत्राचार संस्थान के रूप में प्रतिफलित होकर सभी क्षेत्रीय भाषाओं और महत्वपूर्ण विदेशी भाषाओं के माध्यम से हिंदी शिक्षण का केंद्र बन सके। जब तक भविष्य के लिए ऐसी योजना का प्रकल्पन किया जाए, तब तक वर्तमान में उपलब्ध धनराशि में वृद्धि कर दी जाए ताकि इस योजना का हित-लाभ अधिकाधिक व्यक्तियों को मिल सके। इस बात पर संतोष व्यक्त किया जाता है कि वर्तमान पाठ्य विवरण के साथ-साथ दृश्य-श्रव्य सुविधा वाले पाठ्यक्रम की भी व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था इस योजना की उपयोगिता का सर्वोत्कृष्ट प्रतीक है।"

पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग को एक स्वतःपूर्ण संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए योजना बनाई गई। संस्थान का स्वरूप 1974 में योजना आयोग के सम्मुख प्रस्तुत किया गया और उसे स्वीकृति भी मिल गई। परंतु उसके कार्यान्वियन के लिए भेजे गए प्रस्ताव की परिणति यह हुई कि वित्त मंत्रालय ने पूरा मंथन करने के बाद यह सुझाव दिया कि अभी और प्रतीक्षा कर ली जाए।

क्षेत्रीय भाषाओं (तमिल, मलयालम और बंगला) के माध्यम वाले पाठ्यक्रमों को आरंभ करते समय इनके लिए इक्के-दुक्के नए पद नाभिकीय स्तर पर मिले अवश्य, पर कुछ ही वर्षों में इन पाठ्यक्रमों की आशातीत सफलता के परिणामस्वरूप छात्रों की संख्या, विशेष रूप से तमिल माध्यम की, जब कई गुना बढ़ गई तो काम और कर्मचारियों में संतुलन बनाए रखने के लिए निरंतर अतिरिक्त स्टाफ की माँग की जाती रही।

अमला जाँच एकक को दुबारा बुलाए जाने में देर होने की संभावना को देखते हुए मंत्रालय से अनुरोध किया गया कि वह अपने आंतरिक कार्य अध्ययन एकक को भेजकर केवल पत्राचार विभाग की ही जाँच करवा ले। कार्य अध्ययन एकक ने जाँच की और यह पाया कि कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के अनुसार वास्तव में स्टाफ की कमी है, तो उसने 34 अतिरिक्त पद मंजूर किए। इन पदों को भरने का जब समय आया तब तक नई भर्ती पर पाबंदी लग चुकी थी। परिणाम यह हुआ कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग के लिए बजट में बढ़ोतरी हो जाने के बावजद आज भी वे पद नहीं भरे जा सके हैं।

इस बीच हैदराबाद स्टाफ कॉलेज ने निदेशालय/आयोग के कार्यकलाप का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट दी। अन्य बातों के साथ-साथ उसने पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग के बारे में जो सिफारिशें कीं, उनका सार यह है कि इसका संचालन एक अकादमिक संस्था के रूप में किया जाना चाहिए। स्टाफ कॉलेज की रिपोर्ट पर विचार करके शिक्षा सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने निर्णय किया कि (1) हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रमों का संचालन निदेशालय ही करता रहे; (2)

भारतीय भाषाओं के माध्यम वाले पाठ्यक्रमों का एक-एक कर मोचन किया जाए तथा इन्हें स्वैच्छिक संस्थाओं को समुचित भौतिक और वित्तीय प्रोत्साहन देकर चलवाया जाए।

इसी प्रसंग में समिति ने यह भी तय किया कि (1) निदेशालय अपने को प्रशासनिक व्यवस्था तथा पाठ्य सामग्री के नियोजन, निर्माण और पुनरीक्षण तक ही सीमित रखे; (2) क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से स्थानीय संसाधकों (रिसोर्स पर्सन) की सहायता लेकर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करवाया जाए; (3) छात्रों की संख्या प्रतिवर्ष पंद्रह हजार तक सीमित रहे; (4) शिक्षण शुल्क भारतीय छात्रों के लिए 20 रु० से 30 रुपए तथा विदेशी विद्यार्थियों के लिए पचास डालर कर दिया जाए; (5) मूल्यांककों और बाहरी मूल्यांकनकर्त्ताओं के लिए क्रमशः पुनश्चर्या पाठ्यक्रम तथा अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएँ; तथा (6) मंत्रालयों के लिए नियत कार्य नियमावली को ध्यान में रखते हुए सरकारी कर्मचारियों वाले पाठ्यक्रम राजभाषा विभाग को सौंप दिए जाएँ।

भारतीय भाषा माध्यम वाले पाठ्यक्रमों का स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं को हस्तांतरण संबंधी उच्चस्तरीय समिति का उपर्युक्त निर्णय निश्चय ही तत्कालीन परिस्थितियों से प्रभावित था। निदेशालय निरंतर माँग कर रहा था कि स्टाफ में वृद्धि की जाए और ऐसा हो नहीं पा रहा था; इसलिए सबसे सरल उपाय यही नजर आया कि इन पाठ्क्रमों को स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं को सौंप दिया जाए।

निर्णयानुसार संबंधित भाषा-प्रदेशों की स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं से संपर्क किया गया और उनसे प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। प्राप्त प्रस्तावों की जाँच करने पर पता चला कि ऐसा करना तो वित्तीय दृष्टि से घाटे का सौदा होगा, क्योंकि इस बहुस्थानी नई व्यवस्था से एक ही प्रयोजन की सिद्धि के लिए भौतिक साधनों और मानव शक्ति पर वर्तमान खर्च के मुकाबले कई गुना अधिक खर्च होगा और समान शैक्षिक मानक भी सुनिश्चित नहीं हो सकेगा। ऐसी स्थिति में मूल्यांकन समिति की सिफारिश पर प्रादेशिक भाषाओं के माध्यम वाले पाठ्यक्रम निदेशालय में ही बने रहे।

शिक्षण-शुल्क संबंधी निर्णय के बारे में भी पुनर्विचार कर आंशिक परिवर्तन किया गया। पुनर्विचार की आवश्यकता इसलिए पड़ी की जब एक झटके में फीस दुगनी-तिगुनी कर दी गई थी तो छात्रों की संख्या काफी घट गई और विरोधस्वरूप अनेक प्रतिवेदन प्राप्त हुए। फलस्वरूप भारतीय छात्रों के लिए तो तीस रुपए वार्षिक फीस ही रखी गई, किंतु विदेशी छात्रों के लिए पचास के स्थान पर तीस डालर कर दिए गए। आरंभ में यह फीस पंद्रह डालर थी।

गृह मंत्रालय के पाठ्यक्रमों को हिंदी शिक्षण योजना को सौंप देने के बारे में भी पत्र व्यवहार हुआ। गृह मंत्रालय ने इन पाठ्यक्रमों को ले लेने की उत्सुकता नही दिखाई और पूर्ववत् ही निदेशालय का सहयोग माँगा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस तरह सरकारी कर्मचारियों के

कुछ विशेष वर्गों के लिए अब भी निदेशालय ही पत्राचार के माध्यम से प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ के पाठ्यक्रम चला रहा है ।

हैदराबाद स्टाफ कॉलेज की रिपोर्ट पर उच्चस्तरीय समिति द्वारा निर्णय ले लिए जाने के बाद यह उचित समझा गया कि पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग के कार्यों का एक अलग समिति द्वारा मूल्यांकन करवा लिया जाए । इसके लिए एक पुनरीक्षण समिति गठित की गई, जिसमें विश्वविद्यालयों के पत्राचार निदेशालयों के निदेशक और भाषाविज्ञानी सदस्य बनाए गए । संयोगवश उन्हीं दिनों निदेशालय के समस्त कार्यकलाप की समीक्षा मूल्यांकन समिति कर रही थी । अतः यह उचित समझा गया कि इस मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष और एक सदस्य को पुनरीक्षण समिति की बैठकों में प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया जाए, ताकि दोनों समितियों की पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग संबंधी सिफारिशों में तालमेल रहे ।

पुनरीक्षण समिति की निर्णायक बैठक का कार्यवृत्त मूल्यांकन समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया । इस प्रकार इस मूल्यांकन समिति ने विभाग द्वारा प्रस्तुत सूचनाओं, पुनरीक्षण समिति की सिफारिशों और सन् 1974 में योजना आयोग द्वारा स्वीकृत संस्थान के स्वरूप का अध्ययन करके अपनी विस्तृत रिपोर्ट में पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग के बारे में जो सिफारिशें कीं, उनका सार इस प्रकार है :

(1) 'प्रवेश' और 'परिचय' पाठ्यक्रमों के स्तर का निर्धारण क्रमशः विश्वविद्यालयों, अन्य भाषा-संस्थाओं और रक्षा मंत्रालय के विदेशी भाषा स्कूल के प्रवीणता बोधक 'सर्टिफिकेट' तथा 'डिप्लोमा' पाठ्यक्रम के समकक्ष किया जाए;

(2) इन पाठ्यक्रमों की अवधि दो-दो वर्ष की ही रहे;

(3) एक वर्ष का 'एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम' भी चलाया जाए । इस पाठ्यक्रम में प्रयोजनमूलक हिंदी तथा भारतीय संस्कृति से संबंधित पाठ्यसामग्री रखी जाए;

(4) यदि आवश्यकता हो तो सरकारी कार्यालयों के अतिरिक्त अन्य सार्वजनिक निकायों आदि के लिए आवश्यकतानुसार मिश्रित पाठ्यक्रम तैयार किए जाएँ;

(5) भारतीय भाषाओं के माध्यम से चलने वाले पाठ्यक्रमों की व्यवस्था निदेशालय ही करता रहे । इन्हें स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं को न सौंपा जाए;

(6) तमिल, मलयालम और बंगला के अलावा अन्य प्रमुख प्रादेशिक भाषाओं को भी हिंदी शिक्षण के माध्यम के रूप में क्रमशः अपनाया जाए;

(7) अन्य विदेशी भाषाओं के माध्यम के रूप में अपनाने से पहले इस बात का सर्वेक्षण कर लिया जाए कि किन-किन विदेशी भाषाओं के माध्यम से हिंदी शिक्षण की माँग अधिक है;

(8) विदेशों में रहने वाले विद्यार्थियों से पचास डालर फीस के स्थान पर तीस डालर फीस ली जाए;

(9) पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग में जिन भाषाओं के लिए मूल्यांककों की संख्या पर्याप्त नहीं है, उनके लिए विभागीय कार्यकर्त्ताओं के अतिरिक्त अन्य विशेषज्ञों से भी मानदेय के आधार पर मूल्यांकन कराने की व्यवस्था यथापूर्व चलती रहे;

(10) बाहरी मूल्यांकनकर्त्ताओं के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएँ;

(11) वर्तमान परीक्षा पद्धति में निम्नलिखित परिवर्तन किए जाएँ :—

(क) जो विद्यार्थी द्विवार्षिक परीक्षा में बैठें, उन्हें दिए जाने वाले प्रमाणपत्रों में श्रेणी का उल्लेख हो;

(ख) जो विद्यार्थी द्विवार्षिक परीक्षा में न बैठें, पर आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर उत्तीर्ण होने के योग्य माने जाएँ, उन्हें एक अलग प्रकार का प्रमाण-पत्र दिया जाए, जिसमें यह उल्लेख हो कि उन्होंने परीक्षा में बैठे बिना पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है;

(12) आनुषंगिक पाठ्यसामग्री के लिए पुस्तकें सामान्यतः बाजार से न खरीदी जाएँ, वरन् निदेशालय ही यथासंभव नियोजित लेखन (कमीशंड राइटिंग) के रूप में इस प्रकार की सामग्री तैयार कराए;

(13) यदि विद्यार्थियों की संख्या पर्याप्त हो तो विदेशों में भी संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ;

(14) हिंदी रिकार्डों के कैसेट भी प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराए जाएँ;

(15) इस संदर्भ में आवश्यकतानुसार 'मल्टीपल कापी लाइब्रेरी' तथा अध्ययन केंद्रों की स्थापना करना भी उपयोगी होगा;

(16) व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों तथा परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों को रेल टिकटों पर छूट दिलाने के लिए रेलवे विभाग से संपर्क किया जाए;

(17) निदेशालय के वर्तमान पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग को निश्चित सोपानों में एक स्वतः पूर्ण संस्थान के रूप में, निदेशालय के तंत्र के अंतर्गत ही शीघ्र परिवर्तित कर दिया जाए।

इन सिफारिशों के साथ ही मूल्यांकन समिति ने प्रस्तावित 'हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम संस्थान'

के स्वरूप और उसके शैक्षिक, तकनीकी तथा प्रशासनिक स्कंधों के लिए आवश्यक पदनामों और उनके वेतनमानों का भी ब्यौरा दिया।

मूल्यांकन समिति की इन सिफारिशों पर राष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञ समिति ने विचार किया। तत्कालीन शिक्षा राज्य मंत्री के स्तर पर सितंबर, 82 में जो सिफारिशें अनुमोदित हुईं, उनमें से पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग से संबंधित सिफारिशों का सार इस प्रकार है :—

(1) पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग केंद्रीय हिंदी निदेशालय का ही अंग बना रहे। हाँ, मूल्यांकन समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए उसका पुनर्गठन किया जाए ;

(2) पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग के साथ स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं के सहयोग की संभावनाओं का पता लगाया जाए ;

(3) विद्यार्थियों से संपर्क बना रहे, इसके लिए विविध विषयों पर रुचिकर और अधिक्रमित पुस्तकें तैयार करवाई जाएँ।

इनके अतिरिक्त अकादमिक संगठन के स्तर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतनमान लागू करने संबंधी सिफारिश पर यह निर्णय हुआ कि इसे वित्त मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से परामर्श करके लागू किया जाए।

7.15 निष्कर्ष

पिछले पृष्ठों पर पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग की वर्तमान योजनाओं का जो विवरण प्रस्तुत किया गया है और उसके विकास को ऐतिहासिक संदर्भों में देखने का जो प्रयत्न किया गया है, उससे यह निष्कर्ष निकलता है कि यह कार्यक्रम निदेशालय का एक अत्यंत प्रतिष्ठादायक कार्यक्रम है। अनेक कठिनाइयों और सीमित साधनों के बावजूद सरकारी तंत्र में इसने देश और विदेश में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए वैज्ञानिक पद्धति पर महत्वपूर्ण योगदान देकर यश अर्जित किया है। आरंभ में एक हजार विद्यार्थियों से शुरू कर इक्कीस हजार की सीमा को छूते हुए अब प्रतिवर्ष पंद्रह हजार के आसपास हिंदीतर भाषी और विदेशी छात्रों को व्यावसायिक अभिप्रेरण से मुक्त स्वेच्छापूर्वक अपनाए गए हिंदी पाठ्यक्रमों की ओर आकृष्ट करना कोई सरल काम नहीं है। पत्राचार के माध्यम से द्वितीय भाषा-शिक्षण का विश्वविद्यालय जैसे विराट स्तर का इतना व्यापक आयोजन कदाचित् देश और विदेश में अपने ढंग का पहला और अनोखा उदाहरण है।

7.16 भावी कार्यक्रम

देश और विदेश में आधुनिक भाषावैज्ञानिक पद्धति पर जितने भी द्वितीय भाषा-शिक्षण के पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों या संस्थानों द्वारा चलाए जा रहे हैं, वे सभी प्रायः त्रिस्तरीय हैं। इसलिए निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे हिंदी पाठ्यक्रमों के बारे में भी मूल्यांकन समिति ने सिफारिश की कि इन्हें भी तदनुसार परिवर्तित किया जाए।

वर्तमान समय में चल रहे 'प्रवेश' और 'परिचय' पाठ्यक्रमों के स्थान पर भविष्य में एक-एक वर्ष के प्रवीणता बोधक प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट), सनद (डिप्लोमा) और उच्च सनद (एडवांस डिप्लोमा) पाठ्यक्रम शुरू किए जाने हैं। 'प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम' की तैयारियाँ हो चुकी हैं और आशा है, आगामी जुलाई, 86 के सत्र से इसे चालू कर दिया जाएगा। फिर एक-एक वर्ष के बाद क्रमश: सनद और उच्च सनद पाठ्यक्रम शुरू किए जाएँगे। तब तक 'परिचय' पाठ्यक्रम चलता रहेगा।

इन तीनों पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालयों और विदेशी भाषा संस्थानों के भाषा-पाठ्यक्रमों के समकक्ष मान्यता दिलवाने का प्रयत्न किया जाएगा।

अब तक अंग्रेजी, तमिल, मलयालम और बंगला माध्यमों से सामान्य पाठ्यक्रम चल रहे हैं। अगले सत्र से तेलुगु माध्यम को भी अपनाए जाने का प्रस्ताव है।

भविष्य में इस बात का प्रयत्न किया जाएगा कि अन्य महत्वपूर्ण भारतीय भाषाओं को भी क्रमश: माध्यम के रूप में अपनाया जा सके।

विदेशी भाषाओं में अंग्रेजी के बाद अरबी या स्पेनी को माध्यम बनाए जाने की संभावना है।

सार्वजनिक निकायों आदि के लिए विशेष मिश्रित पाठ्यक्रम चलाए जाने हैं। प्रारंभ में इंजीनियरी, पत्रकारिता, बैंकिंग और लेखा पद्धति, पराचिकित्सा (नर्सों आदि के लिए) आदि विषयों से संबंधित पाठ्यक्रम बनाने का प्रस्ताव है।

अध्ययन-केंद्रों और एकाधिक प्रति पुस्तकालय (मल्टीपल कापी लाइब्रेरी) के बारे में मंत्रालय को प्रस्ताव विचारार्थ भेजा जा चुका है। निर्णय के बाद इन अध्ययन केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

7.17 विभाग के प्रकाशन

पाठमालाओं, पाठ्य-सामग्री, विविध पाठ्यक्रमों के व्याकरणों को छोड़कर विभाग ने जो महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित की हैं, उनका विवरण इस प्रकार है :—

7.17.1 विदेशियों के लिए हिंदी प्राइमर (हिंदी प्राइमर फॉर फारेनर्ज)

भारत आने वाले अंग्रेजी भाषी विदेशी सैलानियों, विद्यार्थियों और पर्यटकों की व्यावहारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 'हिंदी पाठमाला' तैयार की गई है। पाठमाला चार भागों में विभाजित है, पर एक ही जिल्द में प्रकाशित की गई है। भाग 1 और 2 आरंभिक विद्यार्थियों के लिए हैं, जिनमें स्थितिजन्य विषयों को वार्तालाप शैली में प्रस्तुत किया गया है और पाठों के अंत में सांस्कृतिक टिप्पणियाँ दी गई हैं। तीसरा खंड उन माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने भाषा के चारों कौशलों पर अधिकार कर लिया हो। इस खंड में छोटे-छोटे गद्य पाठ और व्याकरणिक

टिप्पणियाँ दी गई हैं। बोधन-परीक्षण के लिए प्रत्येक पाठ के अंत में प्रश्न-माला दी गई है। चौथे खंड का उद्देश्य विद्यार्थी को हिंदी साहित्य में प्रवेश कराना है। इसमें गद्य और पद्य दोनों के पाठ हैं।

यह पाठमाला 'निर्देशित अनुकरण' (गाइडेड इमिटेशन) पद्धति से तैयार की गई है। इसका उपयोग कक्षा-अध्यापन और स्वयं-शिक्षक दोनों रूपों में किया जा सकता है। यह योजना 1962 से शुरू हुई थी। इसके संपादन का भार क० मुं० हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, आगरा के तत्कालीन प्रोफेसर डा० रमानाथ सहाय की देखरेख में हुआ था। पुस्तक का प्रकाशन सन् 74 में निदेशालय के प० पा० विभाग ने किया। पुस्तक का मूल्य (देश में) 50·50 रु० और (विदेश में) 5.89 पाउंड या 18.18 डालर है। तीन हजार प्रतियाँ प्रकाशित हुई थीं जो अब समाप्त प्राय हैं।

7.17.2 देवनागरी लिपि अभ्यास-पुस्तक (डेस्क बुक ऑन देवनागरी स्क्रिप्ट)

हिंदी प्राइमर परियोजना के अंतर्गत ही चार खंडों वाली 'हिंदी प्राइमर' की सहायक पुस्तक के रूप में इसका निर्माण किया गया। यह पुस्तक भी अंग्रेजी माध्यम से है और इसमें देवनागरी लेखन विधि को तीरों और बिंदुओं से दर्शाया गया है, तथा लेखन-अभ्यास के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ा गया है। वर्णों को आकार-सादृश्य और लेखन सुविधा के क्रम में व्यवस्थित किया गया है। निदेशालय के पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक का संपादन भी डा० रमानाथ सहाय ने किया है। पुस्तक 1974 में प्रकाशित हुई और इसका मूल्य (भारत में) 7.25 रु० और (विदेश में) 0.85 पाउंड या 2.61 डालर है।

7.17.3 हिंदी रिकार्ड

डाक द्वारा हिंदी सिखाने के साथ-साथ विभाग ने भाषावैज्ञानिक और शिक्षाशास्त्रीय पद्धति पर हिंदी-शिक्षण संबंधी दृश्य-श्रव्य सामग्री तैयार करने का काम भी हाथ में लिया। पत्राचार के विद्यार्थियों के लिए सहायक शिक्षण-सामग्री के रूप में या लिंगुआ फोन पद्धति से हिंदी सीखने वाले देशी या विदेशी व्यक्तियों के लिए विभाग ने अंग्रेजी माध्यम वाला हिंदी रिकार्डों का पहला संस्करण सन् 76 में प्रकाशित किया। दूसरा संशोधित संस्करण सन् 81 में निकला। इस संशोधित अंग्रेजी संस्करण के साथ-साथ तमिल और मलयालम भाष्य (कमेंट्री) वाले रिकार्ड भी तैयार किए गए।

रिकार्डों के एक समुच्चय (सैट) में 16 तवे (डिस्क) हैं और उनमें 32 पाठ हैं। आरंभिक आठ पाठ हिंदी उच्चारण से संबंधित हैं। अगले 16 पाठों में व्याकरणिक क्रम में वाक्य/पदबंध अभिरचना सिखाई गई है। शेष आठ पाठ स्थितिजन्य वार्तालाप के हैं, जिनसे हिंदी का सही और सहज बोलचाल वाला रूप सीखा जा सकता है। तीनों माध्यमों वाले रिकार्डों के साथ पठन-पुस्तिका भी है।

रिकार्ड ग्रामोफोन कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के एच०एम०वी० रिकार्डिंग स्टूडियो, दिल्ली में तैयार हुए हैं। प्रत्येक सैट का रियायती मूल्य 120 रु० है।

7.17.4 हिंदी कैसेट

हिंदी रिकार्डों के आधार पर ही चारों माध्यमों (अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, बंगला) वाले हिंदी कैसेट भी तैयार किए जा चुके हैं। दो कैसेटों में प्रत्येक माध्यम की शिक्षण-सामग्री संकलित है। प्रत्येक कैसेट का मूल्य 30 रु० है।

7.17.5 द्विभाषी वार्तालाप पुस्तिकाएँ

विभाग ने अंग्रेजी-हिंदी, हिंदी-अंग्रेजी और तमिल-हिंदी वार्तालाप पुस्तिकाएँ पहले ही प्रकाशित कर दी थीं। वर्ष 85-66 में हिंदी-बंगला वार्तालाप पुस्तिका भी प्रकाशित हो गई है। इस पूरी योजना का विस्तृत विवरण निदेशालय की प्रकाशन योजनाओं के अंतर्गत अन्यत्र दिया गया है।

अध्याय 8

बिक्री और बिक्री-वर्धन

केंद्रीय हिंदी निदेशालय में निदेशालय तथा आयोग के प्रकाशनों की बिक्री की व्यवस्था सन् 66 में शुरू की गई। इससे पूर्व सभी प्रकाशनों की बिक्री सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्य कर रहे प्रकाशन प्रभाग की बिक्री शाखा के द्वारा ही होती थी। व्यवस्था यह थी कि निदेशालय/आयोग के प्रकाशनों की जितनी प्रतियाँ निःशुल्क वितरण के लिए निर्धारित होती थीं, वे निदेशालय/आयोग में प्राप्त हो जाती थीं; शेष बिक्री-शाखा को चली जाती थीं। बिक्री से हुई आय का लेखा-जोखा उन्हीं के यहाँ रहता था। आवधिक पत्रिकाओं के ग्राहक वहीं बनाए जाते थे और चंदा भी उन्हीं के पते पर भेजा जाता था। ग्राहकों को नियमित प्रेषण का दायित्व उन्हीं पर था।

